प्रधान सम्पादक

प्रो० रामचन्द्र पाण्डेय

अध्यक्षचर ज्योतिष विभाग, पूर्वसंकाय प्रमुख-सं.वि.ध.वि.संकाय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-5

सम्पादक एवं गणितकर्त्ता

प्रो० देवीप्रसाद त्रिपाठी (अवैतनिक)

कुलपति, उत्तराखण्ड् संस्कृत विश्वविद्यालय

हरिद्वार, उत्तराखण्ड्

प्रबन्ध सम्पादक

प्रो० मीनाक्षी मिश्र

(अवैतनिक)

आचार्या, शिक्षाशास्त्र विभाग

श्री ला. ब. शा. रा. संस्कृत विद्यापीठ

नई दिल्ली-110016

सहसम्पादक

डॉ० अशोक थपलियाल

(अवैतनिक)

सहाचार्य एवं अध्यक्ष, वास्तुशास्त्र विभाग

श्री ला. ब. शा. रा. संस्कृत विद्यापीठ

नई दिल्ली-110016

प्रकाशन सहायक- डॉ.प्रवेशव्यास, डॉ.देशबन्धु (अवैतनिक)

सम्पादन सहयोग- मृत्युञ्जय त्रिपाठी, भगवतीप्रसाद त्रिपाठी, डॉ. योगेन्द्रकुमार शर्मा, डॉ.दीपक वशिष्ठ, डॉ.नवीन पाण्डेय,अव्यक्त रैणा,अश्वनीकुमार

प्रकाशक

नैसर्गिक शोध संस्था, दिल्ली इकाई,

RZG- 271, पालम कॉलोनी नई दिल्ली-77

मुख्य कार्यालय

नैसर्गिक शोध संस्था

38 मानस नगर कालोनी, वाराणसी-5

प्रकाशन वर्ष - 2020 ई., **पुष्प** - षष्ठ **मूल्य** - रु. 70/-

पंचांग परिचय

अक्षांश 28°39° N, रेखांश 77°12°E, पलभा 06°33°

भारतवर्ष में सम्प्रति विभिन्न पद्धतियों से पंचांग निर्माण होता है। इनमें तिथ्यादि के मानों में विसंगति के कारण व्रत पर्वोत्सव में भी विसंगतियां दृष्टिगोचर होती हैं। इस विषय में ध्यातव्य है कि हमारे ऋषि-महर्षियों एवं आचार्यों ने सदैव ही दृक्तुल्य गणित का समर्थन किया है। ऋषि वसिष्ठ का कथन है कि -

यस्मिन् पक्षे यत्र काले येन दृग्गणितैक्यकम्।
दृश्यते तेन पक्षेण कुर्यात्तिथ्यादिनिर्णयम्॥

इसी प्रकार प्रसिद्ध आर्षग्रन्थ सूर्यसिद्धान्त कालभेदानुसार गणित में अन्तर को - **युगानां परिवर्तनेन कालभेदोऽत्र केवलः** कहकर दृक्तुल्यता का ही समर्थन करता है। यथा -

तत्तद्गतिवशान्नित्यं यथा दृक्तुल्यतां ग्रहाः।
प्रयान्ति तत्प्रवक्ष्यामि स्फुटीकरणमादरात्॥

एवमेव भास्कराचार्य द्वितीय, आचार्य गणेश दैवज्ञ आदि प्रायः सभी सिद्धान्त ज्योतिष के महान आचार्य दृक्तुल्य गणित को ही विवाहादि संस्कारों तथा व्रत-पर्वोत्सवादि कार्यों के लिए आवश्यक मानते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए यह पंचांग दृक्तुल्य चित्रापक्षीय केतकीय ग्रहगणितीय पद्धति पर दिल्ली के अक्षांश एवं रेखांश के अनुसार निर्मित है।

इस पंचांग में तिथि, नक्षत्र, योग और करण के आगे निर्दिष्ट घटी व पल तत्सम्बन्धी तिथ्यादि के सूर्योदय के बाद की स्थिति को बताता है। इसी प्रकार तिथि व नक्षत्र के घटी पल के आगे निर्दिष्ट घण्टा मिनट उसके समाप्ति काल को प्रदर्शित करता है। इस पंचांग में प्रयुक्त घण्टा व मिनट मान भारतीय स्टैण्डर्ड समय अर्थात् रेडियो टाइम के अनुसार दिये गये हैं। अतः इस पंचांग के समय को भारत में अपनी घडी के अनुरूप मिलाकर समय का अनुपालन कर सकते हैं। इस पंचांग में दिए गए मान यथासम्भव विशुद्ध देने के प्रयास किए गए हैं। फिर भी यान्त्रिकीय एवं मानवीय त्रुटियाँ स्वाभाविक हैं। अतः पाठकों से नम्र निवेदन है कि वे त्रुटियों पर ध्यान न देते हुए पंचांग के उपयोगी तथ्यों को ग्रहण करेंगे। यतः -

गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः॥ - सम्पादक

विषय सूची

मंगल वाक्

॥श्रीमन्महागणाधिपतये नमः॥

आदिदेव नमस्तुभ्यं प्रसीद मम भास्कर।
दिवाकर नमस्तुभ्यं प्रभाकर नमोऽस्तुते॥

सर्वविद्या की राजधानी के अधिष्ठाता एवं सभी विद्याओं के गुरु बाबा विश्वनाथ के अनुग्रह से नैसर्गिक शोध संस्था के प्रारम्भिक उद्देश्यों में से चिरप्रतीक्षित पंचांग प्रकाशन का संकल्प साकार हुआ। इस महनीय अवसर पर मैं संस्था से जुडे सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूँ। पंचांग प्रकाशन की यह एक महत्वाकांक्षी योजना संस्था के चारों केन्द्रों से प्रारम्भ करने की थी, किन्तु संसाधनों के अभाव तथा अन्य अनेक व्यवधानों के कारण प्रकाशन प्रारम्भ नहीं हो सका था। आज से कुछ वर्ष पूर्व प्रवासी भारतीय जो ट्रिनीडाड एवं टुबैको के नागरिक हो चुके हैं, उनकी आस्था और जिज्ञासा को देखते हुए ट्रिनीडाड के अक्षांश से एक सम्पूर्ण पंचांग का निर्माण एवं प्रकाशन काशिका ट्रिनीडाड पंचांग के नाम से संस्था के वाराणसी केन्द्र से किया गया था। वहाँ के प्रधानमन्त्री के काशी आगमन पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के तत्कालीन यशस्वी कुलपति प्रो.(डॉ.) हरिगौतम ने अपने आवास पर उन्हें उक्त पंचांग की प्रति समर्पित की थी। ट्रिनीडाड में भी प्रधानमन्त्री महोदय ने एक समारोह में उसका लोकार्पण किया था। दो वर्षों तक काशी से प्रकाशन करने के उपरान्त इसका प्रकाशन, कलेवर परिवर्तन के साथ ट्रिनीडाड से होने लगा। भारतीय विधि से यह प्रयोग भारत से बाहर किसी अन्य देश के लिए प्रथम बार किया गया था, जो सफल एवं प्रशंसित रहा है।

तत्पश्चात् विगत वर्षों से पुनः पंचांग प्रकाशन की योजना पर विचार विमर्श चल रहा था, किन्तु पूर्व संकल्प के अनुसार इसे संस्था के चारों केन्द्रों से एक साथ प्रारम्भ करने में अत्यधिक धन की आवश्यकता पड रही थी। अतः अर्थसंकट को देखते हुए इस कार्य को चरणबद्ध ढंग से करने का निश्चय किया गया। संस्था ने यह निर्णय लिया कि सर्वप्रथम इस पंचांग का शुभारम्भ देश की राजधानी से किया जाय। कुछ आवश्यक संस्कारों द्वारा अन्य केन्द्रों में भी इसी पंचांग का उपयोग तब तक किया जाय जब तक अन्य केन्द्रों से प्रकाशन प्रारम्भ न हो जाय। अतः सर्वसम्मति से इस पंचांग निर्माण का दायित्व दिल्ली केन्द्र के सचिव प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी को दिया गया। प्रो. त्रिपाठी ने मनोयोग से इस कार्य को सम्पन्न किया। फलस्वरूप आज यह पंचांग अपने पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष का अनुभव कर रहा हूँ।

भारतीय पद्धति से दृक्तुल्य पंचांग का निर्माण एवं प्रकाशन भी संस्था का मुख्य उद्देश्य रहा है। भारतीय दैवज्ञों के सिद्धान्तों का सदैव मैं आदर करता रहा हूँ। इसीलिए आचार्यो के निर्देशानुसार सूर्यसिद्धान्त में अपेक्षित परिष्कारों के साथ उसी सिद्धान्त के अनुसरण का पक्षपाती रहा हूँ। मुझे प्रसन्नता है कि सूर्यसिद्धान्त के परिष्कार सम्बन्धी अनुसन्धान में कई युवा विद्वान कार्यरत हैं। इसी बीच भारतीय शुद्ध पंचांगों की आवश्यकता को देखते हुए आचार्य गणेशदैवज्ञ एवं आचार्य केतकर के मार्गो का अनुसरण करते हुए दृक् तुल्य पंचांग का प्रयास किया गया। आशा है कि पाठकगण इस प्रयास का स्वागत करेंगे। पाठकों की सन्तुष्टि ही संस्था के लिए रसायन होगी।

सर्व साधारण की सुविधा की दृष्टि से तिथि नक्षत्रादि के मान घटी पल के साथ साथ भारतीय मानक समयानुसार दिये गये हैं। दैनिक लग्नसारिणी भी मानक समयानुसार ही दी गई है। व्यावहारिक सरलता को ध्यान में रखते हुए अगले अंक से संस्था के अन्य केन्द्रों के अक्षांशानुसार लग्न समाप्ति काल जानने के लिए एक पृथक् से सारिणी देने की योजना है। इस प्रकार समय समय पर आवश्यकतानुसार संशोधन एवं संवर्धन भी किया जायेगा। संस्था न हानि न लाभ की दृष्टि से केवल भारतीय विद्याओं के प्रसार एवं संवर्धन हेतु कार्य करती है। व्यावहारिक दृष्टि से कुछ त्रुटियां भी सम्भव हैं। अतः प्रबुद्ध पाठकगण उनका मार्जन करते हुए संस्था को अवगत कराने का कष्ट करेंगे ताकि अग्रिम अंकों में उनका समुचित समाधान किया जा सके। सहयोग हेतु संस्था सदैव आभारी रहेगी।

मैं इस दुरूह तथा श्रमसाध्य कार्य के लिए प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी को साधुवाद देता हूँ जिन्होंने संस्था के लिए निःस्वार्थभाव से अपने व्यस्त क्षणों से समय निकाला तथा इस कार्य को पूर्णता तक पहुंचाया। साथ ही संस्था के सभी सदस्यों एवं सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिनका सहयोग सदैव संस्था को सुलभ रहता है। अन्त में संस्था की ओर से आगामी भारतीय नववर्ष की हार्दिक शुभकामनायें। नववर्ष देश एवं देशवासियों के लिए सभी प्रकार से सुख एवं सम्मान में वृद्धिकारक हो। जय भारत।

नववर्षं वर्षतु हर्षरसम्

शिवरात्रि, सं २०७६ — **रामचन्द्रपाण्डेय**
नैसर्गिक शोध संस्था, वाराणसी — **प्रधान सम्पादक**

संवत्सरादिफलम् 2020-21 ई.

कलियुगाब्द	५१२१	ईसवी सन्	२०२०-२१
फसली	१४२७-२८	शालिवाहन शक	१९४२
हिजरी	१४४१-४२	विक्रम संवत्	२०७७
सप्तर्षिसंवत्	५०९६	महावीरजैननिर्वाणसंवत्	२५४५-४६
श्रीबुद्धसंवत्	२६४३-४४	भारतीय गणराज्यवर्ष	७०-७१

वर्षादिकृत्य -

अब्दादौ प्रातरुत्थाय दन्तधावनपूर्वकम् ।

स्नानं सन्ध्याविधिं कृत्वा वर्णाचारक्रमेण तु ॥

अब्दादौ मित्रसंयुक्तो मङ्लस्नानमाचरेत् ।

वस्त्रैराभरणैर्देहमलङ्कृत्य ततश्शुचिः ॥

अब्दादौ ग्रहपूजाञ्च पूजाञ्च चिरजीविनाम् ।

मिष्टान्नेन द्विजान् बन्धून् पितश्न् सन्तर्पयेत्ततः ॥

वर्षारम्भ के दिन प्रातःकाल में दन्तधावनादि कार्योपरान्त मंगलस्नान करके सन्ध्यादि कृत्य पूरा करने के बाद नववस्त्र धारण करके ग्रहादि का पूजन करना चाहिए । साथ ही बन्धुजन, ब्राहम्ण और पितरों को मिष्ठान्नादि से संतश्प्त करना चाहिए ।

प्राप्ते नूतनवत्सरे प्रतिगश्हे कुर्याद्ध्वजारोपणम् ।

स्नानं मङ्लमाचरेद् द्विजवरैः सार्धं सुपूजोत्सवम् ॥

देवानां गुरुयोषिताञ्च विभवालङ्कारवस्त्रादिभिः ।

सम्पूज्यो गणकः फलञ्च श्रृणुयात्तस्माच्च लाभप्रदम् ॥

परिभद्रस्य पत्राणि कोमलानि विशेषतः ।

सुपुष्पाणि समानीय चूर्णं कृत्वा विधानतः ॥

मरीचिर्लवणं हिंगुजीरकेण च संयुतम् ।

अजमोदयुतं कृत्वा भक्षयेद् रोगशान्तये ॥

यद् वर्षादौ निम्बसुमं शर्कराम्लघृतैर्युतम् ।

भक्षितं पूर्वयामे स्यात् तद्वर्षं सौख्यदायकम् ॥

संवत्सरादि फल श्रवण का माहात्म्य-

राज्यं स्यादचलं नश्पश्रवणतो मन्त्रीश्रवात् कौशलम् ।

धान्येशात् कमला स्थिरा च सुरसा वाणी भवेन्मेघपात् ॥

धर्मे बुद्धिरधिष्ठता रसपतेर्दीर्घायुषत्वं भवेत् ।

सस्येशाद् विमला मतिः शुभकरी वर्षावली श्रूयताम् ॥

वर्षारम्भ में संवत्सर के राजा का फल सुनने से राज्य स्थिर होता है । मंत्री का फल सुनने से कुशलता बढ़ती है। धान्येश का फल श्रवण से लक्ष्मी स्थिर होती है। मेघपति का फल सुनने से वाणी रम्या होती है। रसपति के फल श्रवण से दीर्घायु मिलती है। अतः शुभ एवं कल्याणकारी वत्सरावली का श्रवण करना चाहिए।

संवत्सरादि फलश्रवणविधि-

उदङ्मुखः प्राङ्मुखो वा दैवज्ञस्य तु सन्निधौ ।

विघ्नेशं भारतीं खेटान् दैवज्ञं ब्राह्मणान् गुरून् ॥

सम्पूज्य वत्सरफलं साङ्गोपाङ्गं यथाक्रमम् ।

विकासवदनो भूत्वा ब्रह्मणो जन्मतः फलम् ॥

अब्दाधीशचमूनाथसस्यापानां बलाबले।

तत्कालग्रहचारांश्च सम्यक् ज्ञात्वा फलं लभेत्॥

दैवज्ञ के समीप में पूर्वमुख यां उत्तरमुख होकर गणेश,सरस्वती,नवग्रह,गुरू,ब्राह्मण आदि का पूजन करके सांगोपांग वर्ष का फल सुनना चाहिए।

ब्रह्मायुर्निरूपणम् - श्रीमद्भगवतो विष्णोः नाभिकमलोद्भवस्य ब्रह्मणो ब्राह्ममानेन परमायुः १०० वर्षाणि। ३११०४०००००००००० सौरवर्षाणि ब्रह्मणः परमायुः। ब्रह्मणः जन्मादिगतसौरवर्षाणि १५५५२१९७२९४९१२१ कल्पादितः गतसौरवर्षाणि १९७२९४९१२१ सृष्ट्यादितः गतवर्षाणि १९५५८८५१२१ अथ ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे

सप्तविंशतिमहायुगानि व्यतीतानि। अष्टाविंशमहायुगस्य च कृतत्रेताद्वापराख्ययुगचरणत्रयं व्यतीतम्। कृतयुगवर्णनम् ख्र कार्तिकशुक्लनवम्यां प्रथमयामे श्रवणनक्षत्रे वशद्धियोगे कृतयुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् १७२८००० सौरवर्षाणि। अस्मिन् युगे श्रीविष्णोः मत्स्यकच्छपवाराहनशसिंहाः चत्वारोऽवताराः । तत्र पापम् ० पुण्यम् २० । त्रेतायुगवर्णनम्– वैशाखशुक्लतशतीयायां द्वितीययामे रोहिणीनक्षत्रे शोभनयोगे त्रेतायुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् १२९६००० सौरवर्षाणि। अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः वामनपरशुरामरामास्त्रयोवताराः। तत्र पापम् ५ पुण्यम् १५ । द्वापरयुगवर्णनम् – माघकृष्णामावस्यायां तशतीययामे धनिष्ठानक्षत्रे वरीयानयोगे द्वापरयुगोत्पत्तिः। सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् ८६४००० सौरवर्षाणि। अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः श्रीकृष्णबलरामावतारौ, तत्र पापम् १० पुण्यम् १० । कलियुगवर्णनम् – भाद्रपदकृष्णत्रयोदश्यां निशीथे कृत्तिकानक्षत्रे व्यतीपीतयोगे कलियुगोत्पत्तिः,सन्ध्यासन्ध्यांशसहितं तन्मानम् ४,३२,००० सौरवर्षाणि । अस्मिन्युगे श्रीविष्णोः बुद्धाऽवतारोऽभवत्। कलियुगस्य ८२१ वर्षावशेषकाले कल्क्यवतारो भविष्यति । तत्र पापम् १५ पुण्यम् ५ । सम्प्रति कलेः ५१२० सौरवर्षाणि गतानि। भोग्यवर्षाणि ४२६८८० कलिसम्वत् ५१२१ । बार्हस्पत्यवर्षफलम् – तत्र बार्हस्पत्यमानेन प्रभवादिषष्ट्यब्दानां मध्ये चैत्रशुक्लप्रतिपदि प्रमादी नाम संवत्सरः। तस्य गतमासादयः १०/०९/५२ /३१ , भोग्यमासादयः ०१/२०/०७ /२९। तत्र मतान्तरेण आनन्दनाम संवत्सरः। तस्य मेषार्कसमये गतमासादयः ००/२६/५२/४७ भोग्यमासादयः ११/०३/०७/१३ ।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को प्रमादी संवत्सर है । वर्षारम्भ में होने के कारण वर्षान्तपर्यन्त प्रमादी संवत्सर का प्रयोग संकल्पादि में किया जाएगा । प्रमादी संवत्सर का फल इस प्रकार है–

निष्पत्ति सर्वसस्यानां रसानां च महर्घता ।

सुभिक्षं च तथा सौख्यं प्रमादीनि न संशयः ॥

अर्थात् प्रमादी संवत्सर में सभी अन्नों का उत्पादन होगा तथा रस–पदार्थों की महँगाई बढेंगी। सुभिक्ष तथा सौख्य बना रहेगा।प्रमादी संवत्सर का स्वामी बुध ग्रह है। चैत्र में अन्न का मूल्य सम, वैशाख–ज्येष्ठ मासों में अन्न का संग्रह होगा। आषाढ महीने में अल्पवशष्टि, श्रावण के मध्य में मेघवशष्टि,अन्न की महँगाई तथा अन्न के व्यापार में तीन गुणा लाभ होगा। भाद्रपद महीने में अतिवशष्टि और अन्नादि सस्ते होंगे। अश्विन्यादि 6 महीनों में सुभिक्ष, सभी रसपदार्थ मँहगे होगे तथा लोग सुखपूर्वक रहेंगे।

एक अन्य मत के अनुसार इस वर्ष आनन्द संवत्सर है । आनन्द संवत्सर का फल इस प्रकार है –

नश्यन्ति सर्वसस्यानि सर्वधान्यमहर्घता ।

घशतमर्घ च तैलं च ह्यानन्दे नन्दिताः प्रजाः ॥

अर्थात् आनन्द संवत्सर में सभी फसलें नष्ट होगी । सभी प्रकार के अन्न और घी–तेल मँहगे होगे परन्तु फिर भी जनता सुखी रहेगी । आनन्द संवत्सर का स्वामी बशहस्पति है। इस संवत्सर में अधिक वर्षा, चैत्र–वैशाख में अन्न में समता, ज्येष्ठ–आषाढ़ में मध्यम वर्षा , श्रावण में अतिवशष्टि, भाद्रपद में खण्डवशष्टि, गेहूँ की महँगाई, आश्विन में सस्ती, धातुपदार्थ महँगे, कार्तिक में अकस्मात् भय की स्थिति, मार्गशीर्ष में लोगो को पीड़ा, पौष–माघ में वर्षा, अन्न सस्ते और फाल्गुन में अन्न की महँगाई होगी ।

वर्षेश (राजा) बुध का फल

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को बुधवार होने के कारण वर्ष का राजा बुध है। यदि वर्ष का राजा बुध हो तो पृथ्वी पर अत्यधिक वर्षा होती है, घर–घर में विवाहादि मंगल कार्य होते है। देवताओं और विप्रों की पूजा होती है। जनता स्वस्थ,सुभिक्ष तथा धन–धान्य से पूर्ण सुखी रहते है । यथोक्तम्–

बुधस्य राज्ये सजलं महीतलं गशहे गशहे भूरि विवाहमंगलम् ।

प्रकुर्वते देवद्विजार्चनं नराः स्वास्थ्यं सुभिक्षं धनधान्यसंकुलम् ॥

बुध के वर्षेश होने के कारण समय का वाहन दोला है। अतः वर्षभर पशथ्वी पर हा हाकार रहने की सम्भावना है। सर्वत्र दुर्भिक्ष और परस्पर कलह और संग्राम की स्थिति रहती है । यथोक्तम्–

यस्याऽब्दे वाहनं दोला हाहाभूता च मेदिनी ।

दुर्भिक्षं सर्वदेशेषु संग्रामं खण्डखण्डयोः ॥

मन्त्री चन्द्र का फल–

संवत् का मन्त्री चन्द्र होने से पशथ्वी अनेक प्रकार की फसलों से परिपूर्ण, समस्त जन सुखी , मेघ अधिक वर्षा करने वाले और जनपदों में सुख–शान्ति विराजमान रहती है । यथोक्तम्–

शशिनि मंत्रिगते बहुसस्यवत्यपि धरा रमते सुखमंडिता ।

वियति वारिधरा बहुवर्षिणो जनपदा सुखराशिसुशोभिता ॥

सस्येश गुरु का फल–

संवत् का सस्येश गुरु होने पर सब प्रकार का सौख्य,समुचित वर्षा,कृषि का अत्यधिक उत्पादन, रसपदार्थ तथा दूध का अत्यधिक उत्पादन तथा धन का आगमन होता है। यथोक्तम्–

सस्यपतौ सुरराजपुरोहिते सकलसौख्यकरः श्रुतिपूर्वकः।

जलधरा जलदा बहुसस्यदा रसपयांसि बहूनि वसूनि वै ॥

धान्येश मंगल का फल-

संवत् का धान्येश मंगल होने पर गेहूँ,सरसो,मूँग,तिल,उड़द तथा मूँगा के भाव में महँगाई होती है । यथोक्तम्-

गोधूमसर्षपा मुद्गतिलमाषप्रवालकाः ।

महर्घ जायते घोरं भौमे धान्याधिपे सति ॥

रसेश शनि का फल-

संवत् का रसेश शनि होने पर रसपदार्थों का नाश , वर्षा का अभाव तथा रोग की अधिकता, बकरी, गौ,हाथी,घोड़े ,गधे तथा ऊँटों का नाश एवं जनपदों में मनुष्य रसपदार्थों से रहित रहते है। यथोक्तम्-

रविसुते रसपे रससंक्षयो न जलदा गददाश्च पयोधराः।

अजगवां गजवाजिखरोष्ट्रहा जनपदेषु नरा न रसैर्युताः॥

नीरसेश गुरु का फल -

इस संवत् में नीरसेश गुरु है अतः हल्दी आदि पीले पदार्थ और पीताम्बरादि वस्त्र सम्पूर्ण राष्ट्र में रुचिकर होंगे। यथोक्तम्-

हरिद्रापीतवस्तूनां पीतवस्त्रादिकं च यत् ।

नीरसेशो यदा जीवः सर्वेषां प्रीतिरुत्तमा ॥

मेघेश रवि का फल-

इस वर्ष में मेघेश रवि है । मेघेश रवि होने पर तो पश्थ्वी पर थोडी वर्षा , स्वल्प अन्न का उत्पादन तथा सम्पूर्ण संसार में भय व्याप्त रहता है । यथोक्तम्-

रवौ मेघाधिपे जाते स्वल्पतोयप्रदा घना ।

स्वल्पं धान्यं भवेँल्लोके भयं च भूतले सदा ॥

दुर्गेश रवि का फल -

इस संवत् में दुर्गेश रवि है । यदि दुर्गेश रवि हो तो शासक लोग अधिक नीति सम्पन्न व्यवहार करने वाले, राजा-प्रजा निर्भय रहते है और शासन की सुव्यवस्था के कारण पथिकों को किसी प्रकार का भय उत्पन्न नहीं होता है । यथोक्तम्-

नयविशेषकरस्तरणिस्तदा गतभया नरराजपुरोगमाः ।

समधिकेन तदा नश्पतोऽन्यतः पथिषु संव्रजतां न भयं क्वचित् ॥

धनेश बुध का फल -

इस संवत् में धनेश बुध है अतः लोग विविध वस्तुओं का संग्रह करेंगे । विप्रवर्ग जप-यज्ञ में तल्लीन रहेगा और लोग कृषि पर विशेष ध्यान देंगे । यथोक्तम् -

द्रविणपो हिमरश्मिसुतो यदा विविधसंग्रहवस्तुफला तदा ।

द्विजवरा जपयज्ञसंयुताः कृषिविशेष विशेषितमानसाः ॥

फलेश रवि का फल -

इस संवत् में फलेश रवि है अतः पश्थ्वी वश्क्षों में फल-पुष्प से सुशोभित रहेगी । फलों के उपभोग से जनता मुदित रहेगी तथा मेघ अच्छी वर्षा करने वाले होंगे । कहीं कहीं अत्यधिक वर्षा की सम्भावना हैं । यथोक्तम्-

द्रुमवती फलपुष्पवती धरा प्रमुदिता फलभोग विशेषता ।

द्विजभयं नरतस्करजं तदा जनपदा जनराशिसमाकुला ॥

रोहिणी वास तथा सम्वत्सरवास -

वर्तमान संवत् में रोहिणी का वास सन्धि में है और संवत्सर का वास वणिक्गश्ह में है । खण्डवश्ष्टिश्च सन्धिषु के अनुसार यदि रोहिणी का वास सन्धि में हो तो वर्ष में खण्डवश्ष्टि होती है और संवत्सर का वास वणिक्गश्ह में होने पर सभी वस्तुएँ मँहगी हो जाती है यथोक्तम्-

सर्वधान्यं महर्घं स्याद्वणिग्वेश्मनि संस्थिते ॥

सूर्यस्यार्द्रानक्षत्रे प्रवेशकालविचारः-

प्रवेशकाले यदि रौद्रभस्य वश्ष्टिर्भवेदीतिरनर्घता च ।

शेषेषु पादत्रितयेषु भीतिरत्यल्पवृष्टिर्महती गदाश्च ॥

आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करते समय यदि वर्षा होती है तो अनर्घता अर्थात् मंदी जानना चाहिए । आर्द्रा नक्षत्र के द्वितीय चरण में वश्ष्टि होने पर भय, तश्तीय चरण में अत्यल्प वश्ष्टि तथा चतुर्थ चरण में भयंकर रोगो की सम्भावना बनती है ।

आर्द्राप्रवेशे वश्ष्टिश्चेद्दिवा यदि वा निशि ।

स्तोकवश्ष्टिरनर्घत्वमवझटौ सस्यसम्पद:॥

आर्द्रायाः प्रथमे पादे यदि वर्षति वासव:।

तुषारमल्पवश्ष्टिः स्यादित्येव केचिदूचिरे ॥

सूर्ये मेषगते वश्ष्टिरार्द्रायाश्चाद्यपादके ।

एकादशसु ऋक्षेषु त्रिपक्षे वश्ष्टिनाशनम् ॥


विक्रमसम्वत् 2077 शाके 1942 आषाढमासे शुक्लपक्षे प्रतिपदि शुभतिथौ रविवासरे वृद्धियोगे चन्द्रस्य आर्द्रानक्षत्रे किस्तुघ्नकरणे मार्तण्डमण्डलोदयादिष्टकाल: 45/42/30 कुम्भलग्ने सूर्यस्यार्द्रानक्षत्रे प्रवेश:।

अथ प्रवेशकालविचार:

प्रतिपदितिथिफलम्	**शुभदायको भवति।**
रविवासरफलम्	**पशुनाशो भवति।**
आर्द्रानक्षत्रफलम्	**अशुभदायको भवति।**
वश्द्धियोगफलम्	**दोषप्रदो भवति।**
किस्तुघ्नकरणफलम्	**शुभप्रदो भवति।**
कुम्भलग्नफलम्	**अर्घविनाशो भवति।**

आर्द्राप्रवेशस्य फलम् -


॥ अथार्कस्यार्द्राप्रवेशकालिककुण्डली ॥



आर्द्रा प्रवेश लग्न कुम्भ है । लग्नेश शनि द्वादश भाव में मकर राशि में है। नीचराशिस्थ बृहस्पति की द्वादशभाव में शनि के साथ युति है। यह स्थिति तेज हवाओं की द्योतक है । देश के पूर्वोत्तर भागों में बाढ यां तूफान की स्थिति रहेगी । चन्द्रमा की मिथुन राशि में सूर्य के साथ युति और उस पर मंगल की दृष्टि शुभ नही है । भूभाग पर यत्र-तत्र भूकम्प और अग्निदाह के कारण जन-धन की हानि की सम्भावना है । सूर्य के आर्द्रा प्रवेश का समय मध्यरात्रि है अत:देश में अल्पकृषि और अल्पवृष्टि की सम्भावना है । नवमेघों में से इस वर्ष तम नाम का मेघ है तमोमेघे न वृष्टि: स्यात् के अनुसार अनावृष्टि का योग है । चतुर्मेघों में से आवर्त नाम का मेघ है और आवर्तो विनिवृष्टि: स्यात् के अनुसार आवर्त नामक मेघ में अनावृष्टि: का योग है । द्वादश मेघों में से वृष नाम का मेघ है वृषस्यैतीतितोभयम् के अनुसार अतिवृष्टि , अनावृष्टि,रोगभय और विविधकारणों से कृषि के विनाश का योग है । अत: पूर्ववर्णित मेघों और आर्द्रा प्रवेश कुण्डली के आधार पर इस वर्ष में अल्पवृष्टि की सम्भावना है । साथ ही वर्ष में कृषि की विविध कारणों से हानि की सम्भावना है ।

प्रमादी नामक विक्रम संवत्सर 2077 का प्रवेश 24 मार्च 2020 ई. मंगलवार को अपराह्न 02 बज कर 57 मिनट पर उ.भा. नक्षत्र , शुक्ल योग, नाग करण और मीनस्थ चन्द्र के समय में कर्क लग्न में होगा।


॥ अथवर्षप्रवेशकालिककुण्डली ॥



वसन्त नवरात्रारम्भ 25 मार्च 2020 ई. चैत्र मास 12 प्रविष्टे, बुधवार को प्रात:काल , रेवती नक्षत्र, वश्द्धि योग , बव करण में होगा और 02 अप्रैल 2020 ई. दिन गुरुवार तक नवरात्रिपूजनकाल रहेंगा । नवरात्र के प्रथम दिन अर्थात् नवसंवत्सर चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा के दिन किसी योग्य विद्वान द्वारा विधिपूर्वक घटस्थापन संवत्सरपूजन एवं श्रीगणेश, विष्णु, शिव व देवी दुर्गा के पूजन करने का शास्त्रों में विशेष माहात्म्य प्रतिपादित है । इस दिन सम्पूर्ण अग्रिम संवत्सर के मंगलमय यापन हेतु विद्वान ब्राह्मणों का विधिपूर्वक पूजन एवं सम्मान कर , उन्हे विविध प्रकार के दानों से सन्तुष्ट एवं प्रसन्न कर नानाविध फलों एवं मिठाईयों आदि का भोजन करवाकर , उनके मुखारविन्द से परिवार के समस्त सदस्यों को संवत् का नाम , संवत् का वास, राजा, मंत्री आदि का फल श्रवण करने का विधान भी शास्त्रों में उल्लिखित है । जो बुद्धिमान व्यक्ति चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को संवत्सर का पवित्र फल सुनता है वह बहुत धन वाला होता है तथा वर्ष भर के लिए उसके शरीर की समस्त पीडाएं समाप्त हो जाती है । इस संवत्सर का राजा बुध और मंत्री चन्द्र है । राजा

बुध का चन्द्र के प्रति शत्रुभाव है यद्यपि चन्द्र का बुध के प्रति समभाव है । अत: भारत के राजनेताओं में पारस्परिक ईर्ष्या और द्वेष के भाव रहेंगे । बड़े पद पर आसीन अधिकारियों का अपने अधीनस्थ लोगों के प्रति विश्वास में कमी रहेगी । वर्षलग्नकुण्डली में सूर्य–चन्द्र की नवम भाव में स्थिति देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में नये शोधकार्य को प्रेरित करेगी । धार्मिक कार्यों में प्रजा की रुचि बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग के लिए अनुकूल समय रहेगा तथा राजघराने के लोग लम्बी यात्रा पर रहेंगे। बुध की अष्टम भाव में स्थिति वर्ष में किसी बडे कलाकार , गीतकार , लेखक या महान शिक्षाविद् की मश्त्यु का सूचक है । सप्तम भाव में शुक्र की कुम्भ राशि में स्थिति और शनि का दश्ष्टि सम्बन्ध देश में महिलायों के सम्बन्ध मे अपराधों में वश्द्धि का सूचक है । पञ्चम भाव में धनु राशि में बश्हस्पति की स्थिति देश में धार्मिक संस्थाओं तथा धार्मिक वातावरण के उन्नयन का सूचक है। ध र्म के प्रति देश में लोगों की आस्था में वश्द्धि होगी। देश में चिकित्सा संस्थानों और चिकित्सा संसाधनों की प्रगति में सर्वकार का विशेष अवदान रहेगा। शनि की पञ्चम भाव में स्थिति और मंगल के साथ दश्ष्टि सम्बन्ध के कारण प्रजा में विशेषकर मजदूर वर्ग में असंतोष की भावना रहेगी। देश के पश्चिम भाग में स्थित प्रदेशों में रहने वाले लोगों को बाढ़ आदि से कष्ट रहेगा।

॥ अथजगल्लग्नकुण्डली ॥



जगल्लग्नकुण्डली में लग्न पर शनि एवं सूर्य की दृष्टि तथा लग्नेश की अष्टम भाव में स्थिति विश्व के विविध राष्ट्रों में परस्पर मत्सरता की भावना को बढाने की सूचक है। पश्चिमी देशों में आंतकवादी घटनाओं में वृद्धि होगी । विश्व के अनेक देशों में पारस्परिक शत्रुभाव बढेगा । विश्व के राजनेताओं में परस्पर मतैक्य की कमी रहेगी और विश्व में संघर्ष का वातावरण बनेगा ।

शनि का साढेसाती–ढैय्याविचार

अथ गोचरवशाच्छनेः पादविचारः –

जन्मांगरुद्रेषु सुवर्णपादं द्विपंचनन्दैः रजतस्य पादम् ।

त्रिसप्तदिक्ताम्रपदं वदन्ति वेदाष्टचार्कष्विह लौहपादम् ॥

शनेः पादफलम्–

लोहे वित्तविनाशःस्यात्सर्वसौख्यं च कांचने ।

ताम्रे च समता ज्ञेया सौभाग्यं रजते भवेत् ॥

इदानीं शनि: मकरराशौ संचरति , वर्षान्तं यावत् मकरराशावेव संचरिष्यति अत: धनुमकरकुम्भराशियुक्तजातका: शने: सार्धसप्ताब्दत: (साढेसाती) प्रभाविता: भविष्यन्ति । मिथुनतुलाराशियुक्ता: जना: सार्धद्वयाब्दत: (ढैया) प्रभाविता: भविष्यन्ति ।

पादविचार: – यदा शने: संचार: मकरराशौ भविष्यति तदा मेषस्य ताम्रपाद:, वृषस्य रजतपाद:,मिथुनस्य लौहपाद:,कर्कस्य ताम्रपाद:,सिंहस्य सुवर्णपाद:, कन्याया: रजतपाद:, तुलाया: लौहपाद:, वृश्चिकस्य ताम्रपाद:, धनो: रजतपाद: , मकरस्य सुवर्णपाद:, कुम्भस्य लौहपाद:, मीनस्य सुवर्णपादो भविष्यति ।

शनिशान्त्यर्थमुपाया: – शने: बीजमन्त्रादीनां जप:, शनिस्तोत्रस्य पाठ:,अश्वत्थवृक्षस्य मूले तिलमाषादिमिश्रितजलदानं सायंकाले च दीपदानं, महामृत्युंजयजप:, शिवोपासना, हनुमदुपासना, सुन्दरकाण्डादिकानां पाठ:, पक्षिणां कृते अन्नादिदानम्, सदक्षिणां लौहपात्रस्य दानम्, दरिद्र–कुष्ठादिरोगार्तानां कृते भोजनवस्त्रादिदानम्,तुलादानम्, माषादिवस्तूनां दानम्, वृद्धजनानां परिचर्यादिकम्। भौतिकोपचारेषु शनिवासरे अमावस्यायां वा लौहमुद्रिकाया: धारणम् । शने:दानपदार्था:– नीलमणि:,सुवर्ण:, लौह:, माष:, कुलथ:, तैलम्, कृष्णवस्त्रम्, कस्तूरिका, कृष्णपुष्पम्, कृष्णागमहिष:, उपानहौ च। दानसमय:– मध्याह्नकाल: । जपमन्त्र:– ऊँ प्रां प्रीं प्रौं स: शनये नम:। जपसंख्या– 23000, बीजमन्त्र:– ऊँ शं शनैश्चराय नम:। हवनसमिधा– कुशा इति ज्ञेयम्। शनिस्तुति:– कोणस्थ: पिंगलो बभ्रु: रुद्र: रौद्रान्तको यम:। सौरि:शनैश्चरो मन्द: पिप्लादेन संस्तुत:। एवं ध्यात्वा शने: पीडा शमं याति न संशय:।

डॉ. देशबन्धुः

सहायकाचार्य,वास्तुशास्त्रविभाग,

श्री ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ,नई दिल्ली

वार्षिकराशिफल

विक्रम संवत् 2077, ई0 सन् 2020-21

मेष राशि (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

मार्च

यह मास आपके लिए अधिकांशत: शुभ रहेगा। पराक्रम में वृद्धि, वाहन लाभ विद्याध्ययन में रूचि , शत्रु पराजय, भाग्योदय, आय के स्रोतों में वृद्धि एवं धार्मिक यात्राओं व सद्-व्यय से आप प्रफुल्लित रहेंगे। परन्तु जीवनसाथी का स्वास्थ्य कुछ शिथिल रह सकता है। स्वयं का स्वास्थ्य भी रक्तविकार एवं वायुविकार के कारण कुछ प्रतिकूल रह सकता है। विद्याध्ययन में कुछ बाधाएं आ सकती है। भूमि संपत्ति एवं वाहनप्राप्ति के कुछ अच्छे योग बन सकते है। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परन्तु कभी कभी विपक्षियों के हावी होने के कारण परेशानी हो सकती है। रोजगार के क्षेत्र में कड़े संघर्ष के उपरान्त सफलता प्राप्ति के योग बनते है। पारिवारिक वातावरण प्राय: अच्छा रहेगा। इस मास २०, २१, २८, २९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अप्रैल

इस मास स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से आप ग्रसित रहेंगे। अस्थि विकार, एलर्जी, वायु विकार, रक्त विकार के कारण आप व्यथित रहेंगे। भूमि व संपत्ति संबंधी कार्यों में सफलता रहेगी। परन्तु अत्यधिक यात्राओं के कारण आप दुखी रहेंगे। परिवार का वातावरण भी प्राय: अच्छा नहीं रहेगा। मास के उत्तरार्ध में पत्नी के स्वास्थ्य को लेकर भी आप परेशान रह सकते है। धार्मिक कार्यों में रूचि कम रहेगी। धन के अपव्यय से आप दुखी रह सकते है। शत्रुओं की प्रबलता रहेगी परन्तु आप अन्त में उन्हें परास्त करने में सफल होंगे। वाहन चलाने में सावधानी रखें। मास ६, ७, ८, १६, १७, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

यह मास प्राय: आपके लिए तनावपूर्ण रहेगा। पारिवारिक क्लेश एवं शारीरिक स्वास्थ्य से आप व्यथित रहेंगे, परन्तु पराक्रम में वृद्धि रहेगी। छोटे भाई बहनों का स्वास्थ्य भी कुछ प्रतिकूल रह सकता है। आप उनके लिए चिंतित रहेंगे। भूमि व संपत्ति संबंधित विवादों में धनव्यय संभावित है। न्यायालयीय निर्णय में विलम्ब से आप व्यथित रहेंगे। धनागम का अच्छा योग बनेगा। परन्तु धार्मिक कार्यों एवं यात्राओं में धनव्यय होगा। जिस कारण समाज में आपकी अच्छी प्रतिष्ठा रहेगी। कार्यक्षेत्र में मित्रों के सहयोग से सफलता मिलेगी। प्राय: इस मास आप वायुविकार, पित्त विकार, त्वचा संबंधी रोग एवं संक्रमण जनित रोगों से पीड़ित रह सकते है। विद्याध्ययन एवं रोजगार क्षेत्र में किये गए प्रयास सफल हो सकते है। इस मास ४, ५, १३, १४, १५, २२, २३, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जून

यह मास आपके लिए प्राय: अच्छा रहेगा। पराक्रम में वशद्धि रहेगी। माता के स्वास्थ्य में कुछ सुधार सम्भव है। धनागम अच्छा रहेगा। धन संपत्ति व भूमि क्रय के योग बनते है। परन्तु यदा कदा अध्ययन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य प्राय: ठीक रहेगा परन्तु कभी कभी पित्त विकार, नेत्र विकार एवं शिरोवेदना से कष्ट संभावित है। भाग्य के साथ देने से कुछ रुके हुए काम बन सकते है। पद प्रतिष्ठा प्राप्ति के योग भी बनते है। इस मास धार्मिक यात्राएं भी संभावित है। पारिवारिक वातावरण प्राय: सौहार्दपूर्ण होगा परन्तु मासान्त में पारिवारिक मनमुटाव व झगडे की स्थिति बनती है। रोजगार के क्षेत्र में कुछ अच्छी संभावनाऐ बनती है। १,२, १०, ११, १८, १९, २७, २८ दिनांक इस मास नेष्ट रहेंगी।

जुलाई

इस मास के प्रारम्भ में यदा कदा नेत्र कष्ट, रक्त विकार, मानसिक उलझनों से आप व्यथित रह सकते है। माता का स्वास्थ्य भी कष्टकारी रह सकता है। पारिवारिक वातावरण सौहार्दपूर्ण रहने की संभावना है। धन का आगमन अच्छा रहेगा। आय के नए स्रोत उत्पन्न हो सकते है। मास के उत्तरार्ध में धन सम्पत्ति प्राप्ति के कुछ योग बनते है परन्तु वाहन चलाते समय सावधानी अपेक्षित है। विद्याप्राप्ति के कुछ योग बनते है, परन्तु परिश्रम की आवश्यकता रहेगी। रोजगार के क्षेत्र में नवीन संभावनाऐ बनेंगी, परन्तु पिता का स्वास्थ्य शिथिल रह सकता है। ७, ८, १५, १६, २४,२५, २६ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

अगस्त

इस मास कार्य करने की क्षमता में वशद्धि होगी। अपना कार्य दुगुने उत्साह से संपन्न करेंगे। रुके हुए कार्य पुन: प्रारम्भ होंगे। इच्छित योजनाएं साकार रूप लेगी। लम्बे समय से अटका धन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को भी अध्ययन में विशेष लाभ होगा। अध्ययन में किये गये परिश्रम का शुभ परिणाम प्राप्त होगा। विवाह योग्य जातकों के संबंध ों की चर्चा होगी व विवाह संबंध तय होंगे। प्रेम संबंध भी सफल होंगे व संबंध विवाह में परिणित होंगे। दंपत्तियों को सन्तति की प्राप्ति होगी। भाग्य में वशद्धि होगी। सभी प्रकार की सुख सम्पदा में वशद्धि होगी। आजीविका प्राप्ति के नये अवसर उत्पन्न होंगे। बेरोजगार जातकों को शीघ्र ही आजीविका प्राप्त होगी। व्यापारी वर्ग को भी लाभ होगा। ४,५, ११, १२, २१ ,२२, ३०, ३१ दिनांके नेष्ट रहेंगी।

सितम्बर

इस मास मित्र व जनता का विशेष सहयोग प्राप्त होगा। विशेष रूप से राजनैतिक क्षैत्र से संबंधित जातकों को अपने कार्य में लाभ होगा। प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर रहे बालकों के लिये यह मास अतिउत्तम रहेगा। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे जातकों की गहन शोध के प्रति रूचि बढेगी। नये विषयों का अध्ययन करेंगे। सन्तान पक्ष से शुभ सूचना प्राप्त होगी। भाई-बहनों से संबंध मधुर होगा व उनके सहयोग से रूके हुए कार्य पूर्ण होंगे। त्वचा, मुख व वाणी संबंधित विकार हो सकते है। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रह सकता है। इस मास १,८, ९, १६, १७, १८, २६, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

अक्टूबर

इस मास व्यापारी वर्ग को उत्तम लाभ होगा। धन प्राप्ति के नये अवसर प्राप्त होंगे। नेत्र विकार हो सकते है। पिता को कष्ट व राजनीतिक पक्ष से बाधाऐं हो सकती है। हृदय व अस्थि विकार की संभावना हो सकती है। वात विकार से शारीरिक कष्ट हो सकता है। दिनांक १७ के उपरान्त साझेदार व जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है। यात्रा के योग बनेंगे। मित्रों व समाज के साथ संबंध प्रगाढ होंगे। वाहन, भूमि आदि सुख साधनों का लाभ होगा। इस मास ५, ६ ,१४, १५, २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

नवम्बर

संतान से अनबन रह सकती है। नये विषयों का ज्ञान होगा। क्रोध व ऊर्जा में कुछ वशद्धि होगी। मुख, उदर व त्वचा संबंधित विकार हो सकते है। विद्यार्थियों को परिश्रम अधिक करना होगा, विद्याध्ययन व प्रतियोगी परिक्षाओं में कुछ बाधा रहेगी। मध मेह, मूत्र विकार व गुप्त विकार हो सकते हैं। जीवनसाथी से व्यर्थ विवाद व आपसी अनबन रह सकती है। सन्तान संबंधित कष्ट होगा। भाई बहनों से संबंध उत्तम रहेंगे। परिश्रम का उचित फल न मिलने से निराशा हो सकती है। इस मास १,२, १०, ११, १२, २० , २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेंगी।

दिसम्बर

भूमि, जमीन, प्रोपर्टी, वाहन संबंधित लाभ होंगे। उत्साह व ऊर्जा बढेगी। योग, औषधि, स्वास्थ्य आदि के प्रति रुचि बढेगी। परन्तु दुर्घटना, चोट, अग्निभय आदि की संभावनाऐं बढेगी। व्यर्थ के विवादों से बचना चाहिये। लाभ प्राप्ति के अवसर बढेगे। भोजनालय, रेस्टोरेन्ट, मशीनरी, प्रोपर्टी, अग्नि संबंधित कार्य करने वाले जातकों को लाभ होगा। बच्चों की खेल के प्रति रुचि बढेगी। खेल व खेल सामग्री से जुडे जातकों को विशेष लाभ होगा। मनोरंजन व सुख साधनों की प्राप्ति हेतु विशेष व्यय होगा। वाणी का प्रभाव बढेगा। माता व ननिहाल पक्ष से विशेष लाभ हो सकता है। इस मास ७, ८, ९, १७, १८, १९, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

जनवरी

इस मास विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। क्रोध में कुछ वशद्धि होगी व मन में संताप होगा। नव दम्पत्तियों को सन्तान लाभ होगा। विद्याध्ययन में उन्नति होगी। सुख साधन व मनोरंजन के नवीन साधन उपलब्ध होंगे। शेयर मार्केट से संबंधित कार्य करने वालों को लाभ होगा। नौकरी आजीविका संबंधित बाधाऐं दूर होगी। पिता को लाभ होगा। अपने कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। वस्त्र उद्योग, साफ्टवेयर, कम्प्यूटर, सौन्दर्य प्रसाधन संबंधित कार्य करने वाले जातकों को लाभ प्राप्त होगा। विवाह योग्य जातकों के संबंध तय होंगे। इस मास ४, ५, १४, १५, २२, २३, ३१ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

फरवरी

इस मास में मेष राशि के जातकों के मन में भ्रम की स्थिति रहेगी। यात्रा व स्थान परिवर्तन के योग बनेंगे। विदेश यात्राओं हेतु भी यह मास उत्तम है। जीवनसाथी से कुछ अनबन रह सकती है। व्यापार में कुछ बाधा हो सकती है। भाई-बहनों से संबंध मधुर बनेंगे। जिन जातकों को आजीविका की चिंता है, उनकी चिन्ता दूर होगी। युवाओं को आजीविका के नए अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों हेतु भी यह मास उत्तम रहेगा। वाहन-भूमि आदि का सुख प्राप्त होगा। माता का स्वास्थ्य कुछ कमजोर रह सकता है। पैरों व हाथ में चोट लगने की संभावना है। बायीं आँख में चोट लग सकती है। त्वचा संबंधित रोग हो सकते हैं। इस मास १,२, १०, ११, १९, २०, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

वृष राशि (इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

मार्च

इस माह आप अपने निजी व व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाकर चलें। कुछ बोलने से पहले सोच-विचार जरूर कर लें। कार्यस्थल व परिवार में कुछ गलतफहमियां उत्पन्न हो सकती हैं। पारिवारिक आय में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। वहीं दूसरी तरफ आपके व्यय भी बढ़ने वाले हैं। यदि बजट बनाकर नहीं चले तो भविष्य में आर्थिक तंगी देखने को मिल सकती है और संघर्ष करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में तेजी से कुछ महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे जिससे भी लाभकारी परिणाम प्राप्त होंगे। ज्यादा लाभ कमाने के लिए आप व्यापार में भाई-बहनों का सहयोग भी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यस्थल पर अपने बेहतर प्रदर्शन से आप लोगों को आश्चर्यचकित कर देंगे। सहभागियों को आपसे ईर्ष्या की भावना हो सकती है और वो आपके लिए समस्याएं उत्पन्न कर सकते

हैं। इसलिए सतर्क रहें और सावधानीपूर्वक कार्य करें। इस मास १८, १९, २६, २७ दिनांक कुछ कष्टकारक हो सकती हैं।

अप्रैल

इस माह का प्रारम्भ ही वृषभ राशि वाले जातकों के लिए अच्छा रहेगा। जीवन के सभी विषयों से सुख मिलेगा और यह समय अच्छे से बीतेगा। परिवार में अपने जीवनसाथी व बच्चों के साथ स्मरणीय समय बिताएंगे। वैवाहिक जिंदगी शांति, प्रेम व सौहार्द के साथ आगे बढ़ती रहेगी। इस माह आपको सफलता मिलेगी और आपके करियर में नई ऊंचाई देखने को मिलेगी। हालांकि इस बीच घर में पिता या बड़े भाई-बहन के साथ थोड़े बहुत विवाद हो सकते हैं, लेकिन बातचीत से ये सभी समस्याएं सुलझ जाएंगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और आप स्वयं को ज्यादा ऊर्जावान और पॉजीटिव महसूस करेंगे। जनवरी के महीने में आपको भाग्य का साथ मिलेगा और लॉटरी, शेयर आदि से अप्रत्याशित धन भी प्राप्त हो सकता है। जो जातक इस दौरान नौकरी परिवर्तित करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें कई अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। इस मास ४,५,१३, १४, २२, २३ दिनांक कुछ कष्टकारक रह सकती है।

मई

इस माह वृषभ राशि के जातकों को ध्यान व योगा से जुड़ी गतिविधियों को करने में फायदा होगा। कार्य स्थल पर सफलता हासिल करने के लिए आपको बहुत ज्यादा प्रयास करने की आवश्यकता है लेकिन आप बार-बार अपने लक्ष्य से भटक जाएंगे। ऐसा कार्यालय में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुछ कहा-सुनी होने के कारण हो सकता है। इसलिए अपने सारे विवादों को सुलझाने की कोशिश करें और उन सभी के साथ एक अच्छा रिश्ता कायम करें। इस दौरान अपने स्वभाव में अहंकार को न पनपने दें। फैसले लेते वक्त समझदारी दिखाएं और भावनाओं को बीच में न आने दें क्योंकि आपका गलत फैसला भविष्य में मंहगा पड़ सकता है। आप में से कुछ जातक विदेश में अपना घर खढ रीद सकते हैं। इस मास आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। व्यय बढ़ सकता हैं और आप आय से ज्यादा र्च करेंगे, इसलिए व्यर्थ के खढ चों से बचें। इस बीच आपकी सकारात्मक सोच आपकी बहुत सहायता करेगी और आप अपने सभी कार्यों को पूरा करने में सक्षम होंगे। इस मास १,२,११,१२,२०,२१,२९,३० दिनांक नेष्ट है।

जून

इस माह आपके सामाजिक जीवन से अलगाव की संभावनाएं हैं। आप सामाजिक गतिविधियों व भौतिक जीवन से जुड़ी चीजों में कम रुचि लेंगे। इस दौरान आपके जीवन साथी और संतान को समय नहीं दे पायेंगे और घरेलू जीवन भी अस्त-व्यस्त रहेगा। अध्यात्म में आपकी रुचि बढ़ने लग जाएगी। इस दौरान आपका मिलन कुछ आध्यात्मिक व धार्मिक लोगों से होगी जिनसे आपको आध्यात्मिक लाभ भी होगा। प्रारम्भ में आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन धीरे-धीरे सभी चीजें ठीक हो जाएंगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी परन्तु आप धन जमा करने में ज्यादा इच्छुक नहीं रहेंगे। किसी विशेष शुभ कार्य में व्यय हो सकता है। वृष राशि के कुछ जातक अपने कार्य के कारण इस बीच विदेश में भी बस सकते हैं। अच्छा होगा कि इस दौरान आप अपनी सेहत का खढ ्याल रखें। स्वस्थ आहार व थोड़ा सा व्यायाम आपकी सभी समस्याओं को दूर कर सकता है। इस मास ७,८,१६,१७,२५,२६ दिनांक नेष्ट हैं।

जुलाई

वृष राशि के जातकों को इस माह आर्थिक रूप से कोई संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। आय के कई नए स्रोत प्राप्त होंगे। मनोरंजन व विलासिता से जुड़ी वस्तुओं पर व्यय होगा। जीवनसाथी और सन्तति के सहयोग से भी आपको लाभ मिलेगा। इस मास आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। ये स्थिति किसी शुभ कार्य की तरफ संकेत दे रही है जिसके चलते परिवार में सब लोग एक-साथ एकत्र होंगे। परिवार के प्रति आप अपने सभी कर्तव्यों को बखूबी निभाएंगे। अपने लक्ष्यों को पाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे और उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। इस दौरान कुछ लंबी अवधि की योजनाएं बना सकते हैं। आप इस बीच अपने व्यापार में विस्तार कर सकते हैं अथवा कोई नया उद्योग भी प्रारम्भ कर सकते हैं। बड़े भाई-बहनों से लाभ प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के संबंध में देखा जाए तो आपको छोटी-मोटी समस्याएं हो सकती हैं। अच्छी जीवनशैली व स्वस्थ आहार आपको स्वस्थ रखने में मदद करेगा। इस मास ५, ६, १३, १४, २२, २३ दिनांक नेष्ट है।

अगस्त

इस माह व्यापारी वर्ग को सफलता मिल सकती है। इस दौरान अच्छे लाभ की संभावना हैं। कुछ जातक इस मास व्यापार के संबंध में सात समुंद्र पार भी जा सकते हैं और अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यदि आप जॉब कर रहे हैं तो इस दौरान उच्च पद मिलने के आसार हैं। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा और आप सफलता प्राप्त करेंगे। अपनी सकारात्मक सोच व कार्यों के कारण आप अपने व्यावसायिक जीवन की हर दिशा में सफलता प्राप्त करेंगे। इसके साथ ही साथ आप ज्यादा ऊर्जावान व उत्सुक रहेंगे। पारिवारिक जीवन में कुछ तनाव देखने को मिल सकता है। बहस व लड़ाई-झगड़ों से रिश्तों पर प्रभाव पड़ेगा। इन परिवारिक मुद्दों को जल्द ही सुलझाने की आवश्यकता है अन्यथा ये नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं। कुछ समय अपने परिवार वालों के साथ भी बिताएं, ऐसा करने से संबंधों में मधुरता आएगी। इसके साथ ही अपने जीवन

साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आंखों से संबंधित कोई समस्या उन्हें इस महीने परेशान कर सकती है। इस मास १,२,१०,११,१८,१९,२८,२९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

यह माह आपके लिए उलझन भरा रहेगा। एकाग्रता में कमी आ जाने से आपको परेशानी हो सकती है। कई बार आपको चिड़चिड़ापन भी महसूस हो सकता है और आपका गुस्सा पारिवारिक समस्याओं को बढ़ा सकता है। इस दौरान आपको अपने बिजनेस व आर्थिक चीजों से जुड़े विषयों में सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि आपका अपना ही कोई करीबी आपके साथ धोखा कर सकता है। इस बीच आप आर्थिक तंगी से भी गुजर सकते हैं। बेहतर वित्तीय नियोजन की आवश्यकता है और खढ
र्चों पर ध्यान देने की जरूरत है। नकारात्मक ऊर्जा को अपने ऊपर हावी न होने दें और सकारात्मक रहें। लगभग आधा माह बीत जाने के बाद आपका अच्छा समय प्रारम्भ हो जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए समय अनुकूल नहीं है क्योंकि इस दौरान वो अपने घरेलू जीवन व कार्यक्षेत्र में सामञ्जस्य नहीं बना पाएंगी। कार्यभार के चलते आपको तनाव हो सकता हैं। इस मास ६,७,१४, १५, १६, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

यह महीना आपके स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। इस दौरान स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं, इसलिए बिल्कुल भी लापरवाही न रखें और अपना ध्यान रखें। दवाइयों के व्यय बढ़ जाने से बजट बिगड़ सकता है। वृश्चिक राशि के कुछ जातक इस दौरान ज्वर आदि से बीमार भी पड़ सकते हैं। इस दौरान पिता को आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके साथ ही ये स्थिति कुछ और गंभीर पारिवारिक समस्याओं को इंगित कर रही है। परिवार के सदस्यों में आपस में न बनने से घर की सुख-शांति भंग हो सकती है। जल्द ही सभी जटिल समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करें। बच्चों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि इस दौरान वे गलत संगत के कारण किसी समस्या में फंस सकते हैं। उन्हें हर दिशा में आपके मार्गदर्शन, प्रेम और स्नेह की आवश्यकता होगी। इस अवधि के दौरान चिकित्सा अनुसंधान से जुड़े लोग अपने कार्य में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। इस मास ३, ४, १२, १३, २२, २३, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

इस माह आप अपनी नौकरी बदलने की योजना बना सकते हैं और इस बीच कुछ नये अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। किसी अच्छे मौके को ठुकराने की गलती न करें। व्यावसायिक जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव आएंगे जो आपको नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। इस मास आपको अपने जीवनसाथी के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना चाहिए अन्यथा आपकी उनके प्रति अनदेखी वैवाहिक जीवन में समस्या उत्पन्न कर सकती हैं। अपने जीवनसाथी के साथ बाहर घूमने की योजना बनाये, ऐसा करने से भी आपके रिश्तों में मिठास आएगी। साथी की सेहत का खढ ्याल रखें, उसमें बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें। कार्यरत्त लोगों को अपने सहभागियों के साथ अच्छा संबंध बनाये रखने की सलाह दी जाती है। अनावश्यक बहस से बचें। उत्तम होगा यदि आप अपने साथी पर थोड़ा विश्वास दिखाएं। धन का आगमन होता रहेगा और आय के कई नए स्रोत प्राप्त होंगे। कंप्यूटर के व्यवसाय से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद है। इस मास १, ८, ९, १०, १८, १९, २०, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

इस माह आपके पिता को उनके सत्कर्मों के लिए सम्मानित किया जाएगा व समाज में उनकी प्रशंसा होगी। बच्चों के द्वारा अर्जित की गई सफलता आपको खुशी देगी व परिवार का नाम ऊंचा करेगी। अचानक से आपकी रुचि कलात्मक कार्यों और मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियों में बढ़ जाएगी। अपने रिश्तों के प्रति कोई लापरवाही न बरतें और गलत शब्दों के प्रयोग से बचें क्योंकि स्वभाव में कठोरता दूसरों, खासतौर पर आपके परिवार वालों का दिल दुखा सकती है। इस माह अपने गुस्से पर काबू पाने की कोशिश करें वरना विवादित बोल से स्थिति बिगड़ सकती है। परिवार के कुछ सदस्य चीजों को सुधारने व बदलने के लिए इस दौरान अलग रहना पसंद करेंगे। लेकिन निजी जिंदगी में तनाव बरकरार रहेगा जिसके चलते आप भी परेशान रहेंगे। इसलिए मुश्किल परिस्थितियों में अपने स्वभाव में विनम्रता लाएं व गुस्से पर कंट्रोल करें। इस दौरान आपकी तबियत बिगड़ भी सकती है। आंख, दांत, गले से संबंधित रोग हो सकता है। खान-पान की गलत आदतें अपच, गैस या एसिडिटी की समस्या उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए अपने भोजन का विशेष ध्यान रखें। इस मास ६,७, १६, १७, २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जनवरी

इस मास आपके पिता को कई अवसर मिलेंगे जो उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को बढ़ाएंगे। विद्यार्थी वर्ग की ओर से अच्छी सूचना प्राप्ति की उम्मीद है। वे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेंगे और अच्छे अंक प्राप्त करेंगे। कुछ छात्रों को प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध अकादमिक संस्थानों में प्रवेश मिलेगा। रचनात्मक क्षेत्रों में कार्य कर रहे पेशेवरों के लिए अनुकूल समय है। इस दौरान बड़ी सफलता मिलने के आसार हैं। इस माह अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की अधिक आवश्यकता होगी। पेट में दर्द, अपच या जलन की शिकायत रह सकती है। सड़क किनारे मिलने वाले व तैलीय खाने से परहेज करें। इस माह आपको अपनी वैवाहिक जीवन के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। बहस और झगड़ों की स्थिति बन रही है जिसके चलते रिश्तों में तनाव हो सकता है। इस मास २,३,१२, १३, २१, २२, २९, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

इस माह वझ्रा राशि के जातकों को आर्थिक रूप से किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। देवी लक्ष्मी की कृपा आप पर पूरी तरह से बनी रहेगी और आप इस बीच सुख साधनों की प्राप्ति पर विशेष खर्च कर सकते हैं। वाहन चलाते समय सावधान रहें। इसके अलावा इसी दौरान आप अपने घर की मरम्मत या उसकी सजावट में भी रुपये खढ र्च कर सकते हैं। कुछ जातक इस बीच बचत के तौर पर या फिर खेती के लिए भी जमीन खढ रीद सकते हैं। लेकिन जमीन खरीदते वक्त थोड़ी सावधानी रखें खासतौर पर कागजात या फिर जमीन संबंधित पुराने कानूनी मामलों में ध्यान रखने की आवश्यकता होगी। इस मास जीवन साथी के साथ थोड़े बहुत झगड़े हो सकते हैं। एक-दूसरे के विचार से सहमत न हो पाने के कारण ये विवाद हो सकते हैं। स्वभाव में थोड़ा सा बदलाव जीवन में खुशी व शांति लेकर आ सकता है इसलिए अपने जीवनसाथी की बात को समझें और उनकी भावनाओं का सम्मान करें अन्यथा बात बढ़ सकती है। इस दौरान आप अपना समय घर की जिम्मेवारी में अधिक व्यस्त रहेंगे जिस कारण से व्यावसायिक जीवन में मुश्किल में कुछ समस्या आ सकती है। इस दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अतिरिक्त भार व थकान आदि से आप परेशान हो सकते हैं। काम का भार अपने ऊपर बहुत ज्यादा न डालें, ऐसा करने से सेहत कमजोर हो सकती है। इस मास ८, ९, १०, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

मिथुन राशि (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)

मार्च

इस महीने में आपको परिवार की ओर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। पारिवारिक विवादों को जल्द से जल्द सुलझाएं अन्यथा देर भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर किसी शुभ कार्य जैसे शादी, विवाह आदि के चलते परिवार में मेहमानों का आना-जाना हो सकता है। परिवार की आय इस दौरान बढ़ेगी लेकिन खढ र्चों पर नियन्त्रण नहीं रह पाएगा जिसके चलते बजट बिगड़ सकता है। काफी संघर्षों के बाद घर बैठकर काम करने वाले लोगों या उद्यमियों के लिए ये अच्छा समय है। इस दौरान आपको बड़े-बड़े प्रोजेक्ट भी मिल सकते हैं। लेखक, कवि, संपादकों को इस दौरान अपने कार्यक्षेत्र में उन्नति मिलेगी। व्यावसायिक लोगों को अपने से उच्च अधिकारियों व सहभागियों के साथ ऑफिस में अच्छा संबंध बनाए रखने की सलाह दी जाती है। जल्दबाजी में कार्यालय से जुड़े मामलों में कोई गलत फैसला न लें। इस माह आपको व्यवसाय में भी बड़ा लाभ मिलेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिए ये समय अनुकूल है। गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य ठीक रहेगा व वो बच्चे को जन्म देते वक्त सुरक्षित रहेंगी। इस मास २२, २३, ३०,३१ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

अप्रैल

इस माह आप अपने अंदर आत्म-विश्वास की अनुभूति महसूस करेंगे और खुद को साहसी भी पाएंगे। अपनी मेहनत व सकारात्मक व्यवहार के जरिए आप सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे और यदि आपको पदोन्नति या वेतन बढ़ने की उम्मीद है तो आपकी इच्छा इस अवधि के दौरान पूरी हो सकती है। इन कुछ अच्छे परिणामों के साथ-साथ आप कुछ बुरे लोगों से भी मिल सकते हैं। मां के लिए ये समय थोड़ा कष्टदायी हो सकता है। इस दौरान उन्हें दु:ख का अनुभव हो सकता है या वे किसी बड़ी समस्या में भी पड़ सकती हैं। इसके अलावा घर में आपकी व्यंग्यपूर्ण भाषाशैली और कठोर व्यवहार गलतफहमी और असंतोष उत्पन्न कर सकता है। इसके अतिरिक्त इस बीच खढ र्चे बढ़ जाएंगे क्योंकि आप घर की आवश्यकताओं के कुछ सामान खढ रीदेंगे। बच्चों से संबंधित जो भी परेशानियां आपको हैं, वो सभी दूर हो जाएंगी। शिक्षा के क्षेत्र में उनका प्रदर्शन संतोषजनक रहेगा। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखने की आवश्यकता है क्योंकि चोट लगने की संभावना दिखाई दे रही हैं। इस मास ९,१०, १८,१९, २७,२८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

व्यापार क्षेत्र से जुडे जातकों के लिए यह माह बहुत अच्छा रहने वाला है। व्यापार को बढ़ाने का विचार अच्छे परिणाम देगा और आपका व्यापार नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाएगा। जिन जातकों ने बैंक में लोन के लिए अर्जी लगा रखी है तो इस दौरान उसे स्वीकृति प्राप्त हो सकती है। कार्यस्थल में आपके द्वारा किए गए प्रयासों और संसाध नों में वश्द्धि के संकेत दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान आपके आपके बच्चों के साथ कुछ विवाद हो सकते हैं। इस महीने के शुरू होते ही आपके स्वभाव में अहंकार आ सकता है जिस पर नियन्त्रण रखने की आवश्यकता है। अपने बच्चों को इतना भी लाड़-प्यार न करें कि वो इसका फायदा उठाने लगें। अपनी संवादशैली, बुद्धि आदि के लिए आपको दोस्तों, सहभागियों व पड़ोसियों से इस दौरान प्रशंसा प्राप्त हो सकती है। इसी माह आप अपने अंदर गुस्से का भाव महसूस करने लग जाएंगे। इस दौरान अपने ऊपर काबू पाएं और गुस्से से बचें, अन्यथा समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस बीच आपके खढ र्चे बढ़ेंगे। इस मास ६, ७, १५, १६, २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जून

इस महीने के प्रारम्भ में परिवार के कुछ सदस्यों का स्वास्थ्य खढ राब रहने से आप परेशान हो सकते हैं। डॉक्टर, दवाई आदि पर खर्चे जरूरत से ज्यादा हो सकते हैं। लेकिन ये अवधि बस थोड़े ही समय के लिए है अत: चिन्ता न करें। चीजें बहुत जल्दी संभल जाएंगी और आपकी सभी शीघ्र समाप्त हो जाएंगी। आय के नए स्रोत

प्राप्त होंगे और बचत भी ज़्यादा होगी। आप अपने भीतर सकारात्मकता व मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। आपका मन अति सक्रिय हो जाएगा और आपका काम अच्छा होगा। लोग आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे और इस दौरान आप प्रेम संबंधों में भी अपनी रुचि दिखाएंगे। जीवन साथी का सहयोग प्राप्त होगा। जमीन-जायदाद खरीदने से पहले सभी बातें अच्छे से साफ कर लें। यदि निवेश का प्लान बना रहे हैं तो समय बिल्कुल अनुकूल है। बीते समय में किए गए सभी निवेश इस दौरान लाभदायक फल देंगे। इस मास २, ३, १२, २०, २१, २९, ३० दिनांके नेष्ट रहेगी।

जुलाई

व्यापार क्षेत्र से जुडे जातक इस माह अच्छा लाभ कमाएंगे। इस मास आपको किसी विदेशी कंपनी से भी सहयोग प्राप्त हो सकता है। लेकिन साझेदार के साथ काम करते वक्त आपको सतर्क रहने की आवश्यकता है। अपने फैसलों व वित्तीय मामलों को पूरी तरह से सुलझाए रखें अन्यथा कोई समस्या हो सकती है। नौकरी करते हैं और अगर कुछ बदलाव करने की योजना बना रहे हैं तो यह समय इसके लिए ठीक नहीं है, थोड़ा और इंतजार करें। अगर आप नौकरी छोड़ भी देंगे तब भी वक्त वैसा ही रहेगा। तो बेहतर यही है कि अभी जिस नौकरी में हैं, उसी पर ध्यान केंद्रित करें। निजी जीवन में परेशानियां आ सकती हैं लेकिन शांति व खुशी फिर भी बनी रहेगी। इस माह आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और आपको पैसों से संबंधित कोई परेशानी नहीं होगी। आपकी अपनी व पारिवारिक आय में बढ़ोत्तरी होगी। दूसरों के ऊपर हावी होने का आपका स्वभाव परेशानियों को उत्पन्न कर सकता है। इन्हें दूर करने के लिए संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। इस मास १, ९, १०, १७, १८, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अगस्त

आर्थिक रूप से समय अच्छा रहेगा। बड़े भाई-बहन जो विदेश में अथवा अन्यत्र कहीं दूर कार्यरत हैं, उनकी सहायता से पैसों का आगमन होगा जिससे आर्थिक स्थिति सुधरेगी। सामाजिक स्थिति में भी पहले से बढ़ोत्तरी होगी और लोग आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे। आप जीवन साथी के साथ कोई नया व्यापार प्रारम्भ कर सकते हैं जो आपके लिए बहुत लाभदायक होगा। खुश रहें और नकारात्मक ऊर्जा व विचारों को अपने भीतर न आने दें। अपने ऊपर ध्यान दें और खुद को जीवन में आगे ले जाने के रास्ते निकालें। नव विवाहित जोड़ों के लिए ये माह चुनौतीपूर्ण रहेगा। लड़ाई, झगड़े व विवाद इस दौरान आपके जीवन में रहेंगे जिससे मानसिक शांति भी भंग होगी। यदि आप स्थिति को सुधारना चाहते हैं तो ध्यान व समझदारी के साथ काम लें। माह के लगभग पंद्रह दिन बाद चीजें सुधरने लग जाएंगी और भाग्य आपका साथ देगा। इस मास ५, ६, १४, १५, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

विदेश में काम करने वाले जातकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसी संभावनाएं हैं कि आप पर कोई बड़ा जैसे कागजात या पैसों की चोरी का आरोप लग सकता है। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों से भी विवाद हो सकता है। माह की शुरुआत में आप लक्ष्यहीन होकर कार्य करेंगे लेकिन आधा माह बीत जाने पर आप अपनी एक नई शुरुआत करेंगे। ये समय आपके परिवार वालों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। माता-पिता के लिए समय उचित नहीं है। उन्हें किसी भी प्रकार की मानसिक अशांति या स्वास्थ्य संबंधी समस्या से गुजरना पड़ सकता है, इसलिए उन पर इस दौरान ज़्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। पारिवारिक जीवन इस दौरान थोडा अस्त-व्यस्त रह सकता है। आपके परिवार वालों को आपसे कुछ समस्या हो सकती हैं और वो आपसे नाखुश हो सकते हैं। परिवार की ये समस्याएं कार्यक्षेत्र में भी देखने को मिल सकती हैं। इन सभी समस्याओं को जल्द से जल्द हल करें और परिवारिक व व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाएं। इस मास २,३, १०, ११, १९, २०, २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

मल्टी नेशनल कंपनी में कार्यरत लोगों को इस दौरान करियर में सफलता मिलेगी और आगे की ट्रेनिंग के लिए विदेश जाने का मौका मिलेगा। निजी मामलों में आपकी जिंदगी में खुशी भरपूर रहेगी और आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़े भाई-बहनों के लिए भी ये समय तरक्की लेकर आएगा। वो अपने जीवन में इस दौरान काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और बड़ी सफलता हासिल करेंगे। लेकिन आपके पिता को इस दौरान कार्य से संबंधी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं या व्यापार में साथ काम करने वालों के साथ विवाद हो सकते हैं। इसलिए उन्हें संयम से कार्य करने की सलाह दी जाती है। स्वास्थ्य की दश्ष्टि से इस माह आप मानसिक रूप से थोड़ा नीरस अनुभव करेंगे हालांकि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। कार्यभार के कारण समय-समय पर दबाव अनुभव करेंगे। ऐसे में ध्यान करने से लाभ प्राप्त होगा। स्थानांतरण की भी संभावना है। सरकारी फंड के प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों को किसी समस्या से गुजरना पड़ सकता है। इस मास ७,८, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

मिथुन राशि के जातकों के पिता के लिए यह समय थोड़ा कष्टदायी हो सकता है। वो इस दौरान किसी समस्या में फँस सकते हैं। लेकिन अपने प्रयास के जरिए वो इस बड़ी मुसीबत से बाहर भी निकल जाएंगे। आपके व्यावसायिक जीवन में कोई बड़ा बदलाव आएगा। कुछ सकारात्मक बदलाव व उन्नति की संभावना है और आपके दर तक कुछ अच्छे अवसर भी प्राप्त होंगे। जून माह का भविष्यफल यह इशारा कर रहा है कि, बाहर

की किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का अवसर भी प्राप्त हो सकता है। लेकिन सतर्क रहने की आवश्यकता है चाहें चीजें सही ही क्यों न जा रही हों। किसी गलतफहमी को अपने अंदर न पनपने दे और अगर यदि हो जाएं तो उन्हें सुलझाने की जल्द से जल्द कोशिश करें। कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का वैरभाव न पनपने दें अन्यथा प्रॉब्लम्स खड़ी हो सकती हैं। इससे आपकी छवि भी बिगड़ सकती है। वित्तीय मामलों के लिए समय अनुकूल रहेगा और आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होगी। इस मास ४, ५, १३, १४, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

इस मास जातक के जीवनसाथी की सामाजिक प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी होगी और वो अपने कार्यक्षेत्र में उत्तम प्रदर्शन करेंगे। उनकी सफलता आपको खुशी देगी । कुछ दम्पतियों के बीच अहंकार आ सकता है जिससे घर में असंतोष व विवाद बढ़ सकता है। वरिष्ठ जनों की सलाह आपकी समस्याओं को हल कर सकती है। आपकी माता को भावनात्मक व मानसिक रूप से देखभाल की आवश्यकता होगी, उनका विशेष ध्यान रखें। छात्रों के लिए समय अनुकूल है, उन्हें उनकी मेहनत का फल मिल सकता है। विदेश में पढ़ाई की इच्छा रखने वाले छात्रों को इस दौरान किसी बड़े संस्थान में प्रवेश मिल सकता है। स्वास्थ्य के संबंध से थोड़ी समस्याएं देखने को मिल सकती हैं, ध्यान रखे अन्यथा ये आपके लिए बड़ी समस्या भी खड़ी कर सकती हैं। वैवाहिक संबंधों के लिए भी समय अच्छा है। आप इस दौरान अपने साथी के साथ यादगार समय बिताएंगे। इस मास १,२, १०,११, २०, २१, २८, २९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जनवरी

मिथुन राशि के विवाह योग्य जातकों को अपना जीवनसाथी मिल सकता है और जो पहले से ही प्रेम संबंध में है उन्हें शादी के लिए माता-पिता से अनुमति प्राप्त हो सकती है। कुछ जातक इस बीच नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं लेकिन थोड़े से संघर्ष के बाद माह के पंद्रह दिन बीत जाने के बाद अच्छे विकल्प प्राप्त होंगे। कार्य से संबंधित यात्राएं भी इस दौरान हो सकती हैं अथवा जातक ऐसी नौकरी का चयन कर सकते हैं जिसमें बहुत ज्यादा यात्रा करनी पड़ती हो। ये समय सफलता, संसाधनों के संचय व सकारात्मकता से भरा रहेगा। जो विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए पढ़ाई कर रहे हैं उन्हे अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए कडा परिश्रम करना होगा क्योंकि उनकी तैयारी संतोषजनक नहीं होगी। वैवाहिक युगलों को इस समय का लाभ मिलेगा। संबंधों में प्रेम बढ़ेगा और आप एक खुशहाल और शांतिपूर्वक जीवन बिताएंगे। स्वास्थ्य के संबंध में आपको ज्यादा चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है। प्रतिदिन ध्यान व योग करने से आप स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं। इस मास ७, ८, १७, १८, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

इस मास धार्मिक व आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी। इस दौरान आपकी महात्माओं व आध्यात्मिक गुरुओं से वार्ता हो सकती है। परिवार के सदस्यों के साथ कोई व्यापार प्रारम्भ कर सकते हैं, लेकिन ध्यान रहें कि किसी भी कार्य की शुरुआत से पहले अच्छे से विचार-विमर्श कर लें ताकि आगे चलकर कोई परेशानी न आए। व्यापार के विस्तार के लिए ये उचित समय है। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, इसी बात को ध्यान में रखकर मेहनत करते रहें और आगे बढ़ते रहें। शेयर बाजार या प्रॉपर्टी में निवेश आपके लिए लाभकारक साबित होगा। कुछ लोग विश्रान्त महसूस कर सकते हैं जिससे एकाग्रता में कमी आ सकती है। जबकि कुछ लोग अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं और दोबारा कार्य की शुरुआत करने से पहले अपने लिए थोड़ा समय ले सकते हैं। इस समय के दौरान उधार लेने से बचें अन्यथा आप ऋण के जाल में फँस सकते हैं। आपको अपने जीवनसाथी का पूर्ण समर्थन मिलेगा और आप एक सुखी वैवाहिक जीवन बिताएंगे। लेकिन अपने जीवन साथी के स्वास्थ्य का विशेष ख्ढ याल रखें। इस मास ३, ४, १३, १४, २१, २२ दिनांक नेष्ट रहेगी।

कर्क राशि (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

मार्च

इस माह परिवार में आपके पिता का मान और बढ़ेगा। घर में कोई विवाद की स्थिति बनती है तो उनके दखल देने से मामला शांत हो जाएगा। आपके जीवनसाथी का विवाद घर के किसी बड़े सदस्य के साथ हो सकता है और यह बात आपको परेशानी कर सकती है। यदि आप पारिवारिक जीवन में शांति और सद्भाव चाहते हैं तो इस तरह के घरेलू मुद्दों को बेहद परिपक्वता के साथ सुलझाएं। बच्चों के साथ स्नेह बढेगा। शांति और संयम के साथ काम लें अन्यथा परिस्थितियां नियंत्रण से बाहर जा सकती है। इस माह बड़े भाई-बहनों के साथ भी आपके रिश्ते अच्छे रहने की संभावना कम है। कठिन वक्त के दौरान संयम बनाए रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। इस माह खर्च अधिक रहने की संभावना है इसलिए इस अवधि में सोच-समझकर पैसा खर्च करें। इन सबके अलावा जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें, साथ ही उनके खानपान पर भी ध्यान दें। इस मास २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अप्रैल

इस माह आर्थिक लाभ होने की संभावना दिखाई दे रही है लेकिन इस अवधि में व्यर्थ खर्च करने से बचें। आपके पिता को किसी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें। इस माह मानसिक तनाव अधिक होने की वजह से व्यावसायिक जीवन में आप थकान और परेशानी महसूस करेंगे। इस दौरान वरिष्ठों के

साथ कुछ मतभेद हो सकते हैं, जिन्हें सुलझाने की आवश्यकता होगी वरना इस कारण से कार्यस्थल पर आपकी एकाग्रता भंग होगी। अपने काम में गुणवत्ता लाने के लिए आप अधिक से अधिक प्रयास करेंगे। इस माह आप ज्यादा प्रसन्न नहीं रहेंगे, इसलिए बीती हुई बातों को याद ना करें और आराम करें। क्योंकि ज्यादा सोचने और निराश होने से आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इस माह वैवाहिक जीवन के भी सुखद और समश्द्ध रहने की पूरी संभावना है। आप जीवनसाथी के साथ बहुत ही अच्छे पल व्यतीत करेंगे। इस मास १,२, ३, ११, १२, १३, २०, २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

इस माह आपके पिता को सेहत संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए उनकी खास देखभाल करें। जरा सी लापरवाही उनके स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकती है। यदि बात करें आपकी प्रोफेशनल लाइफ की तो, इस माह सीनियर्स के साथ कुछ परेशानियां हो सकती हैं। सहकर्मियों की वजह से उच्च अधिकारियों के साथ भी विवाद की स्थिति बन सकती है। इसलिए ऑफिस में बेकार की बातें करने से बचें। इस माह अपने कार्यक्षेत्र में होने वाली परेशानियों का आपके व्यक्तिगत जीवन पर बुरा असर पड़ेगा। समझदारी से काम लेने की वजह से सब कुछ ठीक हो जाएगा। इस महीने मेडिकल संबंधी खर्च अधिक होने की वजह से आपका बजट बिगड़ सकता है। हालांकि इस माह आपकी सेहत बहुत अच्छी रहने वाली है लेकिन फिर भी स्वास्थ्य को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतें। आपका रुझान आध्यात्मिकता और रहस्यमयी विज्ञान जैसे विषयों की ओर बढ़ेगा। इस मास ९, १०, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जून

यह महीना कर्क राशि वाले लोगों के लिए बहुत ही सकारात्मक और अच्छा रहने वाला है। इस माह आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आप अपने सभी अधूरे कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। आपको लगातार सफलता मिलेगी और कठिन परिश्रम से उत्तम फल की प्राप्ति होगी। इस माह आध्यात्मिक चिंतन को लेकर आपकी रुचि बढ़ेगी। महीने के उत्तरार्ध में व्यक्तिगत जीवन में सुधार होगा। इस दौरान सभी तरह की चिंताएं खत्म होंगी और परिजनों से स्नेह और सहयोग मिलेगा, विशेषकर परिवार के बड़े लोगों से। इस माह आपकी आर्थिक स्थिति तो ठीक रहेगी लेकिन आपको खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा, इसलिए बेवजह खर्च ना करें। आमदनी के नए साधन मिलने से पारिवारिक आय में बढ़ोत्तरी होगी। इसके अलावा कुछ लोगों का कानूनी मामलों का भी सामना करना पड़ सकता है । अपनी व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर योग करें। यह आपकी सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी रहेगा। इस मास ५, ६, १४, १५, २२,२३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जुलाई

आर्थिक पक्ष से भी यह महीना कर्क राशि के लोगों के लिए अच्छा नहीं होगा। अचानक कोई आर्थिक नुकसान होने की वजह से वित्तीय स्थिति पर बुरा असर पड़ सकता है। इस अवधि में पैसा उधार देने और उधार लेने से बचें। इस माह कर्क राशि के जातकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। सेहत पर खासतौर से ध्यान देने की जरुरत होगी। इस दौरान कुछ लोग हृदय और पेट से संबंधी बीमारी से परेशान रह सकते हैं। जीवनसाथी का स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं दिखाई दे रहा है, इसलिए स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। घर में या बाहर रहते हुए किसी प्रकार की शीघ्रता ना करें, यही आपके लिए बेहतर होगा। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें, क्योंकि दुर्घटना की आशंका नजर आ रही है। इन सबके अलावा आपके पारिवारिक जीवन में तनाव बढ़ सकता है। इस दौरान गलतफहमी की वजह से विवाद की संभावना है, विशेषकर घर की महिलाओं से रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी काम की अधिकता की वजह से आप व्यस्त और तनाव में रहेंगे। इस मास २,३,४,११,१२, १९, २०, २१, २९, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अगस्त

इस महीने में आपको व्यक्तिगत जीवन में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। संतुलन की कमी की वजह से स्थिति और भी बिगड़ सकती है, इसलिए कार्यक्षेत्र और व्यक्तिगत जीवन में खुशियों के लिए शांति और संतुलन बनाकर चलें। आर्थिक रूप से यह महीना आपके लिए समृद्धशाली रहेगा और इस दौरान आपको अचानक कोई वित्तीय लाभ हो सकता है। पारिवारिक व्यवसाय भी अच्छे से चलता रहेगा और आमदनी बढ़ेगी। वहीं दूसरी ओर व्यावसायिक साझेदार से कुछ मामूली परेशानी हो सकती हैं, लेकिन यदि कुशलता के साथ काम लेंगे तो ये परेशानी आसानी से हल हो जाएगी। इस माह आमदनी अच्छी रहेगी लेकिन जीवन में खुशियों का अभाव रहेगा। विवाहित जातकों के लिए भी समय अच्छा नहीं है। वैवाहिक जीवन में कुछ बड़े समस्याएं आ सकती हैं, जिन्हें बहुत ही नरमी के साथ हल करने की कोशिश करनी होगी अन्यथा आपको कानूनी मामलों का भी सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह माह अच्छा रहने वाला है। इस मास ८, ९, १६, १७, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

आर्थिक लिहाज से यह महीना आपके लिए सामान्य रहने वाला है। इस अवधि में यदि आप कोई बड़ा निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो रुक जाएं। क्योंकि यह समय इस काम के लिए उपयुक्त नहीं है। इस माह अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। पेट

संबंधी कुछ रोगों से पीड़ित रह सकते हैं। यदि आप सेहतमंद रहना चाहते हैं तो अपनी संयमित जीवनशैली और स्वच्छ भोजन की आदत डालें। यह माह आपके जीवनसाथी की सेहत के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। इस दौरान वे हाई ब्लड प्रेशर, बुखार या संक्रमण की समस्या से पीड़ित रह सकते हैं, इसलिए थोड़ा सावधान रहें। इस माह आपके विरोध ी मजबूत स्थिति में रहेंगे और आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, अतः थोड़ी सावधानी रखें। अपने कार्यक्षेत्र और व्यक्तिगत जीवन में जल्दबाजी में आकर कोई भी निर्णय लेने से बचें, क्योंकि ऐसा करना आपके लिए घातक साबित हो सकता है। आपके व्यक्तिगत जीवन में विवाद और अशांति रह सकती है। प्रियजनों के साथ रिश्तों में दूरियां आ सकती है। हालांकि प्रयास करने से रिश्तों में सुधार होगा और संबंध सामान्य हो जाएंगे। इस मास ४, ५, १२, १३, १४, २२, २३ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

यह महीना आपके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहेगा। मानसिक तनाव और क्रोध की अधिकता से हालात और भी खराब होने की संभावना है। इस दौरान बड़े भाई-बहनों से विवाद हो सकता है। आपके कड़वे शब्द और बेवजह के विवादों में उलझने से लोग आपकी निंदा करेंगे। कुल मिलाकर शांतिपूर्ण जीवन के लिए इस माह आपको अपने क्रोध और स्वभाव पर नियंत्रण रखना होगा। माह के उत्तरार्ध में बच्चों की शिक्षा में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, इसलिए आपको उनको अतिरिक्त समय देना होगा। किन बच्चों से दोस्ती की जाए इस बात को भी लेकर उन्हें आपसे सलाह की आवश्यकता होगी वरना ऐसा भी हो सकता है कि वे गलत संगत में पड़ जाएं। गर्भवती महिलाओं के लिए समय थोड़ा सावधानी से चलने वाला है, अतः ज्यादा तनाव न लें, खुश रहें और डॉक्टरी परामर्श लेते रहें। जुलाई के महीने में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए आपको अपने विचारों में स्पष्टता रखनी होगी। इस मास १,२, १०, ११, १९, २०, २८, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

इस माह कर्क राशि के जातकों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दें। क्योंकि किसी भी तरह की लापरवाही कष्टकारक हो सकती है। इस महीने आप घर पर हालात को बेहतर करने के लिए अपनी ओर से पूरी कोशिश करेंगे। वहीं कार्य स्थल पर भी आप सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। अपने बेहतर काम से मिलने वाली प्रशंसा से आप खुद हैरान हो जाएंगे। वरिष्ठों और उच्च अधिकारियों से अच्छे संबंध रखने से आपको अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। आपका पारिवारिक जीवन भी सुखद और आनंदमय व्यतीत होगा। इस दौरान परिवार में शांति और सद्भाव का वातावरण रहेगा। जून के महीने में आपके व्यक्तिगत संबंधों में कुछ बदलाव होंगे और नए रिश्ते बनने की भी संभावना है। महिला जातकों को प्रेम-प्रसंग में आनी वाली परेशानियों को लेकर सावधान रहना होगा। क्योंकि संभव है कि प्रेम-प्रसंग के मामले में धोखा हो जाए। इस दौरान संबंध टूट भी सकते हैं। इस मास ६, ७, १६, १७, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

कर्क राशि के जातक इस माह कठिन परिश्रम से धन कमाएंगे। कार्यस्थल पर आपकी कड़ी मेहनत और बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है, साथ ही कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। जो जातक व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें इस माह अप्रत्याशित मौद्रिक लाभ मिल सकता है। इस मास जो भी निवेश करें सूझबूझ और दूरदश्ष्टि रखते हुए करें। यह महीना आर्थिक मामलों में बेहद अच्छा रहने वाला है। इस अवधि में आपको धन कमाने के कई नए अवसर मिलेंगे, जिससे आपकी वित्तीय स्थिति और सुदश्ढ होगी। घर और बाहर दोनों जगह कठोर भाषा बोलने से बचें, क्योंकि इससे किसी की भावनाओं को चोट पहुंच सकती है और ये आपके लिए परेशानी का कारण बन सकती है। इस माह आपकी रुचि कलात्मक कार्यों के प्रति ज्यादा रहेगी और विभिन्न कलात्मक गतिविधियों में शामिल होंगे। आपके बड़े भाई-बहनों के लिए यह समय बेहद समश्द्धशाली रहेगा और परिवार में उनकी स्थिति और मजबूत होगी। इस मास ३, ४, ५, १३, १४, २२, २३, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जनवरी

इस माह में कर्क राशि के जातकों को अपनी भाषा और शब्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि इस कारण गलतफहमी होने की आशंका बन रही है। इस माह आय बढ़ने के साथ-साथ खर्च भी बढ़ेंगे। यदि आप अपने व्यापार का विस्तार करना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा और आपको अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। पारिवारिक जीवन में उतार-चढ़ाव होने से आप थोड़ा तनाव अनुभव करेंगे। जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद होने से छोटे-मोटे विवाद हो सकते हैं, इसलिए समय रहते हुए इन सभी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करें अन्यथा स्थिति और बिगड़ सकती है। इसके अलावा व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए आपको साहस दिखाते हुए पहल करनी होगी। इस मास में बच्चे पढ़ाई-लिखाई में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उनके बारे में ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं होगी लेकिन उनका ध्यान अवश्य ही रखना होगा। इस मास १,९, १०, ११,१९, २०, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

इस माह परिजनों से आपको बहुत प्यार मिलेगा। परिवार की महिलाओं से आपको अप्रत्याशित लाभ प्राप्त हो सकता है। आप ज्यादातर दिन तनाव मुक्त और उत्साहित जीवन व्यतीत करेंगे। इस महीने आपके व्यापारिक क्षेत्र में बहुत से सकारात्मक

बदलाव होंगे। आपके काम और कठिन परिश्रम की प्रशंसा की जाएगी। ऐसे में यदि आप नौकरी में हैं तो इस माह आपको पदोन्नति मिलने की संभावना है। कार्य की अधिकता के चलते तनाव नहीं लें अन्यथा आप आत्मविश्वास की कमी अनुभव कर सकते हैं। इस माह आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी और आप कठिन परिश्रम से धन कमाएंगे। स्वभाव में उग्रता अधिक रहने से विषम परिस्थितियां उत्पन्न होंगी और कुछ लोग आपके विरोधी बन जाएंगे, अत: आप अपने मित्रवत व्यवहार और मधुर भाषा से संबंध बनाये रखने का प्रयास करें। इस महीने स्वास्थ्य को लेकर बिल्कुल लापरवाही नहीं बरतें। नेत्र से संबंधी पीड़ा आपको परेशान कर सकती है। इस मास ५, ६, ७, १५, १६, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सिंह राशि (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

मार्च

आप अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को कुशल तरीके से सुलझाने का प्रयास करेंगे और इस कार्य के लिए आपकी अंदर ही अंदर तारीफ भी की जाएगी। इस दौरान आप एक नई दिनचर्या अपनाएगे और स्वस्थ रहना आपकी पहली जरूरत बन जाएगी। इस मास आप अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देंगे। इस बीच आप अपने भोजन में भी बदलाव करेंगे। निजी संबंधों में कुछ सकारात्मक बदलाव नजर आएंगे। इस माह परिवार का साथ व प्यार आपको खुश व संपन्न रखेगा। वैवाहिक जिंदगी भी अच्छी रहेगी और आप अपने जीवनसाथी व बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सिंह राशि के कुछ जातक अपनी वर्तमान नौकरी में बदलाव करने की योजना बना सकते हैं। कार्यस्थल पर कुछ समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं जो आपके निजी जीवन में भी पहुंचकर घर की शांति व सौहार्द को बिगाड़ सकती हैं। आर्थिक स्थिति इस बीच अच्छी रहेगी। कुछ अप्रत्याशित आर्थिक लाभ से आय में वृद्धि होगी। इस मास २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अप्रैल

इस माह आप अपने धन व ऊर्जा को अनावश्यक मामलों में व्यय कर सकते हैं, जिससे आपको दु:ख भी हो सकता है। किसी भी फैसले को लेने या कार्य करने से पहले अच्छे से विचार-विमर्श अवश्य कर लें। स्वास्थ्य के संबंध में यह माह आपके लिए अच्छा नहीं रहेगा। एक समय के बाद आप थका हुआ महसूस कर सकते हैं और अपने काम में ध्यान नहीं लगा पाएंगे। कार्यभार या तनाव के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। स्वास्थ्य की दशष्टि से व्यय बढ़ने लग जाएंगे जिसके चलते भी आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ सकती है। आप अच्छा धन इस दौरान एकत्रित कर लेंगे लेकिन फिर भी उसे बचा कर नहीं रख पाएंगे। इस माह वैवाहिक जीवन में कुछ समस्या हो सकती है। इस दौरान जीवनसाथी से कुछ विवाद हो सकते हैं। निजी जिम्मेदारियों से जी चुराने की आदत जीवनसाथी के साथ आपका संबंध खढ राब कर सकती है। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति हो सकती है इसलिए इन सभी मामलों को अपनी बुद्धि व समझदारी से हल करने का प्रयास करें। साहस व हिम्मत के साथ इस मुश्किल परिस्थिति से निकलने की कोशिश करें। इस मास १,२, ३, ११, १२, १३, २०, २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

यह माह आपके लिए उन्नति लेकर आएगा और आपके काम वैसे ही पूर्ण होंगे जैसे आप चाहते हैं। कार्यक्षेत्र पर आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और उच्च पद भी प्राप्त करेंगे। आपके साझा संसाधनों में वशद्धि होगी और ये आपको तरक्की की ओर लेकर जाएंगी। इस दौरान आपको अच्छे लाभ की प्राप्ति होगी और आप ज्यादा से ज्यादा बचत कर सकेंगे। बड़े निवेशों से बड़ा लाभ मिलेगा। व्यापार में कोई नया साझेदार जुड़ सकता है जिसका आगमन व्यापार के लिए लाभदायक होगा। वैवाहिक जीवन खुशहाल व प्रेम से भरा रहेगा। आप एक-दूसरे को अपना सहयोग देंगे और आपका संबंध मजबूत होता जाएगा। विद्यार्थी अपने पढ़ाई के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और सफलता आपको खुशी देगी। विवाह योग्य जातक इस माह शादी के बंधन में बंध सकते हैं। प्रशासकों, योजनाकारों और सार्वजनिक कार्य से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है। इस मास ९, १०, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जून

सिंह राशि के जातकों के लिये यह माह बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस महीने में किए गए आपके सभी प्रयास सफल होंगे। शादीशुदा लोग इस समय का जम कर आनंद उठाएंगे। उनके जीवन में शांति, खुशी व सौहार्द बना रहेगा। महीने के पूर्वाध में ही कोई अच्छी सूचना प्राप्त हो सकती है। इस सूचना से आपके आत्म-विश्वास में वृद्धि होगी। इस दौरान आप स्वयं को अधिक ऊर्जावान व आशावादी अनुभव करेंगे। सभी कार्य योजनानुसार पूर्ण होंगे। परोपकार से जुड़े कार्यों में भाग लेने से आपकी छवि भी अच्छी होगी। घर व कार्यस्थल पर सुखद वातावरण रहेगा। इस माह परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे और आपके उनके साथ संबंध भी प्रगाढ होंगे। लोग आपका साथ पसंद करेंगे और आपकी लोकप्रियता भी बढ़ेगी। नए दोस्त बनेंगे और आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा। रियल-एस्टेट का बिजनेस कर रहे लोगों को इस माह सफलता मिलेगी। प्रॉपर्टी खढ रीदने व बेचने के लिए भी बिल्कुल उपयुक्त समय है। इस मास ५, ६, १४, १५, २२,२३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जुलाई

आपको इस दौरान कई संघर्षों का सामना करना पड़ सकता है। आपकी निजी व व्यावसायिक जिंदगी में इस दौरान कुछ समस्याएं आ सकती हैं। इस दौरान आपकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है साथ ही अनिद्रा व एलर्जी की समस्या भी हो सकती

है। अति सक्रिय और परेशान मन होने के कारण एकाग्रता में कमी आ सकती है। थका हुआ महसूस होने के कारण आपको परेशानियां हो सकती हैं। आप समय-समय पर बीमार भी पड़ सकते हैं। सिंह राशि के कुछ जातक अपनी वर्तमान नौकरी से संतुष्ट नहीं रहेंगे और नौकरी में परिवर्तन कर सकते हैं। अथवा वर्तमान कार्यक्षेत्र में भी बदलाव आ सकते हैं। घर में थोड़े बहुत विवाद संभव हैं। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। लेकिन इन सभी चीजों से परेशान व निराश न हों क्योंकि आपको खुशी जरूर मिलेगी। बस संयम रखें और हर मोड़ पर सकारात्मक रूप से सोचें। इस मास २,३,४,११,१२, १९, २०, २१, २९, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अगस्त

सिंह राशि के जातक जो व्यापार क्षेत्र से जुडे हैं, उनके लिए यह काफी अच्छा समय है। इस दौरान उन्हें सात समुंद्र पार से कोई अच्छी सूचना प्राप्त हो सकती है जो उनके लिए काफी लाभदायक होगी। आमदनी अच्छी हो जाएगी लेकिन साथ ही साथ खढ चें भी बढ़ जाएंगे। इस दौरान आप भौतिक सुखों से परिपूर्ण व विलासिता की जिंदगी जिएंगे। भूतकाल में किया निवेश इस दौरान आपको दोगुना मुनाफा देगा। इस माह शेयर बाजार में यदि निवेश किया है तो इससे भी अच्छे परिणाम हासिल होंगे। परिवार के सभी सदस्य आपसे खुश रहेंगे और आपको अपना प्यार व सहयोग प्रदान करेंगे। वैवाहिक जीवन आनंदपूर्वक बीतेगा और आप इस बीच पत्नी, बच्चों के साथ छुट्टियां बिताने दूर यात्रा पर या विदेश जा सकते हैं। महीने के मध्य में जाकर आपकी कार्यक्षेत्र में भी इस समय का लाभ होगा। अच्छे वेतन के साथ-साथ पदोन्नति की भी संभावना दिखाई दे रही हैं। बड़े भाई-बहनों के लिए भी समय शुभ है। इस मास ८, ९, १६, १७, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

शादीशुदा जोड़ों के लिए यह माह थोड़ा चुनौती पूर्ण हो सकता है। एक-दूसरे के प्रति समय न दे पाने व गलतफहमियों की उत्पत्ति होने के कारण आपके वैवाहिक जीवन में तनाव रह सकता है। झगड़ों व वाद-विवादों के कारण घर-परिवार से खुशहाल वातावरण कम हो जायेगा। परिवार में वरिष्ठ जनों के साथ भी विचार सहमत न हो पाने के कारण बहस हो सकती है। शीघ्रता में लिए गए आपके निर्णय और दूसरों पर हावी होने का स्वभाव लोगों को दु:खी कर सकता है। विदेश जाने की इच्छा रखने वाले जातकों के लिए समय ठीक नहीं है। जो लोग अपने काम की वजह से पहले से ही विदेश में रह रहे हैं, उन्हें इस वक्त अपने पैसों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। बात करें अगर आपके बच्चों की तो अभी उन पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगी। यदि ऐसा नहीं हुआ तो वो भटक भी सकते हैं। आधा माह गुजर जाने के बाद आपके व्यावसायिक जीवन में सकारात्मक बदलाव आने लग जाएंगे। इस मास ४, ५, १२, १३, १४, २२, २३ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

आपके जीवन साथी इस मास प्रगति की ओर बढ़ेंगे। इस दौरान उन्हें भाग्य को संवारने के लिए कई मौके प्राप्त होंगे। वो इन अवसरों का भली-भांति तरीके से उपयोग करेंगे और सफलता प्राप्त करेंगे। जीवन साथी को इस दौरान बड़ा पद व वेतन प्राप्त होगा। अपने स्वास्थ्य के प्रति आप थोडी लापरवाही कर सकते हैं। इस लापरवाही के कारण आप परेशानी में भी पड़ सकते हैं। जीवन में निराश रहने व अन्य गतिविधियों में रुझान न होने के कारण आप तनावग्रस्त हो सकते हैं। सड़क पर सावधानी से गाड़ी चलायें क्योंकि इस मास चोट लगने के आसार हैं। मां की तबियत अच्छी रहेगी लेकिन पिता की सेहत को नुकसान पहुंच सकता है इसलिए सावधान रहें। कार्यक्षेत्र पर वरिष्ठ जनों व सहभागियों के साथ विवाद हो सकते हैं जिससे आपका प्रदर्शन खढ राब हो सकता है। ऐसे में बहस से बचें और विवादों को समाप्त करने का प्रयास करें क्योंकि इससे आपकी छवि भी बिगड़ सकती है। प्रोफेशनल लाइफ में आपका करियर ग्राफ नीचे जा सकता है, इसलिए मेहनत करें व एकाग्रता के साथ अपना काम करें। इस मास १,२, १०, ११, १९, २०, २८, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

आपके जीवन साथी को इस माह विदेश जाने का अवसर मिल सकता है। इस मास भाग्य उनका साथ देगा और वो सफलता प्राप्त करेंगे। कार्य संबंधी कुछ छोटी-बड़ी यात्राएं हो सकती हैं। जीवन साथी की सेहत माह की शुरुआत में चिंता का कारण हो सकती है इसलिए उनका ध्यान रखें। वहीं दूसरी तरफ जीवन साथी से आपके कुछ मतभेद भी हो सकते हैं। लेकिन चिंता की कोई बात नहीं ये सभी समस्याऐं आपके प्रयासों से दूर हो जाएंगी। यदि अगर आप अपना ज्यादा से ज्यादा समय अपने जीवन साथी के साथ बिताएं तो उत्तम रहेगा। व्यापार कर रहे जातकों के लिए समय अच्छा है। निर्यात में वृद्धि होगी और व्यापार में विदेशी सहयोग प्राप्त होने से लाभ होगा। साझेदारी में व्यापार करते समय सावधानी रखें। आपके अपने साथी के साथ कुछ विवाद हो सकते हैं जिसको जल्द सुलझाने की जरूरत है अन्यथा साझेदारी समाप्त भी हो सकती है और व्यापार में हानि हो सकती है। बढ़ते खर्चों के कारण परिवार में सौहार्द की भावना कम हो सकती है। इस मास ६, ७, १६, १७, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

यह माह शांति व खुशी से परिपूर्ण रहेगा। आत्म-विश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। आप समय-समय पर आक्रामक रवैया भी अपना सकते हैं। अपने निजी व व्यावसायिक जीवन में अधिक प्रयास करेंगे और थोड़े समय बाद सफलता भी प्राप्त करेंगें। कार्य स्थल पर विरोधी आपके लिए समस्याएं उत्पन्न कर सकते हैं लेकिन चिंता की कोई बात नहीं क्योंकि उन्हें सफलता नहीं मिलेगी। आपके साथ काम करने वाले कुछ सहभागी आपसे

ईर्ष्या का भाव भी रख सकते हैं जिससे ऑफिस का वातावरण अनुकूल नहीं रह पाएगा। लेकिन चिन्ता न करते हुए केवल अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें और आगे बढ़ते रहें। इस दौरान आप अच्छी रकढ म जुटा पाएंगे और सभी कर्ज से मुक्त हो जाएंगे। लेकिन जोखढि म भरे निवेश से खुद को दूर ही रखें क्योंकि आर्थिक हानि होने की सम्भावना हो सकती है। स्वास्थ्य हेतु यह माह उत्तम रहेगा। आप अपने स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देने लग जाएंगे। व्यायाम, योग व ध्यान को अपने रोजाना के नियम में सम्मिलित कर लेंगे। इस मास ३, ४, ५, १३, १४, २२, २३, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जनवरी

इस मास आप शांति व सौहार्द की खोज में आध्यात्मिक व धार्मिक चीजों की ओर झुकने लग जाएंगे। अधिक आशावादी होने का प्रयास करें, इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नकारात्मक भाव जैसे डर, ईर्ष्या, जलन, नफरत व बदले की भावना से स्वयं को दूर रखें। आर्थिक रूप से यह माह सामान्य रहेगा। संघर्ष व मेहनत से ही आप इस दौरान पैसे कमा पाएंगे। अनावश्यक चीजों पर खढ र्च न करने की आपको सलाह दी जाती है। वहीं दूसरी तरफ सेहत संबंधी कुछ समस्याएं आपके जीवनसाथी को परेशान कर सकती हैं। तो ऐसे में दवा आदि में आपका खढ र्च होगा जिससे बजट बिगड़ जाएगा। इस माह निजी संबंधों में बहस व लड़ाई के कारण अशांति रह सकती है। परिवार के कुछ सदस्य आपके फैसले से ना खुश हो सकते हैं। विद्यार्थियों का शिक्षा में प्रदर्शन उत्तम रहेगा। कुछ लोग को आत्म-विश्वास में कमी भी महसूस हो सकती है। इन सबके अलावा आपकी गलत व खढ राब भाषा शैली से भी समस्याएं बढ़ सकती हैं। इस मास १,९, १०, ११,१९, २०, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

इस माह कलात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और इससे जुड़ी गतिविधि यों में आप भाग लेंगें। जीवनसाथी से आपका रिश्ता इस दौरान और भी ज्यादा मजबूत होगा और आपके व आपके साथी के बीच प्यार बढ़ता जाएगा। नये स्थलों का भ्रमण भी हो सकता है। आपके जीवन साथी इस माह आपके जीवन में बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और आपकी सफलता में अपना योगदान देंगे। शादीशुदा जीवन शांति व खुशी के साथ आगे बढ़ता रहेगा और आप दोनों अपना समय आनंदपूर्वक साथ-साथ बिताएंगे। परन्तु परिवार में कुछ विवाद भी उत्पन्न हो सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ आपका रिश्ता गलतफहमियों के कारण बिगड़ सकता है। विद्यार्थियों को इस मास सफलता प्राप्त होगी। परिणाम का यदि इंतजार कर रहे हैं तो इस दौरान आपको काफी अच्छे अंक प्राप्त होंगे। लेखकों व कलाकारों के लिए समय अच्छा है। उनके रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा की जाएगी। इस मास ५, ६, ७, १५, १६, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

कन्या राशि (टो पा, पी, पू,ा, ण, ठ, पे, पो)

मार्च

यह महीना कन्या राशि के जातकों के लिए सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेगा। आपका आकर्षक व्यक्तित्व लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। इस अवधि में आपके द्वारा विवेकपूर्ण तरीके से लिए गए फैसलों से अच्छे परिणाम प्राप्त होने की संभावना है। आपका पारिवारिक जीवन हर्ष और उल्लास से भरा होगा और आप परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। इसके अतिरिक्त जीवनसाथी के साथ आपका बंधन और भी मजबूत होगा एवं आप दोनों एक साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इस माह आपको मिलने वाली सफलता से आपके माता-पिता बहुत प्रसन्न होंगे। साथ ही उनकी ओर से मिलने वाला स्नेह और सहयोग आपके लिए लाभकारी रहेगा। इस माह आपके माता-पिता को भी कोई अप्रत्याशित लाभ मिलने की संभावना है। कुछ विवाहित जोड़े मिलकर कोई संपत्ति खरीद सकते हैं। परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र या परिणाम का इंतजार कर रहे छात्र, दोनों के लिए यह समय अच्छा रहने वाला है। इस अवधि में आपको सफलता प्राप्त होगी। नए दोस्त बनने से सामाजिक प्रभाव बढेगा । दोस्तों और परिजनों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। इस मास २२, २३, ३०,३१ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

अप्रैल

इस महीने की शुरुआत आपके लिए बेहद अच्छी रहेगी। व्यक्तिगत जीवन व कार्यक्षेत्र में आप सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे। व्यक्तिगत जीवन में आप सौहार्दपूर्ण रिश्तों का आनंद लेंगे। इस माह आपका झुकाव आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों के प्रति अधिक होगा और आप इन कार्यों में सम्मिलित होंगे। कार्यस्थल पर अच्छा काम करने के कारण आपको पदोन्नति मिलने की संभावना है। सहकर्मी और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। परन्तु कार्यक्षेत्र में साथ काम करने वाले लोगों से विवाद करने से बचें। भाई-बहन के साथ कर रहे व्यापार में लाभ की प्राप्ति होगी। इस माह आप कड़ी मेहनत से ढेर सारा धन कमाएंगे और आपको तरक्की के कई अवसर प्राप्त होंगे। यदि आप एक छात्र हैं तो परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए आपको पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ना होगा। इस मास ९,१०, १८,१९, २७,२८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

यह महीना कन्या राशि के जातकों के लिए अच्छा रहेगा। इस अवधि में आप काम और वित्तीय मामलों को लेकर सुखद स्थिति का अनुभव करेंगे। कार्यस्थल पर आप अपने काम और बेहतर प्रदर्शन से अधिकारियों को प्रसन्न कर देंगे। इसके फलस्वरुप ऑफिस में आपको विशेष जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, साथ ही आपको मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आर्थिक मोर्चे पर इस माह धन का आवागमन अच्छा रहेगा और आप

सुखमय जीवन व्यतीत करेंगे। इस अवधि में आप जो भी निवेश करेंगे उससे लाभ की प्राप्ति होगी। व्यापार को बढ़ाने के लिए यह समय बिल्कुल उपयुक्त है। परिवार में शांति, सद्भाव, स्नेह और एकता बनी रहेगी। आपके घर का वातावरण बहुत ही अच्छा रहेगा। इसके अलावा आपका वैवाहिक जीवन भी बहुत सुखमय रहेगा। आप दोनों के रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। सार्वजनिक जीवन में लोग आपके सकारात्मक व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे और इससे आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। इस मास ६, ७, १५, १६, २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जून

इस माह कन्या राशि के जातक भाग्यशाली और खुशी रहेंगे। आप पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस अवधि में आप आवश्य निर्णय लेने हेतु साहस और बुद्धि से काम लेंगे। कार्यस्थल पर सफलता प्राप्त करने के लिए आप बेहतर प्रयास करेंगे और निश्चित ही आपको अपनी मेहनत का परिणाम मिलेगा। कार्य में अधिक व्यस्त रहने के कारण आप परिवार को ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे। जीवनसाथी से आपके रिश्ते अच्छे बने रहेंगे लेकिन काम से समय निकालकर उनके साथ कुछ समय व्यतीत करें तो यह आपके संबंधों के लिए बेहतर होगा। बच्चे पढ़ाई-लिखाई में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वे अपनी क्षमता और योग्यता के अनुसार आगे की पढ़ाई के लिए विषय चयन कर सकते है। यदि आप छात्र हैं तो इस महीने ऊर्जा से भरपूर रहेंगे और समय का भरपूर प्रयोग करेंगे। इस मास २, ३, १२, २०, २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

जुलाई

इस महिने आपकी पदोन्नति और वेतन में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है। वहीं पारिवारिक जीवन भी इस माह अच्छा रहने वाला है। इस महीने आपको भाग्य का सहयोग प्राप्त होने वाला है। कार्यस्थल पर आप अपने अच्छे प्रदर्शन से सबको आश्चर्यचकित कर देंगेइस दौरान आप परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं और उनके साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इस माह घर पर शादी-विवाह व अन्य मांगलिक कार्यों का आयोजन संभव होगा। इस माह धन का आवागमन अच्छा रहने से आपको किसी प्रकार के आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा, लेकिन जोखिम भरे मामलों में निवेश करने से बचें। निवेश करने से पहले अच्छी तरह शोध कर लें। आप उत्साह और आत्म विश्वास से भरपूर रहेंगे इसलिए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। अगर बात करें आपके बिजनेस की तो, आपका व्यावसायिक साझेदार असंतुष्ट दिखाई दे सकता है इसलिए सभी मतभेदों को सुलझाएं और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। अंत में इस माह सेहत को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतें। यदि किसी बीमारी से पीड़ित हैं तो नियमित जांच और परामर्श लें। इस मास १, ९, १०, १७, १८, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अगस्त

यह महीना आपके पिता के लिए अच्छा रहेगा। इस अवधि में उनकी स्थिति मजबूत रहेगी और उन्हें प्रसिद्धि मिलेगी, साथ ही समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परोपकारी कार्यों में उनकी सहभागिता रहने से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वशद्धि होगी। पारिवारिक जीवन में शांति और सद्भाव बना रहेगा। परिवार के प्रत्येक सदस्यों से आपको स्नेह और सहयोग मिलेगा। यह समय आपके लिए अत्यंत शुभ रहेगा। इस दौरान आपको माता-पिता से भौतिक सुखों की प्राप्ति होगी। महीने के अंतिम दिनों में जीवनसाथी/प्रियतम के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। जीवनसाथी की सेहत आपके लिए चिंता का कारण बन सकती है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखें। यह समय किसी भी तरह का लोन या कर्ज लेने के लिए उपयुक्त नहीं है, अतः सावधान रहें क्योंकि इस दौरान वित्तीय नुकसान हो सकता है। इस मास ५, ६, १४, १५, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

यह महीना विशेषकर कन्या राशि की महिला जातकों के लिए अच्छा नहीं रहेगा। इस माह उन्हें कुछ शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए अपना ध्यान रखें और डॉक्टर से परामर्श लेते रहें। आप अपने व्यक्तिगत जीवन में कुछ परेशानियों को महसूस करेंगे। वहीं कार्यस्थल पर सहकर्मीयों व वरिष्ठों के साथ अच्छे संबंध बनाकर चलें। कार्यक्षेत्र में किसी की बुराई करने से बचें और सभी से विनम्रता से बात करें। महीने के उत्तरार्ध में रिश्तों को लेकर अपना दृष्टिकोण साफ रखना होगा। आपकी उन्नति में जीवनसाथी का महत्त्वपूर्ण योगदान होगा और आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। इस माह आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और यदि आप किसी योजना में निवेश करेंगे तो आपको इससे अच्छा लाभ होगा। इस मास २,३, १०, ११, १९, २०, २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

कन्या राशि के जातक इस महीने स्वस्थ रहेंगे हालांकि मानसिक रूप से थोड़े परेशान रह सकते हैं। इस कारण उनकी एकाग्रता और सोचने की क्षमता पर प्रभाव पड़ेगा, इसलिए नकारात्मक विचारों को अपने ऊपर बिल्कुल हावी नहीं होने दें। मानसिक शांति के लिए आपको योग व प्राणायाम का सहारा लेना चाहिये। इस माह वैवाहिक जीवन में विषम परिस्थितियां उत्पन्न होगी। इस दौरान छोटा मतभेद भी किसी बड़े विवाद का कारण बन सकता है। महीने के उत्तरार्ध में भी आपको वैवाहिक जीवन में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें। वहीं इस माह पारिवारिक संबंधों में भी आपको उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान आपका अपने साझेदार से विवाद हो सकता है। वे जातक जो अकेले हैं इस माह किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा कर सकते हैं। इस माह कन्या राशि के जातक व्यर्थ के कामों में अपनी ऊर्जा नष्ट नहीं करें बल्कि

अपना ध्यान लक्ष्य की ओर रखें। कार्यक्षेत्र में उन्नति इस माह अच्छी रहने वाली है और पदोन्नति के योग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में आंख मूंदकर किसी पर विश्वास ना करें, यह आपके लिए बेहतर होगा। इस मास ७,८, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

यह महीना कन्या राशि के उन छात्रों के लिए अच्छा रहने वाला है, जो कलात्मक विषय की पढ़ाई कर रहे हैं। इस अवधि में वे अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और प्रशंसा पाएंगे। वहीं दूसरी ओर इस माह आपकी आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी एवं आप कोई नई संपत्ति खरीद सकते हैं। इस दौरान आपके खर्चों में अत्यधिक वश्द्धि भी होगी। कन्या राशि के वे जातक जो विदेशों में काम कर रहे हैं उन्हें कार्य स्थल पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, अत: वे धैर्य से काम लें। क्योंकि इस अवधि में जो भी विवाद व मतभेद सामने आएंगे वे जल्द ही हल हो जाएंगे। वे जातक जो इस माह विदेश जाने की योजना बना रहे हैं उन्हें अभी अपने इस विचार को त्याग देना चाहिए। क्योंकि यह महीना विदेश यात्रा के लिए उपयुक्त नहीं है। आपको कई अच्छे अवसर मिलेंगे लेकिन अच्छा अवसर सही समय पर ही आएगा। पारिवारिक जीवन में तनाव और विवाद की संभावना है। घर में जीवनसाथी और परिजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है, इसलिए सभी मतभेदों को धैर्य और परिपक्वता के साथ निपटाएं। इस मास ४, ५, १३, १४, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

इस महीने कन्या राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आपके आत्मविश्वास में वश्द्धि होगी और काम में सफलता मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। विदेशी संपर्क और संबंध आपके लिए लाभकारी होंगे और उनक द्वारा आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। छोटे भाई-बहनों के लिए यह महीना अच्छा रह सकता है क्योंकि इस दौरान उच्च शिक्षा के लिए उनके विदेश जाने की संभावना बन रही है लेकिन इस संबंध में थोड़ी सावधानी बरतें। आप मानसिक रूप से बेहद खुश रहेंगे और आपके उत्साह में वश्द्धि होगी। माँ का स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, पुराने रोग शान्त होंगे। सामाजिक कार्यों में उनकी सहभागिता रहने से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी, साथ ही वे आर्थिक रूप से आपकी मदद भी करेंगी। इस महीने आप तीर्थदर्शन के लिए जा सकते हैं। इस महीने आपकी सेहत अच्छी रहेगी लेकिन नियमित व्यायाम करना आपके लिए और भी लाभकारी रहेगा। इस मास १,२, १०,११, २०, २१, २८, २९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जनवरी

इस महीने में कन्या राशि के जातकों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या का सामना करना पड़ सकता है, विशेष रूप से पेट से जुड़ी कोई बीमारी परेशान कर सकती है। इसलिए अपने खानपान पर विशेष ध्यान दें। मुंह में छाले, घाव और नेत्र संबंधी पीड़ा भी हो सकती है। पारिवारिक जीवन इस माह अच्छा रहने वाला है। घर-परिवार में खुशियां बनी रहेगी और आप परिजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। जीवनसाथी आपको कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा और आप दोनों के बीच अच्छे संबंध रहेंगे। कार्य स्थल पर आप कठिन परिश्रम करेंगे और आपको सफलता प्राप्त होगी। इस माह विरोधी आपको चोट पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन वे सफल नहीं हो पाएंगे। इस माह आप अपना सारा उधार चुका देंगे और आपकी वित्तीय स्थिति में मजबूती आएगी। शेयर बाजार में पूंजी निवेश करने से बचें अन्यथा बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। वे छात्र जो उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने की योजना बना रहे हैं उन्हें सलाह की आवश्यकता होगी। इसलिए सही मार्गदर्शन और सुझाव लेकर ही आगे बढ़ें। इस मास ७, ८, १७, १८, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

इस महीने में कन्या राशि वाले जातकों को को किसी भी तरह की आर्थिक चुनौतियों का सामना नहीं करना पड़ेगा, बल्कि इस अवधि में उन्हें अच्छा लाभ होने की संभावना है। क्योंकि इस दौरान किए गए निवेश से अप्रत्याशित लाभ होगा। यदि आपने प्रॉपर्टी में कोई निवेश किया हो तो बड़ा लाभ मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, साथ ही जीवनसाथी की ओर से मिलने वाले आर्थिक योगदान से परिवार की आय में वश्द्धि होगी। इस माह आपको व्यवसाय में भी सफलता मिलने के योग हैं। इस समय अवधि में भाई-बहन या दोस्तों के साथ मिलकर किसी बिजनेस की शुरुआत करना आपके लिए लाभकारी हो सकती है। जो जातक साझेदारी में व्यवसाय कर रहे हैं उन्हे साझेदार की मदद से लाभ की प्राप्ति होगी। इस मास आपके दयालु स्वभाव और मधुर वाणी के कारण आपकी प्रशंसा होगी। इस मास ३, ४, १३, १४, २१, २२ दिनांक नेष्ट रहेगी।

तुला राशि (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

मार्च

कला विषय के छात्रों के लिए यह महीना अच्छा रहेगा। इसमें आपकी कलात्मक शैली का विकास होगा और करियर में आपको इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान इंजीनियरिंग क्षेत्र से संबंध रखने वाले जातकों को अधिक सफलता मिलने के योग हैं। यदि आप निजी क्षेत्र में प्रबंधन में करियर की सोच रहे हैं तो इसमें आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार में साझेदारी से आपको मुनाफा प्राप्त होगा। पैतृक कारोबार में आपकी सभी बाधाएँ दूर होंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और लगन से प्रतिष्ठा प्राप्त होगी और पदोन्नति भी संभव है। आपके वरिष्ठ जन हर संभव आपकी मदद को तैयार रहेंगे। आप थोड़े सावधान रहें और ज्यादा अफवाहों पर ध्यान न दें। धैर्य के साथ किसी समस्या का समाधान करें। इस मास २२, २३, ३०,३१ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

अप्रैल

इस महीने आप अपने कार्य पर ज्यादा ध्यान देंगे और इस कारण आप अपने पारिवारिक जीवन को कम समय दे पायेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके आपके रिश्ते तनावपूर्ण हो सकते हैं, लिहाजा ऐसी स्थिति को न आने दें और अपने पारिवारिक व व्यावसायिक जीवन के बीच सामंजस्य बिठाने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में यह माह आपके लिए आसान नहीं है। इसमें आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। सहकर्मियों से भी आपके रिश्ते बिगड़ सकते हैं। इस दौरान आप सभी के साथ अपना मधुर व्यवहार बनाए रखें और किसी को अपशब्द न कहें। व्यापार की दश्ष्टि से यह महीना आपके लिए अच्छा रहेगा परंतु व्यापार में साझेदार के साथ आपकी बन नहीं रही है तो आपको इस समस्या का समाधान निकालना होगा। स्वास्थ्य पक्ष से आपको इस महीने थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी दुर्घटना से आपको चोट भी लग सकती हैं। वाहन चलाते समय जल्दबाजी न करें और अधिक गति से गाड़ी न चलाएँ। वहीं अपने पिताजी की सेहत का भी खढ याल रखें। घर में परिजनों से आपके संबंध अच्छे रहेंगे। इस मास ८, ९, १०, १७, १८,१९, २६, २७,२८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

इस महीने आप अपने कार्य को नये उत्साह से व बड़े ही कलात्मक ढंग से करेंगे। नई-नई चीजों को सीखने जानने के लिए आप लालायित रहेंगे और अपनी प्रतिभा का विकास करेंगे। आपकी कलात्मक शैली की प्रशंसा होगी और यह प्रशंसा आपको ऊर्जावान बनाएगी। अपने उत्कृष्ट कार्य से आपको भी प्रसन्नता होगी। कार्टूनिस्ट, समीक्षकों, लेखकों और व्यंगकारों के लिए यह माह उत्तम रहेगा। उन्हें अपने क्षेत्र में विशेष सफलता मिलने के योग हैं। माह के दूसरे चरण के बाद कार्यक्षेत्र आपको अपने वरिष्ठकर्मियों के साथ अच्छे संबंध बनाकर रखना होगा। आपके घरेलू जीवन में कोई मांगलिक कार्य के होने संभावना दिखाई दे रहे हैं। विवाहित जोड़ों को संतान प्राप्ति के भी योग हैं। इस मास ६, ७, १४, १५, १६, २३, २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जून

जून माह आपके लिए उत्तम रहेगा। आपके घर का वातावरण सामान्य रहेगा और रिश्तों को सुधारने में भी आपको सफलता मिलने की संभावना है। हालाँकि छोटे-मोटे विवाद सामने आ सकते हैं परंतु आपको इसमें चिंता करने की जरुरत नहीं है। कार्यक्षेत्र में सफलता पाने के लिए आप अधिक परिश्रम करेंगे। नौकरी में आपकी आय में वश्द्धि होने के योग हैं और यदि आप अपनी वर्तमान नौकरी में परिवर्तन करने का विचार कर रहे हैं तो समय आपके लिए अनुकूल है। इस महीने में आपको शुभ परिणामों की प्राप्ति होगी। कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा वातावरण देखने को मिलेगा। पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों को नौकरी प्राप्त होगी। इस माह आप अधिक ऊर्जावान रहेंगे और आपके अंदर सकारात्मक उत्साह दिखाई देगा। अपने उद्देश्यों को भी आप पूरा करेंगे। इस मास २, ३, ११, १२, २०, २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

जुलाई

जुलाई माह तुला राशि के जातकों के लिए सामान्य रहेगा। आर्थिक दश्ष्टि से जुलाई मास आपके लिए ज्यादा अनुकूल नहीं है। आपके खढ र्चों में वश्द्धि की संभावना है। साथ ही आपके सामने आर्थिक संकट की स्थिति भी आ सकती है। अपने अनावश्यक खढ र्चों में लगाम लगाएँ और धन की बचत पर ध्यान दें। आपकी निजी समस्या आपके कार्यक्षेत्र को प्रभावित कर सकती है। अपने कार्य में ध्यान दें और तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। इस दौरान आपकी ऊर्जा में कमी देखी जा सकती है। पढ़ाई में बच्चों का कमजोर प्रदर्शन आपके तनाव का कारण बन सकता है। वहीं यदि आप व्यापार में साझेदारी कर रहे हैं तो सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि इस दौरान आपको धोखा हो सकता है। मन में नकारात्मक विचारों को कढ तई जगह न दें और विपरीत परिस्थितियों का डटकर सामना करें। अपनी वाणी में संयम रखें। इस मास १, ८, ९, १०, १७, १८, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अगस्त

आर्थिक दश्ष्टि से तुला राशि के जातकों के लिए अगस्त माह अच्छा रहेगा। यदि आप अपने बेवजह के व्यय पर लगाम लगाएंगे तो आपको इसमें और भी अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत बनाने के लिए आपको इस मास प्रयास करने होंगे। धन संबंधित क्षेत्र में किसी पर विश्वास करना आपके लिए नुकसानदायक रह सकता है। पारिवारिक जीवन में भी आपको सावधान रहना होगा। जीवनसाथी और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने कोई बड़ी चुनौती आ सकती है। आप अपने परिवार से दूर भी जा सकते हैं। प्रेम संबंधों हेतु यह मास शुभ रहने वाला है। निजी जीवन में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए बड़े-बजुर्गों की सलाह लें। स्वास्थ्य की दश्ष्टि से यह मास आपके लिए सामान्य रहेगा। स्वस्थ रहने के लिए आप योग व ध्यान कर सकते हैं। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएँ और अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। इस मास ४, ५, १३, १४, १५, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

सितम्बर माह तुला राशि के जातकों के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इस महीने आपको अपने भाग्य को सुधारने के कई अवसर प्राप्त होंगे। इस माह लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा आपके योग में है। निजी अथवा व्यवसाय संबंधित कारणों से आप विदेश

यात्रा पर भी जा सकते हैं। जो छात्र अनुसंधान एवं विकास संबंधी विषय से जुड़े हुए हैं उन्हें अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। आर्थिक क्षेत्र में आपको उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। अचानक लाभ अथवा हानि संभव है। इस माह मित्रों के सहयोग से व्यापार करना आपके लिए लाभकारी रहेगा। आपको अपने पैतश्क व्यवसाय मे समझदारी से फैसले लेने होंगे। वैवाहिक जीवन में आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी के साथ किसी प्रकार का विवाद भी संभव है। अपने जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें और उनके साथ अधिक से अधिक समय बिताएँ। अपने प्रेम जीवन पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। कोई आपको धोखा दे सकता है इसलिए आप सतर्क रहें। इस मास १, २, १०, ११, १९, २०, २१, २९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

इस साल अक्टूबर माह की शुरुआत में तुला राशि के जातकों के खढ र्च में वृद्धि संभव है। आपके लिए अच्छा तो यह रहेगा कि आप अपने व्यर्थ के खढ र्चों पर नियन्त्रण करें और धन का व्यय समझदारी के साथ करें। इस दौरान न तो किसी से उधार लें और न ही किसी को उधार दें। आपके पारिवारिक एवं निजी संबंधों में कमी रह सकती है और इस अवस्था से आपको उभरने के लिए काफी प्रयास करने होंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से इस महीने आपको ज्यादा सावधान रहने की आवश्यकता है। इस महीने आपको ज्वर और संक्रमण रह सकता है। इसके अलावा आपको चोट भी लग सकती हैं। आपको अजीर्ण की भी शिकढ ायत रह सकती है इसलिए अपने खढ ान-पान पर भी विशेष ध्यान दें। माह का दूसरा चरण स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छा है। इसमें आपके निजी संबंध भी सुधरते हुए नजर आएंगे। इस दौरान आप सकारात्मक भाव से सोचेंगे। इस मास ७, ८, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

तुला राशि के जातकों के लिए नवम्बर माह थोड़ा प्रतिकूल रहेगा। इस महीने आपको हर क्षेत्र में थोड़ा ध्यान रखना होगा। आपके पारिवारिक एवं वैवाहिक जीवन में परिस्थितियाँ आपके विपरीत हैं। यदि आपने इन परिस्थितियों को सुधारने का प्रयास नहीं किया तो आपके रिश्ते में समस्या पैदा हो सकती है। यदि आपने समझदारी के साथ कदम बढ़ाया तो ऐसी परेशानियाँ नहीं आएंगी। संतान पक्ष से आपको कोई सुखद समाचार प्राप्त हो सकता है। पढ़ाई में उनकी सफलता आपकी खुशियों का कारण बनेंगी। नई विद्याओं को सीखने में आपकी रुचि बढ़ेगी और आप अपने काम को और कलात्मक तरीकढे से करेंगे। आपके आत्मविश्वास एवं साहस में वश्द्धि होगी। इस माह आपके आसपास एक सकारात्मक वातावरण पैदा होगा। नौकरी क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए यह महीना विशेष रहने वाला है। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी और आपकी पदोन्नति के भी योग बनेंगे। किसी क्षेत्र में किया गया निवेश आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इस मास स्टॉक मार्केट में निवेश करने से भी अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। इस मास ३, ४, ५, १३, १४, २२, २३ दिनांके नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

दिसंबर मास तुला राशि के जातकों के लिए उत्तम रहेगा। अपने कार्यक्षेत्र में आपको आगे बढ़ने की कई अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। अपने कार्यक्षेत्र में अनुकूल स्थिति रहेगी। विद्यार्थी अपनी शिक्षा के साथ-साथ आजीविका हेतु नौकरी आदि भी कर सकते हैं। पिताजी को विशेष लाभ होगा। सामाजिक रूप से भी यह मास उत्तम रहेगा। परन्तु वैवाहिक जीवन में कुछ समस्याएँ आ सकती है। इस दौरान जीवनसाथी की भावनाओं को समझने का प्रयास करें व उसके अनुसार व्यवहार करें। अपने घर में कुछ नवनिर्माण का कार्य इस महीने करा सकते हैं। जो जातक कला क्षेत्र से संबंध रखतें है उनको सफलता मिलने के योग हैं। इस मास आपको धन और प्रतिष्ठा दोनों प्राप्त होगी। इस मास १, २, १०,११, २०, २१, २८, २९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जनवरी

यह मास तुला राशि के जातकों के लिए अनुकूल रहने वाला है। यदि आप छात्र है तो इस माह में आपको अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। विदेश में शिक्षा पाने की इच्छा रखने वाले छात्रों की इच्छा पूर्ण होगी। आपके पारिवारिक एवं वैवाहिक जीवन में खढ ुशियों का आगमन होगा। प्रेम जीवन अच्छा रहेगा। आप अपने जीवनसाथी अथवा प्रेमसाथी के साथ मधुर पल व्यतीत करेंगे। परिजनों से वार्तालाप करते समय आप अच्छे शब्दों का चयन करें। घर में किसी को ऐसी बात न बोलें जिससे उन्हें ठेस पहुँचे। इस माह आपको अपने पुराने प्रयासों का शुभ परिणाम प्राप्त होगा और आपके सभी काम पूर्ण होंगे। आपकी रुचि आध्यात्मिक क्रियाओं की ओर बढ़ेगी। सामाजिक जीवन में आपको कई अवसर प्राप्त करेंगे जिससे आपको अच्छी पहचान मिलेगी। फलस्वरूप सोसायटी में न केवल आपका रुतबा बढ़ेगा, बल्कि आपके दोस्तों की संख्या में भी गुणात्मक रूप से वृद्धि होगी। इस मास ७, ८, १५, १६, २४, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

इस माह में तुला राशि के जातकों के सामने उतार-चढ़ाव भरी परिस्थितियाँ रहेगी। घर का माहौल अशांत रह सकता है। परिजनों के बीच गलतफहमी, संवाद का अभाव, तनाव आदि रह सकता है। प्रयास करें कि घर में आपका व्यवहार विनम्र रहे और बातचीत के माध्यम से पारिवारिक समस्याएँ को सुलझाने में आप पहल करें। यदि आपके वैवाहिक जीवन में आपको अपने जीवनसाथी पर विश्वास सबल करना होगा एवं उनका आदर-सम्मान करना होगा। इससे आपके वैवाहिक जीवन में खढ ुशियाँ आएंगी। इस

दौरान आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आप अपने धैर्य को बनाए रखें। प्रेम जीवन के लिए यह माह उत्तम रहने वाला है। अध्ययन क्षेत्र में छात्रों को इस माह अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। पढ़ाई में उनकी मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। अपने कार्यक्षेत्र के लिए माह शुभ रहने के संकेत दे रहा है। अपने कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने से आपको और भी ज्यादा फायदा होगा। इससे आपकी आय में वृद्धि होगी और आपकी पदोन्नति भी संभव है। हालाँकि मास के प्रारम्भ में आप थोड़े हताश और निराश हो सकते हैं लेकिन घबराने जैसी कोई बात नहीं है आपकी यह समस्या माह के उत्तरार्ध में समाप्त हो जाएगी। इस मास ३, ४, १२, १३, १४, २१, २२ दिनांक नेष्ट रहेगी।

वृश्चिक राशि (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

मार्च

इस महीने में वशश्चिक राशि के जातकों की रुचि योग, आध्यात्म और प्राणायाम के प्रति बढ़ेगी। आपका झुकाव अध्यात्म की ओर होगा और आप आध्यात्मिक क्रियाओं में व्यस्त रहेंगे। यह समय स्वयं के मूल्यांकन के लिए बहुत अच्छा होगा। वहीं वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी के साथ अहंकार की वजह से टकराव हो सकता है। कभी बच्चों के साथ आपके वैचारिक मतभेद हो सकते है परिवार के साथ अधिक से अधि क समय व्यतीत करें। इस माह मन की इच्छा के अनुसार काम नहीं होने की वजह से आप थोड़े परेशान रहेंगे। कार्यस्थल पर स्थिरता बनी रहेगी और वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। वे जातक जो प्रिंटिंग और पब्लिशिंग के काम से जुड़े हैं उनके लिए यह महीना अच्छा रहने वाला है। यदि आप किसी के साथ साझेदारी में व्यवसाय कर रहे हैं तो पार्टनर के साथ आपके रिश्ते अच्छे नहीं रहेंगे। हो सकता है कि आप साझेदारी तोड़कर व्यवसाय को अकेले ही संभालें। इस मास १८, १९, २६, २७ दिनांक कुछ कष्टकारक हो सकती हैं।

अप्रैल

इस मास में वशश्चिक राशि के जातकों को पिता या पैतश्क रिश्तों से आर्थिक लाभ और सहयोग प्राप्त होने की संभावना है। अधिक तनाव और चिंताग्रस्त रहने की वजह से आपके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लें। संतान पक्ष से भी कुछ परेशानियां हो सकती हैं। घर में सुख और समशद्धि का वातावरण रहेगा और आपका जीवनसाथी आपकी हरसंभव मदद करेगा। उनके प्यार और लगाव से परिस्थितियां निश्चित ही बेहतर होंगी। भाई-बहन के साथ मिलकर शुरू किए व्यवसाय से लाभ प्राप्त होने की संभावना है। करियर के क्षेत्र में भी आप अच्छा कार्य करेंगे। व्यावसायिक जीवन में स्थिरता बनी रहेगी और लगातार वशद्धि होगी। माह के दूसरे पड़ाव में आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपकी नेतश्त्व क्षमता आपको और शक्तिशाली बनाएगी एवं आप कुछ अच्छी पहल करेंगे। इस मास ४, ५, १३, १४, २२, २३ दिनांक कुछ कष्टकारक रह सकती है।

मई

यह महीना वशश्चिक राशि के जातकों के लिए आर्थिक रूप से अच्छा रहने वाला है। आप ज्यादा से ज्यादा कमाएंगे और धन की बचत करने में समर्थ होंगे। साथ ही इस माह आपको आय के कई साधन मिलेंगे और धनार्जन होगा। वे जातक जो व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें इस महीने बड़ा लाभ होगा। नए प्रतिष्ठान की शुरुआत और व्यवसाय में विस्तार की संभावना भी बन रही है। बैंककर्मी, लेखाधिकारी, आर्थिक और बीमा सलाहकारों के रूप में कार्य कर रहे जातकों के लिए यह महीना बहुत अनुकूल रहेगा। इस अवधि में उन्नति करेंगे और आपकी मांग बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन में शांति और सद्भाव बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और भी मजबूत होंगे। बच्चों को मिलने वाली सफलता से आप बेहद खुश रहेंगे। बच्चे पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नौकरी पेशा और बिजनेस से जुड़ी महिलाओं की तरक्की होगी और उनकी प्रतिष्ठा में वशद्धि होगी। इस मास १,२,११,१२,२०,२१,२९,३० दिनांक नेष्ट है।

जून

वशश्चिक राशि के जातक इस महीने अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस अवधि में आप मनोरंजन और कलात्मक गतिविधि में अपना समय व्यतीत करेंगे। संतान पक्ष की ओर से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। क्योंकि बच्चे पढ़ाई-लिखाई में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। किशोरावस्था वाले बच्चों पर माता-पिता को अतिरिक्त ध्यान देना पड़ेगा और उनकी संगति का ध्यान रखें। बच्चों का मार्गदर्शन करना होगा। इस महीने वशश्चिक राशि के जातक विचारों से स्पष्ट और आकर्षक व्यक्तित्व के धनी होंगे। संतुलित विचार और दशष्टिकोण से आप स्वयं को बेहतर स्थिति में पाएंगे। यदि आप किसी बड़े निवेश के बारे में विचार कर रहे हैं तो अवश्य करें क्योंकि यह समय आपके लिए उत्तम है। मास के अंत में इस निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। पारिवारिक जीवन के लिए भी यह माह अच्छा संकेत दे रहा है। आप परिजनों के साथ अच्छे क्षण व्यतीत करेंगे। इस मास मनोरंजक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे। वाचक, वक्ता और मीडिया से जुड़े जातकों के लिए समय बेहद अनुकूल है। इसके अलावा कला, डिजाईन और फिल्म प्रॉडक्शन से जुड़े व्यवसाय वाले लोगों की लोकप्रियता में वशद्धि होगी। इसके अतिरिक्त चित्रकारी और कला से जुड़े लोगों की भी बहुत मांग रहेगी। इस मास ७,८,१६,१७,२५,२६ दिनांक नेष्ट हैं।

जुलाई

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए महीने का पूर्वार्ध थोड़ा परेशानी भरा रह सकता है, विशेषकर अपने कार्यक्षेत्र में थोड़ी समस्याएं आ सकती हैं। जीवन के प्रति अरुचि पैदा हो सकती है जो परेशानी का कारण बनेगी लेकिन ये परिस्थितियां ज्यादा दिन तक नहीं रहेंगी। महीने के उत्तरार्ध में आत्मविश्वास और साहस आने से सामान्य हो जाएंगे। इस महीने में कुछ दिन आर्थिक अस्थिरता बनी रह सकती है। व्यर्थ के खर्च करने से बचें और अपने बजट पर ध्यान दें। जीवनसाथी से आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे और आप दोनों एक-दूसरे के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा सावधान रहें। मानसिक शांति भंग होने से अनिद्रा जैसी परेशानी हो सकती है। सकारात्मकता के साथ एकाग्र होकर अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। दिमागी खेल जैसे- शतरंज आदि के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस मास ५, ६, १३, १४, २२, २३ दिनांक नेष्ट है।

अगस्त

वृश्चिक राशि के जातक इस महीने की शुरुआत में अपने लक्ष्यों में परिवर्तन कर सकते हैं। आत्मविश्वास बढ़ने से आपके व्यक्तित्व में मजबूती आएगी और आप सफलता प्राप्त करेंगे। माह के उत्तरार्ध में विश्वास की कमी होने से आपको स्वयं पर संशय होगा। इसकी वजह से आप परेशान रह सकते हैं। इस महीने आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। क्योंकि आपकी उच्च जीवनशैली और इच्छाओं की वजह से आपका खर्च अधिक होगा। आप आय से ज्यादा पैसा खर्च करेंगे। इसके अलावा आप भ्रमित और निराश रहेंगे, साथ ही आप अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में असमर्थ रहेंगे। माह के उत्तरार्ध में स्थिति अनुकूल हो जाएंगी। अपनी क्षमता पर आपको पूरा भरोसा होगा और इसकी मदद से आप सफलता प्राप्त करेंगे। आपका जीवनसाथी भी बहुत सहयोगी होगा। नौकरी में आप बेहतर प्रदर्शन करेंगे और उन्हें प्रशंसा मिलेगी। जीवनसाथी आपकी शक्ति का स्त्रोत होगा। इस माह आपका स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है अतः सावधान रहें। इस मास १,२,१०,११,१८,१९,२८,२९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

वृश्चिक राशि के जातक इस महीने अपनी तय धन-संपत्ति अर्जित करने के बारे में सोचेंगे। जबकि दूसरी ओर बेवजह की वस्तुओं पर खर्च करने से आपका बजट बिगड़ सकता है, इसलिए सावधान रहें और किसी भी तरह के आर्थिक संकट से बचने के लिए अधिक से अधिक बचत करें। कार्य स्थल पर आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी और वरिष्ठ अधिकारियों को आप से बहुत उम्मीदें होंगी। व्यावसायिक जीवन में आपका कद बढ़ेगा और सम्मान की प्राप्ति होगी। कुछ लोग विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में तनाव रहने की संभावना है क्योंकि परिवार के कई लोग आप से नाराज रहेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तनाव बढ़ने से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। यदि आप एक छात्र हैं तो शुरुआती संघर्ष के बाद आपको अपने परिश्रम का अच्छा फल मिलेगा। इस मास ६,७,१४, १५, १६, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

वृश्चिक राशि के जातकों को इस महीने अपनी स्वास्थ्य पर ज्यादा ध्यान देने की जरुरत है, इसलिए बेहतर होगा कि आप व्यायाम करें। आप में से कुछ लोग योग सीख सकते हैं। आकर्षक व्यक्तित्व की वजह से आपको प्रशंसा मिलेगी और आपके परिपक्व स्वभाव के कारण आपकी सामाजिक छवि और अच्छी होगी। दूसरी ओर आप बेहद सक्रिय, साहसी और जबर्दस्त ऊर्जा से परिपूर्ण रहेंगे। सकारात्मक ऊर्जा मिलने से आप सफलता और वश्द्धि का अनुभव करेंगे। कार्य स्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके प्रदर्शन से बेहद खुश रहेंगे। इसकी बदौलत आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। यदि कार्य क्षेत्र में आप सोच-समझकर निर्णय लेंगे तो आप बहुत उन्नति करेंगे। वहीं आर्थिक मोर्चे पर आपकी आमदनी संतोषजनक रहेगी लेकिन भौतिक सुख-सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए खर्च अधिक होगा। इस मास ३, ४, १२, १३, २२, २३, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

इस मास में वृश्चिक राशि के जातकों को पिता या पैतश्क रिश्तों से आर्थिक लाभ और सहयोग प्राप्त होने की संभावना है। अधिक तनाव और चिंताग्रस्त रहने की वजह से आपके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लें। संतान पक्ष से भी कुछ परेशानियां हो सकती हैं। घर में सुख और समश्द्धि का वातावरण रहेगा और आपका जीवनसाथी आपकी हरसंभव मदद करेगा। उनके प्यार और लगाव से परिस्थितियां निश्चित ही बेहतर होंगी। भाई-बहन के साथ मिलकर शुरू किए व्यवसाय से लाभ प्राप्त होने की संभावना है। करियर के क्षेत्र में भी आप अच्छा कार्य करेंगे। व्यावसायिक जीवन में स्थिरता बनी रहेगी और लगातार वश्द्धि होगी। माह के दूसरे पड़ाव में आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपकी नेतश्त्व क्षमता आपको और शक्तिशाली बनाएगी एवं आप कुछ अच्छी पहल करेंगे। इस मास १, ८, ९, १०, १८, १९, २०, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

यह महीना वश्श्चिक राशि के जातकों के लिए थोड़ा संभलकर चलने का है। इस समय में किसी भी तरह का निवेश करने से बचें अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता है। लाभ और धनार्जन की संभावनाएं बनेंगी। यदि आप नौकरी कर रहे हैं तो इस महीने आपको अपनी कड़ी मेहनत का नतीजा अवश्य ही मिलेगा। वेतन वश्द्धि के साथ पदोन्नति की संभावना है। संतति के संबंध में आपको बेहद संयम से व्यवहार करना होगा। प्रयास करें कि उनके

साथ विनम्रता से व्यवहार करें, क्योंकि आपके ज्यादा क्रोधित होने के कारण वे नाराज हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपका रिश्ते सद्भावपूर्ण रहेंगे। मास के उत्तरार्ध में स्वास्थ्य संबंधी विकार आपको परेशान कर सकते हैं, इसलिए स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही नहीं बरतें। यह समय आप एकांत में व्यतीत करना पसंद करेंगे और आपका झुकाव आध्यात्मिकता की ओर होगा। इस मास ६,७, १६, १७, २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जनवरी

वृश्चिक राशि के जातकों को इस महीने व्यक्तिगत जीवन पर ध्यान देने की ज्यादा आवश्यकता रहेगी। इसलिए इस दौरान विवादों से बचने का प्रयास करें। क्योंकि इससे आपकी खुशियां और प्रगति दोनों प्रभावित हो सकती हैं। यह महीना आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। वे लोग जो नौकरी कर रहे हैं वे कार्य स्थल पर बेहद ऊर्जावान और उत्साहित रहेंगे। आप अपने बेहतर प्रदर्शन से दूसरों को अचंभित कर देंगे। वे लोग जो व्यवसाय कर रहे हैं यदि वे संपत्ति में निवेश करते हैं तो उन्हें अच्छा लाभ होगा। विदेशी स्त्रोतों से भी आपको कोई अच्छी सूचना मिल सकती है जो आपके लिए लाभकारी होगी। विदेश में संपर्क बढ़ने से आपको इसका लाभ मिलेगा। आपका वैवाहिक जीवन उत्साह और सद्भाव से परिपूर्ण रहेगा। जीवनसाथी के साथ मिलकर संयुक्त रूप से कुछ नया करने की संभावना बन रही है। आर्थिक रूप से यह महीना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी तरह के आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा और आपकी बचत भी अच्छी रहेगी। इस मास २,३,१२, १३, २१, २२, २९, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

यह महीना वृश्चिक राशि के जातकों के लिए सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आप अधिक से अधिक प्रयास करेंगे। इस वर्ष आप आर्थिक योजना बनाने में व्यस्त रहेंगे। वित्तीय मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे और धन का संचय करने में समर्थ रहेंगे। आपके पिता के लिए भी यह समय अच्छा रहेगा। उन्हें अचानक आर्थिक लाभ हो सकता है। इस वर्ष आपके भाई-बहनों का जीवन भी सुखद रहेगा। वे कार्य क्षेत्र में उन्नति का अनुभव करेंगे। जबकि दूसरी ओर बच्चों के साथ आपका टकराव हो सकता है। विशेषकर वे बच्चे जो घर से बाहर रह रहे हैं, उनके साथ व्यवहार में थोड़ी परिपक्वता दिखाएं। बात अगर जीवनसाथी की करें तो, वे आपकी व्यस्त दिनचर्या को लेकर स्वयं को उपेक्षित महसूस कर सकती हैं। इसलिए अपने जीवनसाथी के साथ अधिक समय व्यतीत करने की कोशिश करें और उनके साथ अच्छी बातें करें। महीने के दूसरे पड़ाव में व्यावसायिक मामलों में अधिक ध्यान देने की वजह से आपके व्यक्तिगत जीवन में कुछ परेशानियां हो सकती हैं। स्वास्थ्य के संबंध से भी यह महीना थोड़ा संभलकर चलने का है इसलिए सावधान रहें। इस मास ८, ९, १०, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

धनु राशि (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे)

मार्च

इस मास आध्यात्मिक गतिविधियों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आपके जीवन साथी आपसे प्रेरणा पा कर खुद भी अध्यात्म की ओर झुक सकते हैं। वैवाहिक जीवन हेतु मास अच्छा रहेगा। कुछ जातक को इस मास अपने आत्म-विश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं तो कुछ पारिवारिक जीवन में तनाव महसूस करेंगे। आर्थिक स्थिति के लिए काफी अच्छा रहेगा और आपका बैंक बैलेंस अच्छा हो जाएगा। भाग्य आपके पक्ष में रहेगा और आपको मेहनत से ज्यादा कामयाबी मिलेगी। इस माह नई प्रॉपर्टी में आप पूंजी निवेश कर सकते हैं और अचल संपत्ति में भी बढ़ोत्तरी की संभावना है। इस माह कारोबार में भी भारी लाभ की उम्मीद है। इस दौरान बैंक, बीमा क्षेत्र और अन्य ऋण देने वाली एजेंसियों को भी उन्नति प्राप्त होगी। इस उद्योग से जुड़े लोगों को अधिक लाभ होगा। इस मास २०, २१, २८, २९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अप्रैल

दाम्पत्य संबंधों व सामाजिक सहयोग की दश्ष्टि से यह मास उत्तम रहेगा। जातक अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। व्यावसायिक क्षैत्र में अच्छी सफलता प्राप्त होगी। जीवन साथी को भी अपने कार्यक्षैत्र में सफलता प्राप्त होगी। स्त्री व पुरुष दोनों को इस दौरान मान व सम्मान प्राप्त होगा। मनोवैज्ञानिक विषय में शोध करने वाले छात्र इस माह बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। साझेदारी से व्यापार करने वालों को इस दौरान सावधान रहना चाहिये। व्यवसाय में संसाधनों का दुरुपयोग समस्याएं खड़ी कर सकता है। इस महीने की शुरुआत में धनु राशि वालों को आर्थिक रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। घरेलू व्यय में वश्द्धि होगी जो कि वित्तीय संकट की ओर लेकर जा सकती है लेकिन बेहतर वित्तीय योजना की मदद से आप इन मौद्रिक समस्याओं को आसानी से हल कर सकेंगे। इस मास ६, ७, ८, १६, १७, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

इस मास असंयमित खान-पान, जीवनशैली के कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। स्वभाव में कठोरता आ सकती सकती है। अत्यधिक कार्यभार के कारण आप उचित आराम नहीं कर पाएंगे, जिस कारण काफी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इस माह जातक को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। लम्बे समय से फंसा हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है और कर्ज से पीडित जातक इस मास कर्ज से मुक्ति पाएंगे। कोई नया कर्ज लेने से बचें और इस मास किसी नई योजना में पैसा न लगाएं। इस मास जातक अच्छी बचत कर लेंगे लेकिन घरेलू व्यय में वश्द्धि भी हो जायेगी। इस माह पारिवारिक जीवन में अच्छा संतुलन बनाने की आवश्यकता होगी।

परिवार के सदस्यों में आपसी मनमुटाव रह सकता है। न्यायिक सेवा से जुड़े जातकों के लिए यह मास अच्छा रहेगा क्योंकि इस अवधि के दौरान उन्हे सफलता प्राप्त होगी। सामाजिक कार्यों में संघर्ष कार्यकर्ताओं को सम्मान व प्रतिष्ठा मिलेगी। इस मास ४, ५, १३, १४, १५, २२, २३, ३१ दिनांके नेष्ट रहेगी।

जून

औषधि क्षेत्र से संबंधित कार्य करने वाले जातकों को इस मास अच्छा लाभ होगा। लंबे संघर्ष के बाद महिला उद्यमियों को बड़ी सफलता मिलेगी और अपनी परिश्रम के लिए प्रतिष्ठा व पुरस्कार भी प्राप्त होगा। इस मास सन्तान पक्ष से आपके जीवन में खुशी प्राप्त होगी। बच्चों को अध्ययन से संबंधित कोई परेशानी नहीं होगी और वो अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। परिवार में शांति व सौहार्द बना रहेगा। जीवनसाथी से संबंध प्रगाढ होगा। स्वास्थ्य के प्रति इस माह सजग रहें क्योंकि लापरवाही बरतने से गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। योग, व्यायाम आदि के लिए भी समय अवश्य निकालें जिससे आप स्वस्थ रह सकें। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े व्यवसायी विशेष चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को इस मास लाभ प्राप्त होगा। स्वास्थ्य, बीमा से जुड़े जातक भी अपने कार्यों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। १,२, १०, ११, १८, १९, २७, २८ दिनांक इस मास नेष्ट रहेंगी।

जुलाई

धनु राशि के जातक बच्चों के प्रति थोड़े चिंताग्रस्त हो सकते हैं खासतौर पर उनकी पढ़ाई को लेकर ज्यादा परेशान हो सकते हैं। बच्चों के साथ अपना ज्यादा से ज्यादा समय बिताएंगे और उन्हें उनकी पढ़ाई में मदद करेंगे। इस माह आपके प्रेम संबंध ों में भी टकराव संभव है। आपके लव पार्टनर आपसे नाखुश रहेंगे और आपस में बहस होती रहेगी। इसलिए आपको कोमलता के साथ स्थिति को संभालने का सुझाव दिया जाता है। इस दौरान आपको अपने भाई-बहनों व दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा जो आपको लाभकारी परिणाम देगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। अगर किसी प्रकार का लाभ नहीं मिलेगा तो हानि भी नहीं होगी। निजी या कार्य संबंधी यात्राएं हो सकती हैं। सितारों की चाल कहती है कि प्रतियोगी परीक्षा में बैठने वाले छात्र अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपनी मेहनत से अच्छे नंबर प्राप्त करेंगे। कम्प्यूटर क्षेत्र में कार्य करने वाले तथा नाटक, थिएटर, फिल्म आर्टिस्ट आदि के लिए अच्छा समय है। कार्यक्षेत्र में इस मास सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे। मित्रों व बंधुओं से लाभ प्राप्त होगा तथा उनसे सहायता प्राप्त होगी। समाज व लोगों के मध्य विशेष प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। प्रेम संबंध बनेंगे। त्वचा व मुख संबंधि त रोग हो सकता है। इस मास ६, ७, १५, १६, २४,२५, २६ दिनांके नेष्ट रहेंगी।

अगस्त

धनु राशि वालों को इस माह समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ध न की हानि हो सकती है। परिवार में लड़ाई-झगड़े हो सकते हैं। छोटे भाई बहनों से मन मुटाव हो सकता है। आपस में आप लोगों के बीच कुछ गलतफहमियां उत्पन्न हो सकती हैं जिससे घर के वातावरण में सौहार्द की भावना भंग हो जाएगी। अगर आप संयम के साथ स्थिति को संभालने की कोशिश करेंगे तो माह के अंत तक सब चीजों के सुधरने के आसार हैं। मानसिक परेशानियां अधिक हो सकती हैं। पराक्रम की हानि होगी। वाणी में दोष उत्पन्न हो सकता है। विद्यार्थियों को विद्याप्राप्ति में अधिक परिश्रम करना होगा। जो सरकारी नौकरी कर रहे हैं या फिर सरकारी क्षैत्र से लाभ प्राप्त रहे हैं यह माह आपके लिए चुनौती पूर्ण रहेगा। वैज्ञानिकों व इंजीनियरों के लिए भी ये बिल्कुल उचित समय है। शोध व ज्ञान के प्रति रूचि बढेगी। इस माह आपको अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। हृदय रोग या रक्त विकार की समस्या से पीडित लोगों को संभल कर रहने की आवश्यकता है। बाहर या घर में कोई जल्दबाजी न दिखाएं अन्यथा चोट लगने के संभावना हैं। मातृ पक्ष से लाभ हो सकता है। कठिन समय में संयम से काम लें और झगड़ों व विवादों से दूर रहें। इस मास २,३, ११, १२, २१ ,२२, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

सितम्बर

नया कार्य आरम्भ करने हेतु धनु राशि वालों के लिए यह महीना काफी शुभ है। व्यापार में उन्नति होगी। वाणी का प्रभाव बढेगा। धन में वृद्धि होगी। नेत्र संबंधी विकार हो सकते है। त्वचा संबंधी विकार भी हो सकते हैं। निजी जीवन में खुशियों की बहार आएगी और भाई-बहन के साथ मिलकर चलने से आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। पिता को कुछ कष्ट हो सकता है। बच्चों पर इस दौरान ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। उन्हें प्यार व स्नेह के साथ रखने की जरूरत है। किशोरावस्था के बच्चों को विशेष रूप से आपके मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, खासतौर पर बात जब उनके दोस्तों को चुनने की हो। जातक की आर्थिक स्थिति पूरे माह अच्छी रहेगी। परिवार से आय के कई नए स्रोत प्राप्त होंगे और आप समय का आनंद उठाएंगे। इस दौरान खेल-कूद, पुलिस, सेना, रेस्टोरेन्ट से जुड़े व्यक्ति अपने कार्यस्थल पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। चिकित्सा, सर्जरी, हेल्थ व फिटनेस से जुड़े उपकरणों का बिजनेस अच्छा लाभ देगा। कुछ जातक कलात्मकता का भाव अनुभव करेंगे और उस कला का बेहतरीन प्रयोग करेंगे। लेखन व विज्ञापन से जुड़े लोगों के लिए समय शुभ है और इस दौरान उन्हें अनेक नये अवसर प्राप्त होंगे। इस मास ७, ८, ९, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

अक्टूबर

स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धन प्राप्ति के नए मार्ग खुलेंगे। प्रशासनिक सेवा की तैयारी करने वाले छात्रों को सफलता प्राप्त होगी। पिता को शारीरिक कष्ट हो सकता है। वैवाहिक अड़चन दूर होगी। व्यापारी वर्ग को लाभ होगा। सेना, पुलिस, रेस्टोरेन्ट, मेडिकल संबंधी कार्य करने वालों को लाभ होगा। १८ तारीख के बाद ज्वर, शिरो वेदना पित्त विकार आदि कष्ट हो सकते हैं। धन धान्य की वृद्धि होगी। आप अपने ऊर्जा व उत्साह में वृद्धि

देखेंगे और जो भी कार्य करेंगे, उसमें सफलता हासिल करेंगे। इस माह आपको बार-बार यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बाहरी देशों के साथ व्यापार करने वालों को बड़ा मुनाफा हो सकता है। आपका निर्यात से जुड़ा व्यवसाय बढ़ता रहेगा और भविष्य में भी लाभ देगा। सॉफ्टवेयर टेक्नॉलिजी से जुड़े जातकों को भी इस माह लाभ होगा। मर्चेन्ट नेवी या नौसेना से जुड़े लोगों के लिए ये समय काफी अच्छा है। सरकारी फंड से संबंधित परियोजनाओं को संभालने वाले सलाहकारों को विदेश यात्रा का अवसर मिल सकता है। विदेश में काम करने वाले राजनयिकों व संपर्क अधिकारियों के लिए समय अच्छा है। वो अपने कार्य में सफलता हासिल करेंगे। छात्रों के लिए ये माह काफी शुभ है क्योंकि इस दौरान उन्हें सफलता मिल सकती है। उच्च शिक्षा के लिए यदि विदेश जाने की इच्छा रखते हैं तो आपकी ये कामना इस मास पूर्ण हो सकती है। इस मास ४, ५, ६,१४, १५, १६,२४, २५ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

नवम्बर

विद्यार्थीयों को परीक्षाओं में सफलता प्राप्त होगी। व्यापारी वर्ग को लाभ प्राप्ति हेतु अधिक परिश्रम करना होगा। ससुराल पक्ष से कुछ अनबन हो सकती है। विदेश यात्राओं के योग भी बनते हैं। नेत्र संबंधित रोग होने की संभावनाऐ बनती है। राजकीय व राजनैतिक उद्देश्यों हेतु विशेष व्यय हो सकता है। १९ अप्रैल के उपरांत कार्यों में सफलता प्राप्त होगी व स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा। मान व प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। संगीत, साहित्य, मनोरंजन के प्रति रूचि बढेगी। इस माह खढ चौं में वशद्धि आपको मुश्किल में डाल सकती है इसलिए बजट के अनुसार ही चलें। शुरुआत के 15 दिनों तक किसी से भी उधार लेने से बचें और फाइनेंस से जुड़ा अच्छी योजनाऐं बनाएं। तथापि अचल संपत्तियों से लाभ प्राप्त हो सकता है। नई प्रॉपर्टी लेने की संभावनाऐं हैं। पेट में संक्रमण, अपच या अनिद्रा जैसी समस्याएं आपको परेशान कर सकती हैं। बीमारियों के कारण खढ
र्च संभव है। आपका निजी जीवन संघर्ष व चुनौतियों से भरा रहेगा। वैवाहिक जीवन में टकराव हो सकते हैं जिस कारण आप और आपके जीवनसाथी के मध्य दूरी भी हो सकती है। ऐसी स्थिति में संभलकर रहें । कानूनी मामलों में भी फंस सकते हैं। निजी जीवन में किसी-किसी को अलगाव का सामना भी करना पड़ सकता है। मेडिकल या रिसर्च से जुड़े छात्रों के लिए समय अच्छा है। मातश पक्ष से लाभ हो सकता है। इस मास १,२, १०, ११, १२, २०, २१, २९ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

दिसम्बर

इस मास भाइयों से कुछ अनबन रहेगी। हाथों पर चोट लगने की संभावना है। नौकरों से धोखा हो सकता है। पराक्रम में वशद्धि होगी। वाहन, भूमि, जायदाद का लाभ हो सकता है। विद्यार्थियों को अधिक परिश्रम करना होगा। मधुमेह, पेट रोग, कफ संबंध ी विकार होने की संभावना है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य कुछ कमजोर रह सकता है। स्वयं भी सावधानी रखें, दुर्घटना हो सकती है। आध्यात्म की और रूझान बढेगा। भाग्य का सहयोग कम मिलेगा। व्यापारी वर्ग को वस्त्र, प्रसाधन, मनोरंजन सामग्रीयों से लाभ होगा। मांगलिक कार्यों में विशेष व्यय हो सकता है। अपने कार्यों में बड़ी सफलता हासिल करेंगे। कामयाब व्यावसायिक जीवन का आनंद उठाएंगे और अगर आप नौकरी में बदलाव का प्रयास कर रहे हैं तो आपको कुछ अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में ये बदलाव आपके लिए बहुत लाभकारी होंगे और आपके करियर को ऊंचाई देंगे। इस माह प्रमोशन के साथ सैलेरी बढ़ने के भी आसार हैं। अगर आप बिजनेस कर रहे हैं तो उससे भी अप्रत्याशित लाभ की संभावना है। यदि आपका कार्य कला, थिएटर आदि से जुड़ा है तो आपको इस बीच नाम और प्रसिद्धी दोनों मिलेगी। कामकाजी महिलाओं को इस दौरान प्रशंसा, सम्मान व सफलता मिलेगी जिससे उन्हें संतुष्टि की अनुभूति होगी। आपको अपने परिवार विशेष रूप से घर की महिलाओं से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। जीवन साथी आपकी जरूरतों को समझेंगे और आपका रिश्ता खुशी व आनंद से भरा रहेगा। जीवन साथी की मदद से आपको अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। सामाजिक तौर पर घुलने-मिलने के लिए समय ठीक है। जीवन में नए दोस्तों के आगमन से खुशियां आएंगी। छात्रों के लिए भी ये माह शुभ रहेगा। विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो कला या चिकित्सा विषयों से जुड़े हैं। इस मास ८, ९, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

जनवरी

धनु राशि के जातको को इस माह भाग्य का साथ मिलेगा और आपका पूरा मास बहुत अच्छा रहेगा। समाज में लोगों से संबंध प्रगाढ होंगे। लोगों से मिलना-जुलना बढ़ेगा जिससे सामाजिक स्थिति अच्छी होगी। पारिवारिक व निजी आय में वशद्धि होगी । शेयर आदि में निवेश न करें बल्कि कोई अन्य सुरक्षित उपाय अपनाएं। इस मास पैसों से जुड़े मामलों में कोई फैसला लेने से पहले एक बार अवश्य चिन्तन कर लें। निजी जीवन की उन्नति हेतु माह आपके लिए अच्छा रहेगा। वैवाहिक जीवन में आनंद बना रहेगा। पारिवारिक माहौल में खुशी बढेगी और आप परिवार के लोगों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र पर सफलता मिलेगी, विशेष रूप से व्यवसाय करने वालों के लिए समय शुभ है। साझेदारी से किया गया व्यापार भी इस दौरान लाभदायक साबित होगा। व्यवसाय व कार्यक्षेत्र संबंधित विशेष कार्य हेतु विदेश यात्रा की संभावनाऐं बनेंगी व अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। इस मास ४, ५, ६, १३, १४, २२, २३, ३१ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

फरवरी

इस मास धनु राशि के जातकों को अपने कार्यक्षेत्र को बेहतर बनाने हेतु अधि क प्रयास करने होंगे। इस मास क्रोध में गलत शब्दों का प्रयोग कर सकते हैं, जिससे व्यर्थ कलह की संभावनाऐं बनेगी। स्वास्थ्य हेतु प्रारम्भ का आधा महीना अच्छा नहीं जाएगा और छोटी-छोटी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। लेकिन बाद में आपका स्वास्थ्य

उत्तम हो जाएगा और आप ज्यादा शक्ति व स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। इस माह भाई-बहन के साथ मतभेद हो सकते हैं, परिवार के मुखिया से इस दौरान विवाद की संभावनाएं हैं। पिता का स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। वकील व सर्जन के लिए ये समय काफी अच्छा है, आप इस दौरान अपने कार्य में सफलता प्राप्त करेंगे। इस मास १,२, १०, ११, १८, १९, २८, २९ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

मकर राशि(भो, जा, जी, (जू, जे, जो, ख) खी, खू, खे, खो, गा, गी)

मार्च

पारिवारिक कारणों से मानसिक क्लेश रह सकता है। जीवन में उथल-पुथल रह सकती है, इसलिए बेवजह के विवादों से बचने की कोशिश करें। जीवनसाथी से भी मतभेद होने की संभावना है। वाणी पर नियन्त्रण रखें। २२ मार्च के उपरान्त वाहन सम्पत्ति आदि सुख साधनों की प्राप्ति होगी। मातश्पक्ष से लाभ होगा। पारिवारिक तनाव का असर आपके कार्य पर भी पड़ सकता है। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। काम में कुछ ज्यादा ही व्यस्तता रह सकती है अत: अपने परिवार को अधिक समय नहीं दे पाएंगे। यही वजह आपके पारिवारिक जीवन में कलह का कारण बन सकती है। कलात्मक कार्यों में रुचि रह सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। प्रॉपर्टी खरीद सकते हैं लेकिन आर्थिक मामलों में थोड़ा संभलकर चलने का समय है। सुख की प्राप्ति होगी। इस मास १८, १९, २६, २७ दिनांक कुछ कष्टकारक हो सकती हैं।

अप्रैल

इस महीने आपको पैतश्क संपत्ति से लाभ मिल सकता है। वहीं मकर राशि के कुछ जातकों को व्यवसाय से अच्छा लाभ होने की संभावना है। कार्य स्थल पर आप बेहतर कार्य करने में सक्षम होंगे और अच्छे काम के लिए आपको सम्मानित किया जाएगा। हालांकि इस माह कार्य स्थल पर सहकर्मियों के साथ कुछ मतभेद भी हो सकते हैं इसलिए अपने व्यवहार में परिपक्वता दिखाएं। पार्टनरशिप में बिजनेस कर रहे है लोगों को अचानक बड़े लाभ की प्राप्ति हो सकती है। अधिक काम करने की वजह से ज्यादा थकान महसूस होगी। इस माह वैवाहिक जीवन में शांति और सद्‌भाव बना रहेगा। आप परिवार के बीच रहकर जीवनसाथी और बच्चों के साथ अच्छा समय गुजारेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को इच्छित सफलता मिलने की संभावना है। डॉक्टर और मेडिकल के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए यह समय बेहद अच्छा है । दुर्घटना की संभावना बनेगी। भाई बहनों को कष्ट हो सकता है। व्यापार में लाभ के योग बनेंगे। माङ्गलिक कार्यों में व्यय होगा। विवाह संबंधित बाधाऐं दूर होगी। हृदय संबंधी विकार हो सकते है। प्रेम संबंधों में सफलता प्राप्त होगी। उदर संबंधी विकार की भी संभावना है। इस मास ४,५,१३, १४, २२, २३ दिनांक कुछ कष्टकारक रह सकती है।

मई

धन प्राप्ति के नये साधन उत्पन्न होंगे। मातश पक्ष में मामा नाना मौसी इत्यादि को कष्ट हो सकता है। गुदा संबंधित विकार हो सकते हैं। मानहानि से बचे। प्रशासनिक व सरकारी तन्त्र से परेशानी हो सकती है। मशीनरी व विद्युतीय उपकरणों से संबंधित कार्य करने वालों को लाभ होगा। विद्या व संतान प्राप्ति में बाधा हो सकती है। घरेलू कलह हो सकती है। यदि आप सुखमय वैवाहिक जीवन चाहते हैं, तो आपको इस महीने एक-दूसरे के विचारों का सम्मान करना होगा। परिवार से जुड़ा कोई भी निर्णय लेने से पहले अच्छे से सोच-विचार कर लें। ज्योतिष विज्ञान और गूढ़ विज्ञान जैसे विषयों से जुड़े लोगों के लिए यह समय अच्छा रहेगा। बेहतर कार्य के लिए आपको प्रशंसा और पुरस्कार प्राप्त होगा। वहीं मेडिकल रिसर्च का कार्य कर रहे जातकों को शोध के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। इस महीने आर्थिक उतार-चढ़ाव देखने को भी मिलेंगे। किसी नए कार्य में निवेश करने से और उधारी व ऋण लेने से बचें। आपके व्यक्तिगत प्रयासों की बदौलत आपको कुछ अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आपकी आमदनी में वश्द्धि होगी और आपको आय के नए साधन मिलेंगे। इस महीना आपके पिता की सेहत में गिरावट देखने को मिल सकती है या फिर पिता के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। भाईयों से विवाद हो सकता है। इस मास १,२,११,१२,२०,२१,२९,३० दिनांक नेष्ट है।

जून

मकर राशि के जातकों के लिए जून का महीना प्राय: शुभ रहने वाला है। अपने प्रियजनों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। प्रियजनों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़ेंगे और अपने रिश्ते अच्छे होंगे परन्तु माता का स्वास्थ्य कुछ कमजोर रह सकता है। जीवनसाथी से किसी भी तरह का विवाद करने से बचें। साथ ही सौहार्दपूर्ण रिश्ते बनाये रखने के लिए एक-दूसरे के विचारों को महत्व दें। इस महीने अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखें। क्योंकि अनिद्रा से पीड़ित रहने की संभावना अधिक है। नेत्रों में कष्ट हो सकता है। वाहन सावधानीपूर्वक चलाये। गलतफहमी की वजह से सामाजिक रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं इसलिए दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर हर तरह की शंका को दूर करने की कोशिश करें। धर्म के प्रति आलस्य रहेगा अत: तीर्थ दर्शन के लिए जाना चाहिए । शुभ कार्यों में विशेष व्यय हो सकता है। इस मास ७,८,१६,१७,२५,२६ दिनांक नेष्ट हैं।

जुलाई

नेत्र संबंधी रोग होने की संभावना है। कमर में पीडा हो सकती है। कार्य कुशलता में वश्द्धि होगी। विद्या प्राप्ति में कुछ बाधा होने के योग है। विद्यार्थियों को अध्ययन में अधिक परिश्रम करना होगा। संतान से मनमुटाव हो सकता है। शेयर सट्टा व्यापार में हानि हो सकती है। १५ जुलाई के पश्चात् शारीरिक कष्ट हो सकता है। आर्थिक

सलाहकार और वैवाहिक सलाहकारों के लिए यह समय बेहद अच्छा रहने वाला है। जुलाई मास मकर राशि के जातकों के लिए आर्थिक रूप से सामान्य रहेगा। मास के उत्तरार्ध में कोई बड़ा निवेश करने से बचें और अपने संसाधनों को सुरक्षित रखें। धन से संबंधित मामलों में विशेष सावधानी बरतें। जीवनसाथी को कुछ गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है । इस महीने आपको अपने वैवाहिक जीवन में मधुरता बनाये रखने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे। इस माह नये विषयों के प्रति रूचि बढ़ सकती है। आप इस अवधि में कुछ नई चीजें सीखने की कोशिश करेंगे। मानसिक शांति के लिए योग, आसन, प्राणायाम का सहारा लेंगे और जीवन की समस्त चिंताओं से मुक्ति पाएंगे। व्यवसाय करते हैं तो थोड़ा सावधान रहने की जरुरत है, अपने साझेदार पर आंख बंद करके भरोसा नहीं करें। इस मास ५, ६, १३, १४, २२, २३ दिनांक नेष्ट है।

अगस्त

अगस्त के मास में विवाह संबंधित बाधायें दूर होगी। जीवनसाथी के साथ अपने रिश्तों में मधुरता बनेगी। अविवाहितों का रिश्ते तय होंगे। इसके अलावा बच्चों के साथ रिश्ते अच्छे नहीं रहेंगे और उनसे आपके मतभेद हो सकते हैं। घर के बड़े लोगों का सम्मान करें और उनकी देखभाल करें। परिवार में बड़े व्यक्तियों से खासकर पुरुषों से विवाद करने से बचें। अविवाहित इस महीने विवाह के बंधन में बंध सकते हैं। प्रेम संबंध प्रगाढ होंगे। कृषि, पर्यावरण, सांख्यिकी और योजना से संबंधित क्षेत्रों में कार्य कर रहे लोगों को सफलता मिलेगी और अपने कार्य से संतुष्ट होंगे। सेल्स, मार्केटिंग, कस्टमर सर्विस और हेल्थ सेक्टर से संबंधित व्यवसाय करने वालों को अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। यह महीना उन लोगों के लिए भी अच्छा है जो स्वयं का व्यापार कर रहे हैं। साझेदारी में व्यवसाय आरम्भ करे तो श्रेष्ठ फल प्राप्त होंगे। त्वचा संबंधी विकार हो सकते है, शत्रु से संबंधि त बाधा दूर होगी। आपकी सभी योजनाओं को बल मिलेगा और नए कार्यों से आपको लाभ होगा। इस मास १,२,१०,११,१८,१९,२८,२९ दिनांके नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

मकर राशि के जातकों को सितम्बर के महीने में कुछ वैवाहिक जीवन से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी से तनाव रिश्ते को परेशान कर सकते हैं। माता को कष्ट रह सकता है। भूमि संबंधित विवाद हो सकते हैं। ह्रदय व श्वसन संबंधित विकार हो सकते हैं। खर्चों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होगी। मकर राशि के कुछ जातकों को इस महीने आर्थिक संकट का सामना भी करना पड़ सकता है। इस महीने विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यदि आप स्वयं का कोई व्यवसाय कर रहे हैं तो आपको थोड़ा सावधान रहने की जरुरत है। विवाद राजकीय बाधा हो सकती है। आर्थिक विषयों को लेकर किसी भी व्यक्ति पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। बन्धुओं से संबंध के लिए समय अच्छा नहीं रहेगा। इस महीने आप धार्मिक कार्य और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े कार्यों में व्यस्त रहेंगे। इसके अलावा कुछ लोग तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं। व्यय में वृद्धि हो सकती है। गर्भवती महिलाएं नियमित आराम करें और डॉक्टर के परामर्श का अनुसरण करें। इस मास ६,७,१४, १५, १६, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

मकर राशि के जातकों के लिए अक्टूबर मास उत्तम रहेगा। जो रियल इस्टेट, ट्रैवल-टूरिज्म और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी से जुड़े हैं उन्हे अनेक अच्छे अवसर प्राप्त होंगे और उनसे लाभ प्राप्त होगा। कार्य करने की क्षमता में वशद्धि होगी। पराक्रम व साहस बढेगा। प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। यात्रा योग बन सकते है। पिता को कुछ शारीरिक कष्ट हो सकता है। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं । अपने शब्द और वाणी पर संयम रखें क्योंकि शब्दों के गलत चयन के कारण आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। क्रोधित होने की बजाय विवेक से काम लें। प्रेमी युगल के लिए यह समय अच्छा है, वे शादी के बंध न में बंध सकते हैं। यदि अविवाहित हैं तो इस महीने प्रेम संबंध बन सकते हैं। किसी खास से मुलाकात हो सकती है। माता को स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानियां हो सकती हैं उनका विशेष ध्यान रखें। अपनी सेहत का ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को हल्के में नहीं लें वरना यह बड़ी बीमारी का रूप ले सकती है। दम्पत्ति को सन्तान लाभ होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त हो सकती है। इस मास ३, ४, १२, १३, २२, २३, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। अपने कार्य में अच्छी मेहनत के लिए आपको प्रशंसा और पदोन्नति मिल सकती है। पराक्रम में वशद्धि होगी। धन प्राप्ति के नये साधन उत्पन्न होंगे। अतिरिक्त लाभ की संभावना बनेगी। आर्थिक रूप से यह महीना आपके लिए अच्छा रहने वाला है। इस अवधि में धन का आवागमन अच्छा रहेगा और पूंजी निवेश से लाभ प्राप्त होगा। सुखद और लाभकारी यात्रा के योग भी बन रहे हैं। परिवार का सुख प्राप्त होगा। संबंध प्रगाढ होंगे। अत्यधिक व्यस्तता रह सकती है। शारीरिक क्षमता व स्वास्थ्य में वशद्धि होगी। विद्यार्थियों को विशेष सफलता प्राप्त होगी। लोगों से आपका मेल-जोल बढ़ेगा। परिश्रमी छात्रों के लिए यह समय बहुत अच्छा रहेगा। क्योंकि उन्हें अपनी मेहनत की बदौलत सम्मान और किसी प्रतिष्ठित संस्था से छात्रवशत्ति मिलेगी। इस मास १, ८, ९, १०, १८, १९, २०, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

दिसम्बर के महीने में आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे ज्वरपीडा हो सकती है। १२ दिसम्बर के उपरान्त शारीरिक तेज व ऊर्जा में वृद्धि होगी, श्वसन संबंधित विकार हो सकते है। संगीत, कला आदि मनोरंजन में रुचि बढेगी। मन में अत्यधिक विचार आने

से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कार्यस्थल पर वरिष्ठ जनों से आपका सहयोग मिलेगा और आप बेहतर काम करेंगे। इस मास आप सामाजिक जीवन में अधिक व्यस्त रहेंगे और परिजनों और मित्रों के साथ अच्छा समय गुजारेंगे। जीवनसाथी के साथ व्यर्थ विवाद का सामना करना पड़ सकता है और इससे आपके संबंध प्रभावित हो सकते हैं। यदि आप अपने वैवाहिक जीवन में स्नेह और मधुरता को बढ़ाना चाहते हैं तो जीवनसाथी के साथ बातचीत कर गलतफहमियों को दूर करें। घर वाहन आदि का लाभ होगा। इस मास में आपके पिता को शारीरिक कष्ट हो सकता हैं। धार्मिक कार्यो की ओर झुकाव होगा। कुछ विषयों पर धार्मिक गुरु से मतभेद भी हो सकता है। इस मास ६,७, १६, १७, २४, २५ दिनांके नेष्ट रहेगी।

जनवरी

इस महीने आपको माता जी के स्वास्थ्य पर ध्यान देना होगा। इस अवधि में आपका रुझान रहस्यमयी विज्ञान जैसे विषयों की ओर बढ़ेगा। जो लोक कल्याण और मानव संसाधन से जुड़े क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं उन्हें बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। इसके अलावा मैनजमेंट जैसे विषय की पढ़ाई कर रहे छात्र भी अच्छा प्रदर्शन करने में समर्थ होंगे। क्रोध में वशद्धि हो सकती है, परन्तु शारीरिक बल बढेगा। विद्यार्थियों की खेलों में रूचि बढेगी। पिता से लाभ प्राप्त होगा। व्यापार में वशद्धि होगी। विवाह के योग बनेंगे। आजीविका के साधन प्राप्त होंगे। फरवरी महीना उतार चढ़ाव से भरा रहेगा। कार्य स्थल पर कुछ मामूली विवाद हो सकते हैं, इसकी वजह से आप अच्छा महसूस नहीं करेंगे। अपने विचारों को संक्षेप में स्पष्टता के साथ व्यक्त करें। इसके अलावा उच्च अधिकारी और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध बनाकर चलें। यदि पारिवारिक जीवन की बात करें तो इस महीने जीवनसाथी के साथ किसी भी तरह का विवाद न करें। क्योंकि यह विवाद आपके रिश्तों में परेशानी उत्पन्न कर सकता है इसलिए शांत रहें और सोच-समझकर ही बोलें। बेवजह की बातों पर ज्यादा ध्यान न दें वरना इससे आपकी मानसिक शांति भंग हो सकती है इसलिए सकारात्मक सोच रखें क्योंकि अच्छी सोच ही आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। भविष्यकथन कहता है कि मातश पक्ष से लाभ होगा। इस मास २,३,१२, १३, २१, २२, २९, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

धन प्राप्ति की संभावना बनेगी। जीवनसाथी को कष्ट हो सकता है। तीर्थयात्रा व धार्मिक कार्यों में रूचि बढेगी। पिता को कष्ट हो सकता है। ऋण से मुक्ति मिलेगी व शत्रुओं का विनाश होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रशासनिक लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों को परीक्षा सफलता प्राप्त होगी। साल के पहले महीने में आपका वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय रहेगा। आप जीवनसाथी के साथ मिलकर कुछ नया कर सकते हैं। परिवार के साथ यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। आप जीवनसाथी और बच्चों के साथ कुछ यादगार क्षण व्यतीत करेंगे। मकर राशि के जातक इस महीने घर बदलने या मकान के सौंदर्यीकरण के बारे में योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन में थोड़ा सावधान रहने की जरुरत है, क्योंकि परिजनों के बीच विवाद होने की संभावना नजर आ रही है। इन विवादों की वजह से मानसिक तनाव बढ़ सकता है इसलिए सभी लोगों से अच्छे रिश्ते रखें। इसके अलावा कार्य स्थल पर अपने व्यवहार को लेकर संयम बरतें और बेकार की बातों पर ध्यान देने की बजाय, अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। प्रिंट मीडिया में काम करने वाले लोगों के लिए अच्छा रहेगा। कोई बड़ी सफलता मिलने की संभावना है। काम के सिलसिले में होने वाली यात्राएं आपके लिए लाभकारी रहेंगी। इस मास ८, ९, १०, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

कुम्भ राशि (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

मार्च

यह महीना कुम्भ राशि के जातकों के लिए सामान्य रहेगा। इस माह के पूर्वाध में बच्चों के कारण आप परेशान रहेंगे। इस दौरान बच्चों के साथ कुछ मतभेद हो सकते हैं लेकिन ऐसी स्थिति में आपको धैर्य से काम लेना होगा। जीवनसाथी से आपके संबंध अच्छे रहेंगे और उनकी सफलता से आप खुश रहेंगे। इस अवधि में आपको जीवनसाथी की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा और आपका संबंध और मजबूत होगा। इस महीने जीवनसाथी की सेहत को लेकर आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। कार्यस्थल पर अपने कार्य के रहस्य किसी के साथ साझा नहीं करें अन्यथा आप कठिनाई में पड़ सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अच्छे संबंध बनाकर चलें, क्योंकि उनके सहयोग और मार्गदर्शन से आप कार्यक्षेत्र में उन्नति करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और लेखन से जुड़े जातकों के लिए यह महीना अच्छा है। इस मास २०, २१, २८, २९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अप्रैल

कुम्भ राशि के जातक इस महीने के पूर्वार्ध में स्वयं को उत्साहित और सक्रिय अनुभव करेंगे। वहीं माह के उत्तरार्ध में आप प्रभावी और सकारात्मक बातचीत करेंगे। इस माह आप अपने कार्यक्षेत्र में अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। किसी बड़े निवेश के लिए यह समय अच्छा है लेकिन कठिन परिश्रम करना होगा। व्यवसाय में भागीदारी को लेकर भाई-बहनों के साथ परेशानी आ सकती है। आप अच्छे प्रयास करेंगे लेकिन व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सुधार लाने के लिए आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। इसके अलावा आपकी बेहतर कार्यशैली के कारण आपकी प्रशंसा होगी। बिना सोचे-समझे और गुस्से में आकर कोई भी निर्णय लेने से बचें अन्यथा इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। किसी की आलोचना या उसके साथ किसी भी तरह की राजनीति करने से बचें, क्योंकि ऐसा करने से आपके व्यक्तिगत संबंध प्रभावित हो सकते हैं। इस माह आपकी सेहत बिल्कुल अच्छी रहेगी। आप अपनी फिटनेस को लेकर ज्यादा रुचि दिखाएंगे। स्वयं को स्वस्थ रखने

के लिए खेल या व्यायाम जैसी गतिविधियों में शामिल होंगे। इस मास ६, ७, ८, १६, १७, २५, २६ दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

कुम्भ राशि वाले विवाहित जातकों के लिए यह महीना अच्छा रहने वाला है लेकिन प्रेमी युगल को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस माह कार्यस्थल पर बड़ी सफलता मिलने की संभावना है, साथ ही वरिष्ठ सहकर्मियों से भरपूर सहयोग मिलेगा। यह महीना कुम्भ राशि के उन जातकों के लिए उत्तम रहेगा, जो शेयर बाजार व मार्केट रिसर्च से जुड़ा व्यवसाय करते हैं। इस अवधि में शेयर मार्केट में उनके द्वारा व्यक्त की गई संभावना सही साबित होंगी। पारिवारिक और न्यायिक सलाहकारों के लिए भी यह महीना अच्छा रहेगा। इस माह कुम्भ राशि के जातकों के जीवन में धनागमन सुचारु रूप से होता रहेगा लेकिन महीने के उत्तरार्ध में व्यर्थ के खर्च करने से बचें। पारिवारिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। आप व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में अच्छा तालमेल बनाकर चलेंगे। हालांकि परिवार के लोगों से छोटे-मोटे मतभेद भी हो सकते हैं लेकिन आपसी बातचीत से सभी मुद्दे सुलझ जाएंगे। ४, ५, १३, १४, १५, २२, २३, ३१ दिनांक इस मास नेष्ट रहेंगी।

जून

इस माह कुम्भ राशि के जातकों का पारिवारिक जीवन अच्छा रहने वाला है। घर की खुशियों में वशद्धि होगी और आप परिजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इस माह आप परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं। घर में किसी शुभकार्य का आयोजन भी होने की संभावना है। इस महीने आपके जीवनसाथी को कार्यस्थल पर उन्नति मिलने की प्रबल संभावना है, साथ ही आर्थिक वशद्धि भी होगी। यदि आप कोई जमीन खरीदने या बेचने की योजना बना रहे हैं तो महीना का अंत इस काम के लिए अत्यंत शुभ है। इस माह आप पूरी तरह से स्वस्थ रहेंगे। आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे और अपनी बात साफ शब्दों में स्पष्टता के साथ कहेंगे। आपके स्पष्ट बोलने की यह क्षमता निश्चित रूप से आपके लिए लाभकारी रहेगी। आपकी कार्य कुशलता के कारण अधिकारी और सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। यदि आप प्रबंधन या प्रशासनिक क्षेत्र में कार्यरत हैं तो आपको इस माह कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। १,२, १०, ११, १८, १९, २७, २८ दिनांक इस मास नेष्ट रहेंगी।

जुलाई

यह महीना कुम्भ राशि के लोगों के लिए अच्छे संकेत नहीं दे रहा है। महीने की शुरुआत में आपके मन में असमंजस की स्थिति बनी रहेगी। इस वजह से आप विवेकपूर्ण निर्णय लेने में असमर्थ रहेंगे। आर्थिक विषयों पर पर भी इस महीने आपको संभलकर चलना होगा। व्यर्थ खर्च करने से बचें और पैसों के लेनदेन पर विशेष ध्यान रखें अन्यथा धोखाधड़ी होने की संभावना है। यह महीना पारिवारिक जीवन के लिए भी शुभ संकेत नहीं दे रहा है। तनाव बढ़ने से परिवार में शांति और सद्भाव का अभाव रहेगा, इसलिए हर परिस्थिति में संयम व समझदारी से काम लें और मधुर रिश्ते बनाकर चलें। कम्प्यूटर के उपकरण से संबंधित व्यवसाय करने वाले जातकों के लिए यह महीना उत्तम है, इस अवधि में अच्छा लाभ प्राप्त होने की संभावना बन रही है। कम्प्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सॉफ्टवेयर डेवलपर्स से जुड़े जातक अपने कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान वे अपने कार्यक्षेत्र में उच्च पदों को प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह महीना अच्छा दिखाई दे रहा है लेकिन आंखों की विशेष देखभाल करें। इस मास ७, ८, १५, १६, २४,२५, २६ दिनांके नेष्ट रहेंगी।

अगस्त

यह महीना कुम्भ राशि के लोगों के लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। इस माह पिता का खराब स्वास्थ्य आपकी चिंता का कारण बन सकती है, इसलिए इस अवधि में उनकी सेहत का पूरा ध्यान रखें। इसके अलावा इलाज पर अधिक खर्च होने से आपका बजट बिगड़ सकता है। इस समय में आप पारिवारिक कार्यों में और कार्यक्षेत्र में अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। इस महीने छोटी या लंबी दूरी की यात्रा की संभावना बन रही है। वे जातक जिनका झुकाव धार्मिक प्रवशत्ति की ओर ज्यादा है, वे लोग तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। इस महीने आप कोई भी कार्य करने से पहले अच्छे से सोचें और शीघ्रता में कोई भी निर्णय लेने से बचें। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों से कुछ मतभेद होने की संभावना है, इसलिए अपने व्यवहार में संयम बरतें और अच्छे संबंध बनाकर चलें। इस मास ४,५, ११, १२, २१ ,२२, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

सितम्बर

इस महीने में कुम्भ राशि के जातकों के भाग्य में वृद्धि होगी। चुनौतियों के बावजूद इस माह आप प्रगति करेंगे। नौकरी या व्यवसाय के संबंध में विदेश यात्रा की संभावना है। पारिवारिक व्यवसाय में समशद्धि आएगी और आपको माता-पिता का सहयोग मिलेगा। इस माह पारिवारिक जीवन में शांति और सद्भाव बना रहेगा, लेकिन किशोरावस्था के बच्चों से आपको स्नेह और धैर्य के साथ व्यवहार करना होगा। इस माह आप हर तरफ से सकारात्मक ऊर्जा और आत्म विश्वास से भरे रहेंगे। इस माह नए दोस्त बनेंगे और आप पार्टियों में व्यस्त रहेंगे। आपको कुछ ऐसे अवसर मिलेंगे, जिससे आपकी सामाजिक सक्रियता बढ़ेगी और यह आपके लिए लाभकारी रहेगी। फिल्म, अभिनय, नशत्य निर्देशक, फोटोग्राफर और वीडियो एडिटर्स को इस अवधि में लाभ होगा। इस मास १,८, ९, १६, १७, १८, २६, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

अक्टूबर

इस महीने में संतान पक्ष की ओर से कुम्भ राशि के जातकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बच्चों के साथ संबंध तनावपूर्ण होंगे और आप उनके साथ संबंध सामान्य करने में असमर्थ रह सकते हैं। अत: बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करें और विषम परिस्थितियों में धैर्य के साथ काम लें। अत्यधिक क्रोध करने से बचें अन्यथा आपकी मानसिक शांति भंग हो सकती है। पिता का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा लेकिन माँ का स्वास्थ्य थोडा कमजोर रह सकती है, उनका विशेष ख्याल रखें। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा, विशेषकर घर के बड़े लोगों से अधिक सहायता मिलेगी। परिवार से मिलने वाले इस सहयोग के कारण आपके अंदर एक नई ऊर्जा आएगी और आप कुछ बेहतर करने में समर्थ होंगे। अपने कार्यक्षेत्र में हर विषय को लेकर अपना मत स्पष्ट रखें। वरिष्ठ सहकर्मियों की सलाह से स्थितियां अनुकूल होगी। जो छात्र तकनीकी विषय की पढ़ाई कर रहे हैं उनके लिए समय अनुकूल है। क्योंकि उन्हें कठिन परिश्रम का अच्छा फल मिलेगा। इस मास ५, ६ ,१४, १५, २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

नवम्बर

कुम्भ राशि के जातकों को इस महीने में वाणी पर संयम रखना होगा। वैवाहिक जीवन में थोड़ी सावधानी रखनी होगी। जीवनसाथी के साथ जो भी मतभेद हैं उन्हें जल्द से जल्द दूर करने की कोशिश करें अन्यथा समस्या खड़ी हो सकती है। कार्यस्थल पर भी सतर्क रहना आपके लिए अच्छा होगा। अभद्र भाषा के प्रयोग से समस्या उत्पन्न हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ की बातें और कार्यक्षेत्र में आपसी राजनीति करने से बचें। यह माह आर्थिक तौर पर आपके लिए लाभकारी रहेगा। आप अधिक से अधिक पैसों की बचत करेंगे और इससे आर्थिक स्थिरता रहेगी। यह समय अचल संपत्ति के क्षेत्र में निवेश करने के लिए सही नहीं है, इसलिए जमीन/मकान खरीदने या बेचने से बचें। प्रॉपर्टी या कार्य से जुड़े हर दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से पहले उसे अच्छे से पढ़ लें। क्योंकि धोखेबाजी की संभावना है। इस माह पिता की सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। इस अवधि में उन्हें कोई गंभीर बीमारी से कष्ट हो सकता है हालांकि महीने के उत्तराध में उनकी सेहत में सुधार देखने को मिलेगा। इस मास १,२, १०, ११, १२, २० , २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेंगी।

दिसम्बर

मार्च का महीना कुम्भ राशि के लोगों के लिए बहुत ही सकारात्मक रहेगा। जीवन में खुशियां बनी रहेंगी और सब कुछ अच्छा रहेगा। विशेषकर विवाहित जातकों के लिए यह समय सुखद होगा। इस दौरान वैवाहिक जीवन में मधुरता और शांति बनी रहेगी। आप एक-दूसरे की आवश्यकता को समझेंगे। जीवनसाथी से आपको सहयोग मिलेगा और आपका बंधन मजबूत होता जाएगा। इस माह घर में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन भी संभव है। विवाह संपन्न होने के भी योग बन रहे हैं। आप अपना वर्तमान निवास स्थान बदलकर किसी बड़े घर में स्थानान्तरित हो सकते हैं। इस महीने अत्यधिक व्यस्त होने के कारण आपके परिजन स्वयं को उपेक्षित महसूस करेंगे, अत: परिवार के लोगों को पर्याप्त समय दें। वे जातक जो सौंदर्य प्रसाधन, कलात्मक वस्तु, आभूषण और सर्वसुविधा युक्त सामानों का व्यवसाय करते हैं उनके लिए यह समय बेहद अनुकूल है। इस महीने व्यापार में अच्छा लाभ होने की संभावना है। इस अवधि में आप अपने व्यवसाय को विस्तार देने की योजना बनाएंगे। आप अपने जीवनसाथी के साथ मिलकर भी कुछ नया कार्य प्रारम्भ कर सकते हैं। यह कार्य मनोरंजक, व्यावसायिक या यात्रा से जुड़ा भी हो सकता है। इस मास ७, ८, ९, १७, १८, १९, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

जनवरी

इस महीने में कुम्भ राशि के जातकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। महीने के पूर्वार्ध में बच्चों की ओर से तनाव मिल सकता है। तनाव और चिंता के कारण आपकी मानसिक शांति भंग हो सकती है। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए आपको कुछ निवेश करना होगा। बच्चे पढ़ाई के लिए घर से दूर भी जा सकते हैं। अपने प्रेम जीवन को लेकर आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। क्योंकि कुछ विवादों की संभावना बन रही है। अपने प्रेम जीवन में संतुलन बनाये रखने की कोशिश करें और अपने साथी को अधिक समय देने का प्रयास करें। इस माह सेहत को लेकर भी आपको अपना विशेष ध्यान रखना होगा। अजीर्ण, उदर विकार, मुंह में छाला और कोई घाव हो सकता है। आपके स्वभाव में साहस, क्रोध और वीरता की वृद्धि होगी। ग्राफिक आर्टिस्ट, विदेशी भाषा के जानकार और तकनीकी लेखन से जुड़े जातकों के लिए समय बहुत अच्छा है। इस मास ४, ५, १४, १५, २२, २३, ३१ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

फरवरी

यह महीना कुम्भ राशि के जातकों के लिए सामान्य रहने वाला है। इस अवधि में यदि आपको लाभ नहीं मिलेगा तो हानि भी नहीं होगी। पारिवारिक संसाधनों में बढ़ोत्तरी की संभावना है इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस माह महंगे घरेलू सामान खरीदने से आपका खर्च बहुत बढ़ सकता है, इसलिए सोच-समझकर खर्च करें। मानसिक, बौद्धिक और कलात्मक क्षमता में वर्शद्धि होने से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। वकील, शिक्षक, सलाहकार और वक्ताओं के लिए यह महीना अच्छा रहने वाला है। कुम्भ राशि के जातक जनवरी के महीने में सभी क्षेत्रों में अच्छा कार्य करेंगे। क्रोध और वाणी पर संयम रखें क्योंकि गलत शब्दों के प्रयोग से आपके और परिजनों के बीच गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। इसलिए कड़वे वचन बिल्कुल नहीं बोलें। इस माह के अंत में आपको कठिन परिश्रम का फल मिलेगा और सब कुछ सुव्यवस्थित हो जाएगा। इस मास १,२, १०, ११, १९, २०, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेंगी।

मीन राशि (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

मार्च

इस माह मीन राशि के जातकों का झुकाव मनोविज्ञान जैसे विषयों की ओर बढ़ेगा। आप में से कुछ लोग इस दौरान तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं। सितारों की चाल कहती है कि, वे लोग जो नौकरी कर रहे हैं अपनी नौकरी में परिवर्तन करने के बारे में सोच सकते हैं। इस दौरान आपको लंबी और छोटी दूरी की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। महीने के उत्तरार्ध में आपको लगातार कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। कार्यस्थल पर अच्छा माहौल बना रहेगा और वरिष्ठों के साथ आपके रिश्ते मधुर रहेंगे। इस माह आपका वैवाहिक जीवन भी आनंद से भरा रहेगा। आप दोनों के बीच अच्छी समझ होगी और विषम परिस्थितियों में आप एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। परिवार के बड़े लोगों और बच्चों के लिए यह समय अच्छा साबित होगा। वहीं आर्थिक मोर्चे पर यह महीना थोड़ा उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। वे जातक जो व्यवसाय से जुडे हैं, यदि इस अवधि में किसी नई योजना में निवेश करते हैं तो उन्हें अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। इस महीने स्वास्थ्य के विषय में ज्यादा चिंता करने की जरुरत नहीं है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए आपकी रुचि योग और प्राणायाम की ओर होगी। इस मास ४, ५, १२, १३, २१, २२ दिनांक नेष्ट रहेगी।

अप्रैल

इस माह वैवाहिक जीवन में सुखद और सकारात्मक बदलाव होने की संभावना है। यदि आपने प्रयास जारी रखें तो अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। वैवाहिक रिश्तों में तनाव कम होगा और हर्ष व सद्भाव बना रहेगा। आप जीवनसाथी और बच्चों के साथ मिलकर अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इसके अलावा परिजन भी आपसे खुश रहेंगे और परिवार की एकता बनी रहेगी। इस समय अवधि में जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना आप बड़ी ही कुशलता के साथ करेंगे। इस महीने आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या को नियमित रखें। स्कूली और कॉलेज में पढ़ने वाले जातकों के लिए भी यह महीना शुभ संकेत दे रहा है। अच्छे काम की वजह से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और सम्मान भी बढ़ेगा। इसके अलावा इस माह आपका रुचि धार्मिक कार्यों के प्रति बढ़ेगी। मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए आप नियमित रूप से ध्यान और मंत्र जाप करेंगे। इस मास १,२, ३, ११, १२, १३, २०, २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

मई

इस महीने में आप अपने सभी कार्यों को बहुत चतुराई और कुशलता के साथ पूरा करेंगे। भाई-बहन या दोस्तों के साथ साझेदारी में बिजनेस कर रहे जातकों को आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। हालांकि पैसों के लेनदेन में थोड़ी सावधानी बरतने की जरुरत पड़ेगी। किसी अनजान व्यक्ति पर जल्दी भरोसा नहीं करें। किसी भी व्यक्ति को अपना साझेदार बनाने से पहले अच्छी तरह से सोच लें। इस महीने आपके साहस और आत्म विश्वास में भी वश्द्धि होगी। महीने के पहले 15 दिन किसी भी तरह के नये निवेश के लिए अच्छा समय है। क्योंकि इस अवधि में आपको अप्रत्याशित आर्थिक लाभ की प्राप्ति होगी। वहीं महीने का दूसरा पखवाड़े किसी दीर्घकालिक योजना के लिए उत्तम रहेगा। विवाहित जातकों के लिए भी यह समय अच्छा रहने वाला है। इस दौरान वे परिवार नियोजन के बारे में सोच सकते हैं। वहीं दूसरी ओर जो महिला जातक गर्भवती हैं उनका प्रसव सफल और सुरक्षित तरीके से हो जाएगा। मीन राशि के वे छात्र जो सॉफ्टवेयर तकनीक के क्षेत्र में काम कर रहे हैं उन्हें कार्यक्षेत्र में उन्नति मिलेगी। इस मास ८, ९, १७, १८, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जून

इस महीने मीन राशि के जातकों को घर-परिवार से जुड़े मामलों में बड़े लोगों की सलाह लेनी होगी। बड़े भाई-बहन, माता-पिता की सलाह से परिवार की शांति और समृद्धि के लिए लाभकारी रहेगी। इन सभी का मार्गदर्शन मिलने से व्यक्तिगत जीवन में होने वाला तनाव भी कम होगा। इस माह परिजनों के साथ मिलकर कोई शुभ कार्य करने का अवसर मिलेगा। वहीं आर्थिक मोर्चे पर पैसा कमाने के कुछ अच्छे अवसर मिलेंगे, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे। आप मनोरंजन और सर्व-सुविधायुक्त सामानों पर अधिक खर्च करेंगे। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर बने रहेंगे, हालांकि छोटे-मोटे मतभेद होने की भी संभावना है। इसलिए जीवनसाथी के साथ मधुर व्यवहार करें और किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। कार्यस्थल पर वरिष्ठ सहकर्मी आपके कठिन परिश्रम और काम की गुणवत्ता की तारीफ करेंगे। इसके अलावा आपके सहकर्मी भी आपका सहयोग करेंगे। इस माह विरोधी भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए यह समय बहुत अच्छा रहने वाला है। कार्यस्थल पर उनकी पदोन्नति होगी और वे अपने सभी काम बड़े आत्म विश्वास के साथ पूर्ण करेंगी। इस मास ४, ५, १३, १४, १५, २२, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जुलाई

इस महीने आपके वैवाहिक जीवन में दुःखद मोड़ आ सकता है। विशेषकर महिलाओं को अपने वैवाहिक जीवन में अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान महिला जातकों को प्रताड़ना का सामना करना पड़ सकता है। वैवाहिक जीवन में तनाव होने से पारिवारिक जीवन प्रभावित होगा और बच्चों पर इसका गलत प्रभाव पड़ेगा। जीवनसाथी के साथ सभी विवादों को शांति से बैठकर सुलझाएं। वहीं दूसरी ओर इस माह आपका ध्यान अपने काम पर होगा। आपकी दृढ इच्छाशक्ति के कारण व्यक्तिगत जीवन में होने वाला कष्ट आपके व्यावसायिक जीवन को प्रभावित नहीं कर पाएगा। अपने व्यवसाय संबंधी सभी योजनाओं पर आप काम करेंगे और आपको उसका उत्तम फल प्राप्त

होगा। कार्य स्थल पर आप वरिष्ठ अधिकारियों और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध बनाकर चलेंगे। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का व्यवसाय कर रहे जातकों को लाभ की प्राप्ति होगी। यह माह किसी भी नए तरह के निवेश के लिए बिल्कुल उपयुक्त नहीं है। माता-पिता का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। अपनी वैवाहिक जीवन से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए आप माता-पिता से सहयोग ले सकते हैं। इस मास १, २, ३, १०, ११, १९, २०, २१, २९, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

अगस्त

यह महीना मीन राशि के जातकों के लिए आर्थिक उन्नति का माह रहेगा। अपने प्रयासों से सफलता मिलेगी और विदेशी स्रोतों से भी आय होगी। यदि आपके परिवार का कोई सदस्य विदेश में रहकर कार्य कर रहा है या फिर आपके परिवार के व्यवसाय का संबंध विदेश से है, तो निश्चित रूप से आपकी पारिवारिक आय में बढ़ोत्तरी होगी। आपकी मधुर वाणी आपको विवाद और विषम परिस्थितियों से बचाएगी। इस माह मन में अनेक प्रकार के विचार आने से तनाव बढ़ सकता है, जो पारिवारिक और व्यावसायिक संबंधों को प्रभावित करेगा। आपके व्यवहार में कुछ रुखापन आएगा। इस माह कुछ समय के लिए आप काम के बोझ से स्वयं को तनावग्रस्त महसूस करेंगे, इसलिए कुछ समय आराम करने के लिए निकालें। भाषा विज्ञानी और अनुवादकों के लिए यह समय बहुत अच्छा रहने वाला है। मीन राशि के वे जातक जो चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हैं उनके लिए भी यह समय बहुत लाभकारी रहेगा। इस मास ६, ७, १६, १७, २६, २७ दिनांक नेष्ट रहेगी।

सितम्बर

मीन राशि के जातकों का स्वास्थ्य इस मास में थोडा खराब रह सकता है। इसलिए स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल लापरवाही न रहें। विशेष रूप से महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, क्योंकि इस अवधि में उन्हें प्रजनन क्षमता से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कई जातकों को नेत्र से संबंधी पीड़ा भी हो सकती है। मानसिक तनाव बढ़ने से अनिद्रा की समस्या होने की भी संभावना है। अकारण तनाव लेने से बचें। कुछ समय के लिए काम से छुट्टी लें और आराम करें। ऐसा करने से आप बेहतर महसूस करेंगे। वैवाहिक जीवन में परेशानियों के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराने से बचें। छोटी-छोटी गलतियों पर ध्यान देने की बजाय स्नेह और शांति के साथ वैवाहिक जीवन को मधुर बनाएं। आर्थिक क्षेत्र हेतु यह महीना सामान्य दिखाई दे रहा है। वहीं छात्रों के लिए यह माह बहुत शुभ संकेत दे रहा है, खासतौर पर वे छात्र जो किसी विषय पर अनुसंधान कर रहे हैं। इस अवधि में वे लोग बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस मास ३, ४, १२, १३, १४, २२, २३, ३० दिनांक नेष्ट रहेगी।

अक्टूबर

यह महीना मीन राशि के विवाहित जातकों के लिए कुछ कठिन रहने वाला है। इस दौरान वैवाहिक जीवन में आपको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इस महीने जीवनसाथी के साथ विवाद व बहस करने से बचें और उनके साथ विनम्रता से व्यवहार करें। परिवार के बड़े लोगों की सलाह लें और उसका अनुसरण करें। इस माह विदेश यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। वहीं विदेश में कार्य करने को लेकर आपके भाई-बहनों की इच्छा पूरी होगी। कठिन परिश्रम करने से उन्हें इच्छित सफलता मिलेगी। इस समय अवधि में परिजनों के साथ आपके रिश्ते मधुर रहेंगे। आपके घर में सुख और शांति बनी रहेगी। आर्थिक उन्नति और पारिवारिक व्यवसाय के लिए भी यह समय शुभ संकेत दे रहा है। इस दौरान धन और संपत्ति में वृद्धि होगी। महंगे सामान खरीदने की वजह से इस माह खर्च ज्यादा हो सकता है। इस मास १, ९, १०, ११, १९, २०, २७, २८, २९ दिनांक नेष्ट रहेगी।

नवम्बर

इस महीने में अपनी योजनाओं में सफलता मिलने आत्म विश्वास बढ़ेगा। पिता और गुरु से मिलने वाला सहयोग आपके अंदर साहस और इच्छाशक्ति पैदा करेगा। महीने के उत्तरार्ध में आपके पिता की सामाजिक प्रतिष्ठा में वशद्धि होगी। सभी तरह के सलाहकारों के लिए यह समय अच्छा रहेगा, क्योंकि इस अवधि में उनकी बहुत मांग होगी। यह मास मीन राशि के छात्रों के लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। क्योंकि इस दौरान उन्हें उनकी मेहनत का उत्तम परिणाम मिलेगा, साथ ही अच्छे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलेगा। मीन राशि के वे जातक जो नौकरी की तलाश में हैं उन्हें कई अच्छे विकल्प मिलेंगे, परन्तु और भी बेहतर सफलता प्राप्ति के लिए आपको और मेहनत करनी होगी। करियर को लेकर महत्वाकांक्षी जातकों को इस अवधि में बहुत उन्नति और सफलता मिलेगी। इस मास ६, ७, १५, १६, १७, २४, २५ दिनांक नेष्ट रहेगी।

दिसम्बर

यह मास आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। अपने कार्य में मिलने वाली सफलता को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। इस माह आपको भाग्य का सहयोग मिलेगा और जीवन में आप जैसा चाहेंगे वैसा ही होता रहेगा। यात्राएं अधिक होने से आप थकान महसूस करेंगे। वे जातक जो व्यापार से जुडे हैं उनके विदेशों में संपर्क बनेंगे और ये संबंध उनके लिए बहुत लाभकारी होंगे। वहीं मीन राशि जातक जो बिल्डिंग, रियल इस्टेट और प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़ा कार्य कर रहे हैं, उनको इस अवधि में अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। घर में शांति और सद्‌भाव का वातावरण रहेगा। आप परिवार के सदस्यों के साथ अधिक समय व्यतीत करेंगे। इस माह घर की साज-सज्जा और पुनर्निर्माण का काम कराना आपका प्रमुख कार्य रहेगा। इसके अलावा धार्मिक और परोपकारी कार्यों में भी आपकी रुचि

बढ़ेगी। इसकी वजह से आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। इस महीने आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। पेट संबंधी कुछ बीमारी आपको परेशान कर सकती है। इस मास ३, ४, १३, १४, २१, २२, ३०, ३१ दिनांक नेष्ट रहेगी।

जनवरी

इस महीने में मीन राशि के जातकों को अपने वैवाहिक जीवन में संभलकर चलना होगा। इस अवधि में क्रोध पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी होगा । अपनी वाणी पर भी संयम रखें, क्योंकि कठोर शब्द आपके जीवनसाथी की भावना को ठेस पहुंचा सकते हैं। बेवजह शक करना और नियंत्रण रखने की भावना मन में नहीं रखें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। इस माह धन का आवागमन अच्छा रहेगा, परिवार की आय में वृद्धि होगी। वित्तीय मामलों में फिर भी थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि आर्थिक मामलों से जुड़ी चिंताएं परेशान कर सकती हैं। इसलिए बेवजह खर्च करने से बचें। यदि आप कोई आवासीय संपत्ति खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो आपको सलाह है कि इस महीने यह काम ना करें। विरोधी और शत्रु आपसे भयभीत रहेंगे। कार्यक्षेत्र में उन्नति और वृद्धि के लिए यह महीना बेहद अच्छा रहने वाला है। इस मास १,९, १०, १७, १८, १९, २७, २८ दिनांक नेष्ट रहेगी।

फरवरी

इस मास में मीन राशि के जातकों को अपने कार्यक्षेत्र में सुधार लाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। प्रयासों की बदौलत आपको कामयाबी भी मिलेगी। वे जातक जो व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें इस महीने बड़ा आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। पारिवारिक जीवन में कुछ परेशानियां आएंगी लेकिन परिजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। वहीं वैवाहिक जीवन में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए जीवनसाथी के साथ विवाद करने से बचें वरना स्थिति और खराब हो सकती है। इस दौरान जीवनसाथी को समय प्रदान करें। स्वास्थ्य हेतु भी यह महीना आपके लिए अच्छा दिखाई दे रहा है। सुबह की नियमित सैर और व्यायाम करने से आप स्वस्थ रहेंगे। मीन राशि के छात्रों के लिए यह महीना अत्यन्त महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि उन्हें अपनी कड़ी मेहनत का परिणाम मिलेगा। इस मास ५, ६, ७, १४, १५, २३, २४ दिनांक नेष्ट रहेगी।

डा. प्रवेश व्यास
सहायकाचार्य,वास्तुशास्त्रविभाग,
श्री ला.ब.शा.रा.सं.विद्यापीठ,नई दिल्ली

ग्रहाः राज्यं प्रयच्छन्ति ग्रहाः राज्यं हरन्ति च।
ग्रहाधीनं जगत्सर्वमिति मे निश्चिता मतिः।।

सायन सूर्य संक्रमण सम्वत् 2077
(सन् 2020-21)

दिनांक	राशि	समय
19/04/2020	वृष	20:30
20/05/2020	मिथुन	19:43
20/06/2020	कर्क	27:36
22/07/2020	सिंह	14:29
22/08/2020	कन्या	21:38
22/09/2020	तुला	19:23
22/10/2020	वृश्चिक	28:52
21/11/2020	धनु	26:30
21/12/2020	मकर	15:54
19/01/2021	कुम्भ	22:53
18/02/2021	मीन	16:39
20/03/2021	मेष	15:31

-श्रीनवग्रहस्तोत्रम्-

जपाकुसुमसंकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम्। तमोऽरिं सर्वपापघ्नं प्रणतोऽस्मि दिवाकरम्।।
दधिशंखतुषाराभं क्षीरोदार्णवसम्भवम्। नमामि शशिनं सोमं शम्भोर्मुकुटभूषणम्।।
धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम्। कुमारं शक्तिहस्तं तं मंगलं प्रणमाम्यहम्।।
प्रियंगुकलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम्। सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम्।।
देवानां च मुनीनां च गुरुं कांचनसन्निभम्। बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम्।।
हिमकुन्दमृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम्। सर्वशास्त्रप्रवक्तारं भार्गवं प्रणमाम्यहम्।।
नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम्। छायामार्तण्डसम्भूतं तं नमामि शनैश्चरम्।।
अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम्। सिंहिकागर्भसम्भूतं तं राहुं प्रणमाम्यहम्।।
पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम्। रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम्।।
इति व्यासमुखोद्गीतं यः पठेत् सुसमाहितःदिवा वा यदि वा रात्रौ विघ्नशान्तिर्भविष्यति।।
नरनारीनृपाणां च भवेद्दुःस्वप्ननाशनम्। ऐश्वर्यमतुलं तेषामारोग्यं पुष्टिवर्धनम्।।

ग्रहण विवरण 2020-21

वि.सं. 2077(2020-21 ई.) में समस्त विश्व में 02 सूर्यग्रहण दिखाई देंगे। साथ ही 03 विरलाभास चन्द्रग्रहण भी इस वर्ष है जिसका विश्व में प्रत्यक्ष दृश्य न होने से धार्मिक महत्व नही है। इस वर्ष केवल 1 सूर्यग्रहण ही भारत में दृश्यमान होगां। इनका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

1. विरलाभास चन्द्रग्रहण (5-6 जून 2020) - यह विरलाभास चन्द्रग्रहण दिनांक 5 जून 2020 ई. को रात्रि 23: 16 से 06 जून 2020 ई. को 02:34 बजे तक रहेगा। यह ग्रहण दिखाई न देने के कारण सूतकादि कृत्य विचारणीय नहीं है।

25 फरवरी	माघ	शुक्ल	13	गुरु	पुष्य	
01 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	2/3	सोम	उ.फा./हस्त	19:12से29:48तक
05 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	7	शुक्र	अनुराधा	08:47 तक
14 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	1	रवि	उ.भा.	
15 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	2	सोम	रेवती	
21 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	7	रवि	मृगशिरा	07:09से20:05तक
24 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	10	बुध	पुष्य	22:10से
28 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	15	रवि	उ.फा.	14:18तक
29 मार्च	चैत्र	कृष्ण	1	सोम	हस्त	

लग्नशुद्धि - कुम्भ लग्न छोड़कर अन्य लग्नों में केन्द्र (1, 4, 7, 10), त्रिकोण (5, 9) एवं द्वितीय में शुभग्रह, 3, 6, 11 में पाप ग्रह, 4, 8 शुद्ध (ग्रहरहित) शुभ।

जलाशयारामसुरप्रतिष्ठा मुहूर्त

27 मार्च	चैत्र	शुक्ल	3	शुक्र	अश्विनी
30 मार्च	चैत्र	शुक्ल	6	सोम	रोहिणी
03 अप्रैल	चैत्र	शुक्ल	10	शुक्र	पुष्य
08 अप्रैल	चैत्र	शुक्ल	15	बुध	हस्त/चित्रा

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
29 अप्रैल	वैशाख	शुक्ल	6	बुध	पुनर्वसु	
30 अप्रैल	वैशाख	शुक्ल	7	गुरु	पुष्य	14:52से26:15तक
04 मई	वैशाख	शुक्ल	11/12	सोम	उ.फा.	06:15तक
07 मई	वैशाख	शुक्ल	15	गुरु	स्वाति	05:59तक
25 मई	ज्येष्ठ	शुक्ल	3	सोम	मृगशिरा	
27 मई	ज्येष्ठ	शुक्ल	5	बुध	पुनर्वसु	
28 मई	ज्येष्ठ	शुक्ल	6	गुरु	पुष्य	
24 जून	आषाढ	शुक्ल	3	बुध	पुष्य	21:37से

लग्नशुद्धि– 2, 3, 5, 6, 9, 11, 12 लग्नों में, केन्द्र, त्रिकोण में शुभग्रह, 3,6,11 में पाप ग्रह, अष्टम शुद्ध (ग्रहरहित) हो।

विशेष– पूर्वाह्न में प्रतिष्ठा प्रशस्त। प्रतिष्ठापित होने वाले देव के मास, तिथि नक्षत्र में सम्प्रदाय के अनुरूप प्रतिष्ठा की जा सकती है। यथा– चतुर्दशी में शंकर, चतुर्थी में गणेश आदि की ।

हलप्रवहण (हल जोतने का) मुहूर्त

25 मार्च	चैत्र	शुक्ल	1	बुध	रेवती	
26 मार्च	चैत्र	शुक्ल	2	गुरु	रेवती	
27 मार्च	चैत्र	शुक्ल	3	शुक्र	अश्वनि	
30 मार्च	चैत्र	शुक्ल	6	सोम	रोहिणी	
31 मार्च	चैत्र	शुक्ल	7	मंगल	मृगशिरा	28:22से
03 अप्रैल	चैत्र	शुक्ल	10	शुक्र	पुष्य	
08 अप्रैल	चैत्र	शुक्ल	15	बुध	हस्त/चित्रा	
09 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	3	गुरु	स्वाति	
13 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	6	सोम	मूल	16:06से28:02तक

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
15 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	8	बुध	उ.षा.	
17 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	10	शुक्र	धनिष्ठा	
29 अप्रैल	वैशाख	शुक्ल	6	बुध	पुर्नवसु	
30 अप्रैल	वैशाख	शुक्ल	7	गुरु	पुष्य	14:52 से 26:15 तक
04 मई	वैशाख	शुक्ल	12	सोम	उ.फा.	06:15
05 मई	वैशाख	शुक्ल	13	मंगल	हस्त	
07 मई	वैशाख	शुक्ल	15	गुरु	स्वाति	05:59तक
12 मई	वैशाख	कृष्ण	5/6	मंगल	उ.षा.	29:13तक
13 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	7	बुध	श्रवण	18:02 तक
14 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	7/8	गुरु	श्रवण/धनिष्ठा	
15 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	8	शुक्र	धनिष्ठा	
19 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	12	मंगल	रेवती	
20 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	13	बुध	अश्वनी	19:52 से
25मई	ज्येष्ठ	शुक्ल	3	सोम	मृगशिरा	
27 मई	ज्येष्ठ	शुक्ल	5	बुध	पुर्नवसु–	07:32 तक
28 मई	ज्येष्ठ	शुक्ल	6	गुरु	पुष्य	
01 जून	ज्येष्ठ	शुक्ल	10	सोम	हस्त	25:36 से
02 जून	ज्येष्ठ	शुक्ल	11	मंगल	चित्रा	12:08तक
03 जून	ज्येष्ठ	शुक्ल	12	बुध	स्वाति	
05 जून	ज्येष्ठ	शुक्ल	15	शुक्र	अनुराधा	13:50तक
10 जून	आषाढ	कृष्ण	5	बुध	श्रवण	
11 जून	आषाढ	कृष्ण	6	गुरु	धनिष्ठा	20:50 से

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि	विवरण	दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि	विवरण
12 जून	आषाढ	कृष्ण	7	शुक्र	शतभिषा	09:41 तक		14 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	10	शुक्र	मृगशिरा	14:12 तक	
15 जून	आषाढ	कृष्ण	10	सोम	रेवती	16:31 से		17 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	13	सोम	पुर्न.पुष्य	12:41 से 23: तक	
16 जून	आषाढ	कृष्ण	10	मंगल	अश्विनी	05:46तक		21 अगस्त	भाद्रपद	शुक्ल	3	शुक्र	उ.फा.		
23 जून	आषाढ	शुक्ल	2	मंगल	पुनर्वसु			24 अगस्त	भाद्रपद	शुक्ल	6	सोम	स्वाति		
24 जून	आषाढ़	शुक्ल	3	बुध	पुष्य	21:37 से		26 अगस्त	भाद्रपद	शुक्ल	8	बुध	अनुराधा		
26 जून	आषाढ	शुक्ल	5/6	शुक्र	मघा			28 अगस्त	भाद्रपद	शुक्ल	10	शुक्र	मूल	20:26से	
30 जून	आषाढ	शुक्ल	10	मंगल	चित्रा/स्वाति			31 अगस्त	भाद्रपद	शुक्ल	13	सोम	श्रवण		
02 जुलाई	आषाढ	शुक्ल	12	गुरु	अनुराधा			02 सितम्बरर	भाद्रपद	शुक्ल	15	बुध	शतभिषा		
06 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	1	सोम	उ.षा.			19 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	3	सोम	अनुराधा	24:38से	
07 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	2	मंगल	श्रवण	29:09से		21 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	5	बुध	मूल		
08 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	3	बुध	धनिष्ठा	09:16 तक		23 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	7	शुक्र	उ.षा.	06:56से18:56 तक	
13 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	8	सोम	रेवती			26 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	10	सोम	शतभिषा		
17 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	12	शुक्र	रोहिणी			29 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	13	गुरु	उ.भा.		
21 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	1	मंगल	पुष्य			03 नवम्बर	कार्तिक	कृष्ण	3	मंगल	रोहिणी	14:22से27:30तक	
23 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	3	गुरु	मघा	27:56से		11 नवम्बर	कार्तिक	कृष्ण	11	बुध	उ.फा.		
27जुलाई	श्रावण	शुक्ल	7/8	सोम	चित्रा	07:09 से 18:03 तक		12 नवम्बर	कार्तिक	कृष्ण	12	गुरु	हस्त		
30 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	11	गुरु	अनुराधा	12:19 से 23:37 तक		13 नवम्बर	कार्तिक	कृष्ण	13	शुक्र	चित्रा	18:08से28:14 तक	
03 अगस्त	श्रावण	शुक्ल	15	सोम	उ.षा.	09:18तक		16 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	1/2	सोम	अनुराधा		
04 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	1	मंगल	श्रवण			20 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	6	शुक्र	उ.षा.		
05 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	2	बुध	धनिष्ठा			25 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	11	बुध	उ.भा.		
06 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	3	गुरु	शतभिषा	11:14 से 23:55 तक		26 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	12	गुरु	रेवती		
10 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	6/7	सोम	अश्विनी	06:43 से 19:56		27 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	12	शुक्र	अश्विनि		

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
30 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	15	सोम	रोहिणी	
01 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	1	मंगल	रोहिणी	
02 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	2	बुध	मश्गशिरा	
07 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	7	सोम	मघा	07:35तक
10 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	10	गुरु	हस्त	
11 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	11	शुक्र	चित्रा/स्वाति	
15 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	शुक्ल	1	मंगल	मूल	
17 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	शुक्ल	3	गुरु	उ.षा.	26:42 से
22 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	शुक्ल	8	मंगल	उ.भा.	
24 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	शुक्ल	10	गुरु	अश्विनि	
25 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	शुक्ल	11	शुक्र	अश्वि.	12:40से26:03 तक
31 दिसम्बर	पौष	कृष्ण	1	गुरु	पुर्नवसु	
01 जनवरी	पौष	कृष्ण	2	शुक्र	पुष्य	21:27 से
05 जनवरी	पौष	कृष्ण	7	मंगल	उ.फा.	17:08तक
06 जनवरी	पौष	कृष्ण	8	बुध	हस्त	
08 जनवरी	पौष	कृष्ण	10	शुक्र	स्वाती	10:56से21:45 तक
14 जनवरी	पौष	शुक्ल	1	गुरु	श्रवण	
15 जनवरी	पौष	शुक्ल	2	शुक्र	धनिष्ठा	
19 जनवरी	पौष	शुक्ल	6	मंगल	उ.भा.	
20 जनवरी	पौष	शुक्ल	7	बुध	रेवती	13:11से26:30तक
21 जनवरी	पौष	शुक्ल	8	गुरु	अश्विनी	
25 जनवरी	पौष	शुक्ल	12	सोम	मृगशिरा	

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
28 जनवरी	पौष	शुक्ल	15	गुरु	पुष्य	
02 फरवरी	माघ	कृष्ण	5	मंगल	हस्त	
03 फरवरी	माघ	कृष्ण	6	बुध	चित्रा	14:14से25:11तक
04 फरवरी	माघ	कृष्णन	7	गुरु	स्वाती	
08 फरवरी	माघ	कृष्ण	12	सोम	मूल	
11 फरवरी	माघ	कृष्ण	15	गुरु	श्रवण	
12 फरवरी	माघ	शुक्ल	1	शुक्र	धनिष्ठा	
16 फरवरी	माघ	शुक्ल	5	मंगल	रेवती	
17 फरवरी	माघ	शुक्ल	6	बुध	उ.भा.	
22 फरवरी	माघ	शुक्ल	10	सोम	मृगशिरा	29:54से
24 फरवरी	माघ	शुक्ल	12	बुध	पुर्नवसु	
25 फरवरी	माघ	शुक्ल	13	गुरु	पुष्य	
01 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	2/3	सोम	उ.फा./हस्त	19:12से29:48तक
03 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	5	बुध	स्वाती	
04 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	6	गुरु	विशाखा	29:498से
05 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	7	शुक्र	अनुराधा	08:47 तक
09 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	11	मंगल	उ.षा.	
10 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	12	बुध	श्रवण	
11 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	13	गुरु	धनिष्ठा	14:36से26:47तक
15 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	2	सोम	रेवती	
16 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	3	मंगल	अश्विनी	
24 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	10	बुध	पुष्य	22:10से

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
26 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	12/13	शुक्र	मघा	
29 मार्च	चैत्र	कृष्ण	1	सोम	हस्त	
30 मार्च	चैत्र	कृष्ण	2	मंगल	चित्रा	27:44से
31 मार्च	चैत्र	कृष्ण	3	बुध	स्वाति	14:02तक
06 अप्रैव	चैत्र	कृष्ण	10	मंगल	श्रवण	13:48से25:44तक
07 अप्रैल	चैत्र	कृष्ण	11	बुध	धनिष्ठा	

लग्नशुद्धि - 2, 3, 6, 8, 9, 12 राशि के लग्न शुभ। 1, 4, 5, 7, 10, 11 लग्नों में अशुभ। लग्न में गुरु, जलचर नवांश में चन्द्र की स्थिति एवं चन्द्र शुक्र बली हों।

बीजोप्ति(बीज बोने का) मुहूर्त

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
25 मार्च	चैत्र	शुक्ल	1	बुध	रेवती	
27 मार्च	चैत्र	शुक्ल	3	शुक्र	अश्विनी	
03 अप्रैल	चैत्र	शुक्ल	10	शुक्र	पुष्य	
08 अप्रैल	चैत्र	शुक्ल	15	बुध	हस्त/चित्रा	
09 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	2	गुरु	स्वाति	
15 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	8	बुध	उ.षा.	
17 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	10	शुक्र	धनिष्ठा	
30 अप्रैल	वैशाख	शुक्ल	7	गुरु	पुष्य	14:52-26:15
04 मई	वैशाख	शुक्ल	12	सोम	उ.फा.	06:15तक
07 मई	वैशाख	शुक्ल	15	गुरु	स्वाति	05:59तक
15 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	8	शुक्र	धनिष्ठा	
18 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	11	सोम	उ.भा.	
20 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	13	बुध	अश्विनि	

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
25 मई	ज्येष्ठ	शुक्ल	3	सोम	मृगशिरा	
01 जून	ज्येष्ठ	शुक्ल	10	सोम	हस्त	25:36से
03 जून	ज्येष्ठ	शुक्ल	12	बुध	स्वाति	
05 जून	आषाढ	शुक्ल	15	शुक्र	अनुराधा	13:50तक
15 जून	आषाढ	कृष्ण	10	सोम	रेवती	16:31से
24 जून	आषाढ	शुक्ल	3	बुध	पुष्य	21:37से
02 जुलाई	आषाढ	शुक्ल	12	गुरु	अनुराधा	
06 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	1	सोम	उ.षा.	
08 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	3	बुध	धनिष्ठा	09:16 तक
13 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	8	सोम	रेवती	
17 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	12	शुक्र	रोहिणी	
23 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	3	गुरु	मघा	27:56से
27 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	7/8	सोम	चित्रा	07:09 से 18:03 तक
30 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	11	गुरु	अनुराधा	12:19 से 23:37 तक
03 अगस्त	श्रावण	शुक्ल	15	सोम	उ.षा.	09:18तक
05 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	2	बुध	धनिष्ठा	
14 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	10	शुक्र	मृगशिरा	14:12तक
17 अगस्त	भाद्रपद	कृष्ण	13	सोम	पुर्न.पुष्य	12:41 से 23: तक
21 अगस्त	भाद्रपद	शुक्ल	3	शुक्र	उ.फा.	
26 अगस्त	भाद्रपद	शुक्ल	8	बुध	अनुराधा	
04 सितम्बर	आश्विन	कृष्ण	2	शुक्र	उ.भा.	27:26 से
10 सितम्बर	आश्विन	कृष्ण	8	गुरु	रोहिणी	

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
14 सितम्बर	आश्विन	कृष्ण	12	सोम	पुष्य	
18 सितम्बर	आश्विन	शुक्ल	1	शुक्र	उ.फा./हस्त	
28 सितम्बर	आश्विन	शुक्ल	12	सोम	धनिष्ठा	
01 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	15	गुरु	उ.भा.	13:22तक
02 अक्टूबर	आश्विन	कृष्ण	1	शुक्र	रेवती	
07 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	5	बुध	रोहिणी	
19 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	3	सोम	अनुराधा	24:38से
23 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	7	शुक्र	उ.षा.	06:56से18:56 तक
29 अक्टूबर	आश्विन	शुक्ल	13	गुरु	उ.भा.	
11 नवम्बर	कार्तिक	कृष्ण	11	बुध	उ.फा.	
12 नवम्बर	कार्तिक	कृष्ण	12	गुरु	हस्त	
16 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	प्रति/2	सोम	अनुराधा	
25 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	11	बुध	उ.भा.	
26 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	12	गुरु	रेवती	
30 नवम्बर	कार्तिक	शुक्ल	15	सोम	रोहिणी	
02 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	2	बुध	मश्गशिरा	
07 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	7	सोम	मघा	07:35तक
10 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	10	गुरु	हस्त	12:57तक
11 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	11	शुक्र	चित्रा/स्वाति	
17 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	शुक्ल	3	गुरु	उ.षा.	26:42 से
24 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	शुक्ल	10	गुरु	अश्विनि	
01 जनवरी	पौष	कृष्ण	2	शुक्र	पुष्य	21:27 से

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
06 जनवरी	पौष	कृष्ण	8	बुध	हस्त	
08 जनवरी	पौष	कृष्ण	10	शुक्र	स्वाती	10:56से21:45 तक
15 जनवरी	पौष	शुक्ल	2	शुक्र	धनिष्ठा	
20 जनवरी	पौष	शुक्ल	7	बुध	रेवती	13:11से 26:30तक
21 जनवरी	पौष	शुक्ल	8	गुरु	अश्वनी	
25 जनवरी	पौष	शुक्ल	12	सोम	मृगशिरा	
28 जनवरी	पौष	शुक्ल	15	गुरु	पुष्य	
04 फरवरी	माघ	कृष्ण	7	गुरु	स्वाति	
12 फरवरी	माघ	शुक्ल	1	शुक्र	धनिष्ठा	
22 फरवरी	माघ	शुक्ल	10	सोम	मृगशिरा	29:54से
25 फरवरी	माघ	शुक्ल	13	गुरु	पुष्य	
01 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	2/3	सोम	उ.फा./हस्त	19:12से29:48तक
03 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	5	बुध	स्वाती	
05 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	7	शुक्र	अनुराधा	08:47 तक
10 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	12	बुध	श्रवण	
11 मार्च	फाल्गुन	कृष्ण	13	गुरु	धनिष्ठा	14:36से26:47तक
15 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	2	सोम	रेवती	
24 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	10	बुध	पुष्य	22:10स
26 मार्च	फाल्गुन	शुक्ल	12/13	शुक्र	मघा	
29 मार्च	चैत्र	कृष्ण	1	सोम	हस्त	
31 मार्च	चैत्र	कृष्ण	3	बुध	स्वाति	14:02तक
07 अप्रैल	चैत्र	कृष्ण	11	बुध	धनिष्ठा	

त्याज्य- भद्रा, अशुभयोग, चक्र अशुद्धि (राहुचक्र से)राहुचक्रशुद्धि विचार - राहु जिस नक्षत्र में है, उस नक्षत्र से बीज वपन दिन के नक्षत्र तक 27 नक्षत्रों को गिनने पर यदि 1-8 नक्षत्र हों तो अशुभ, उससे आगे के 9-11 नक्षत्र शुभ, अग्रिम 12वां नक्षत्र अशुभ, पुनः आगे के 13-15 नक्षत्र शुभ, अग्रिम 16वां नक्षत्र अशुभ, फिर आगे के 17-19 नक्षत्र शुभ, अग्रिम 20वां नक्षत्र अशुभ, पुनः आगे के 21-23 नक्षत्र शुभ तथा अन्तिम 24-27 नक्षत्र अशुभ होते हैं।जैसे - राहुनक्षत्र पुनर्वसु है, तथा बीजवपन के दिन का नक्षत्र अनुराधा है। पुनर्वसु से अनुराधा गिनने पर 11 संख्या प्राप्त हुई। तो शुभ है। अतः इस दिन चक्रशुद्धि जाननी चाहिए।

गृहारम्भ मुहूर्त

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
09 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	2	गुरु	स्वाति	
15 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	8	बुध	उ.षा.	
17 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	10	शुक्र	धनिष्ठा	06:56से 19:53तक
18 अप्रैल	वैशाख	कृष्ण	11	शनि	शतभिषा	
29 अप्रैल	वैशाख	शुक्ल	6	बुध	पुनर्वसु	
30 अप्रैल	वैशाख	शुक्ल	7	गुरु	पुष्य	14:52से26:15तक
04 मई	वैशाख	शुक्ल	12	सोम	उ.फा.	06:15तक
07 मई	वैशाख	शुक्ल	15	गुरु	स्वाति	05:59तक
17 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	12	शुक्र	रोहिणी	
18 जुलाई	श्रावण	कृष्ण	13	शनि	मृगशिरा	25:06से
25 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	5	शनि	उ.फा.	
27 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	7/8	सोम	चित्रा	07:09से18:03तक
30 जुलाई	श्रावण	शुक्ल	11	गुरु	अनुराधा	12:09से23:37तक
01 अगस्त	श्रावण	शुक्ल	13	शनि	मूल	
03 अगस्त	श्रावण	शुक्ल	15	सोम	उ.षा.	09:18तक
02 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	2	बुध	मश्गशिरा	
05 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	5	शनि	पुष्य	
10 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	10	गुरु	हस्त	12:57तक
11 दिसम्बर	मार्गशीर्ष	कृष्ण	11	शुक्र	चित्रा/स्वाति	

लग्नशुद्धि - 2, 3, 5, 6, 8, 9, 11, 12 राशि के लग्नों में, केन्द्र (1, 4, 7, 10), त्रिकोण (5, 9) में शुभग्रह, 3, 6, 11 में पाप ग्रह, 8, 12 शुद्ध (ग्रहरहित) शुभ है।

नूतन गृहप्रवेश हेतु प्रशस्त मुहूर्त

15 अप्रैल 2020	वैशाख	कृष्ण	8	बुध	उ.षा.	
04 मई	वैशाख	शुक्ल	11/12	सोम	उ.फा.	06:15 तक
18 मई	ज्येष्ठ	कृष्ण	11	सोम	उ.भा.	
23 मई	ज्येष्ठ	शुक्ल	1	शनि	रोहिणी	

लग्नशुद्धि - 2, 3, 5, 6, 8, 9, 11, 12 लग्नों में, केन्द्र (1, 4, 7, 10), त्रिकोण (5, 9) में शुभग्रह, 3, 6, 11 में पाप ग्रह, 8, 12 स्थान शुद्ध (ग्रहरहित) शुभ है।

पुरातन/जीर्ण गृहप्रवेश मुहूर्त

(नोट- नूतनगृहप्रवेश हेतु कहे गये मुहूर्तों में भी जीर्णगृहप्रवेश होता है। इनके अतिरिक्त निम्नलिखित मुहूर्तों में भी जीर्णगृहप्रवेश प्रशस्त होता है।)

15/04/2020	वैशाख	कृष्ण	8	बुध	उ.षा.	
17/04/2020	वैशाख	कृष्ण	10	शुक्र	धनिष्ठा	06:56से19:53तक
18/04/2020	वैशाख	कृष्ण	11	शनि	शतभिषा	
30/04/2020	वैशाख	शुक्ल	7	गुरु	पुष्य	14:52से26:15तक
04/05/2020	वैशाख	शुक्ल	12	सोम	उ.फा.	06:15तक
15/05/2020	ज्येष्ठ	कृष्ण	8	शुक्र	धनिष्ठा	
18/05/2020	ज्येष्ठ	कृष्ण	11	सोम	उ.भा.	

दिनांक	मास	पक्ष	तिथि	वार	नक्षत्र	भद्रादि विवरण
23/05/2020	ज्येष्ठ	शुक्ल	1	शनि	रोहिणी	
25/05/2020	ज्येष्ठ	शुक्ल	3	सोम	मश्गशिरा	
28/05/2020	ज्येष्ठ	शुक्ल	6	गुरु	पुष्य	
03/06/2020	ज्येष्ठ	शुक्ल	12	बुध	स्वाति	
17/07/2020	श्रावण	कृष्ण	12	शुक्र	रोहिणी	
18/07/2020	श्रावण	कृष्ण	13	शनि	मृगशिरा	
25/07/2020	श्रावण	शुक्ल	5	शनि	उ.फा.	
27/07/2020	श्रावण	शुक्ल	7/8	सोम	चित्रा	07:09से18:03तक
30/07/2020	श्रावण	शुक्ल	11	गुरु	अनुराधा	12:19से23:37तक
11/11/2020	कार्तिक	कृष्ण	11	बुध	उ.फा.	
13/11/2020	कार्तिक	कृष्ण	13	शुक्र	चित्रा	18:08से28:14तक
16/11/2020	कार्तिक	शुक्ल	1/2	सोम	अनुराधा	
20/11/2020	कार्तिक	शुक्ल	6	शुक्र	उ.षा.	
25/11/2020	कार्तिक	शुक्ल	11	बुध	उ.भा.	15:43से29:02तक
26/11/2020	कार्तिक	शुक्ल	12	गुरु	रेवती	
02/12/2020	मार्गशीर्ष	कृष्ण	2	बुध	मश्गशिरा	
05/12/2020	मार्गशीर्ष	कृष्ण	5	शनि	पुष्य	
11/12/2020	मार्गशीर्ष	कृष्ण	11	शुक्र	चित्रा/स्वाति	
03/02/2021	माघ	कृष्ण	6	बुध	चित्रा	14:14से25:11तक
04/02/2021	माघ	कृष्ण	7	गुरु	स्वाति	
06/02/2021	माघ	कृष्ण	10	शनि	अनु.	भद्रा18:25से28:36
12/02/2021	माघ	शुक्ल	1	शुक्र	धनिष्ठा	
13/02/2021	माघ	शुक्ल	2	शनि	शतभिषा	
20/02/2021	माघ	शुक्ल	8	शनि	रोहिणी	
22/02/2021	माघ	शुक्ल	10	सोम	मृग.	29:54से
25/02/2021	माघ	शुक्ल	13	गुरु	पुष्य	
03/03/2021	फाल्गुन	कृष्ण	5	बुध	स्वाति	
05/03/2021	फाल्गुन	कृष्ण	7	शुक्र	अनुराधा	08:47तक
11/03/2021	फाल्गुन	कृष्ण	13	गुरु	धनिष्ठा	14:26से26:47तक

यात्राविवाहोत्सवजातकादौ खेटैः स्फुटैरेव फलस्फुटत्वम्। अथ प्रोच्यते तेन नभश्चराणां स्फुटक्रिया दृग्गणितैक्यकृद्या।। आयुश्च वित्तञ्च तथा सुखञ्च धर्मार्थलाभो बहुपुत्रताञ्च। शत्रुक्षयं राज्यसु पूज्यताञ्च तुष्टाः ग्रहाः शान्तिकरा भवन्तु।।

ज्योतिषशास्त्रफलं पुराणगणकैरादेश इत्युच्यते नूनं लग्नबलाश्रितं पुनरयं तत्स्पष्टखेटाश्रयम्। ते गोलाश्रयिणोऽन्तरेण गणितं गोलोऽपि न ज्ञायते तस्माद्यो गणितं न वेत्ति स कथं गोलादिकं ज्ञास्यति।।

देवब्राह्मणवन्दनाद्गुरुवचः सम्पादनात्प्रत्यहं साधूनामभिभाषणाच्छ्रुतिरवश्रेयस्कथाकर्णनात्। होमादध्वरदर्शनाच्छुचिमनोभावाज्जपाद्दानतो नो कुर्वन्ति कदाचिदेव पुरुषस्यैवं ग्रहाः पीडनम्।।

नामराशेर्ग्रामस्य शुभाशुभत्वम् -

स्वनामराशितो ग्रामराशिर्द्व्यङ्केषुदिक्शिवैः।
सम्मितश्चेत्तदा तस्य तद्ग्रामे वास उत्तमः।।
रोगोऽष्टद्वादशे तुर्ये वैरमाद्ये च सप्तमे।
हानिः षष्ठे तृतीये च ग्रामराशौ स्वनामभात्।।

व्यावहारिक नाम से 2, 5, 9, 10, 11 वीं ग्राम की राशि हो तो उस ग्राम में वास करना उत्तम होता है। 4, 8, 12 वीं राशि ग्राम की हो तो रोग, 1, 7 वीं राशि ग्राम की हो तो वैरित्व एवं 3, 6 वीं राशि ग्राम की हो तो हानि होती है।

यद्ग्रामभं द्व्यङ्कसुतेशकाष्ठामितं भवेल्लाभमतः शुभः सः।
यद्भं शशाङ्काग्निः न गाब्धितुल्यं मध्योष्टषट्कार्कमितं निषिद्धः।।

निवासकर्ता की नामराशि से 2, 5, 9, 10, 11 वीं ग्रामकी राशि हो तो उत्तम, 1, 3, 4, 7 वीं राशि हो तो सम, एवं 6, 8, 12 वीं राशि हो तो निषिद्ध होती है।

मुहूर्त्तचिन्तामणौ शुभाशुभविचारः-

यद्भं द्व्यङ्कसुतेशदिङ्मितमसौ ग्रामः शुभो नामभात्
स्वं वर्गं द्विगुणं विधाय परवर्गाढ्यं गजैः शेषितम्।
काकिण्यस्त्वनयोश्च तद्विवरतो यस्याधिकाः सोऽर्थ।।

अपनी नामराशि से अभीष्ट स्थान की नाम राशि यदि 2, 9, 5, 11, 10 संख्यक हो तो यह स्थान निवास हेतु शुभ होता है। 'अ, क, च, ट, त, प, य, श' इन वर्गों में से जो अपने नाम का वर्ग हो उस वर्ग की संख्या को द्विगुणित कर इसमें स्थान की वर्ग संख्या जोड़कर द्विगुणित कर पुरुष की वर्ग संख्या को जोड़कर आठ का भाग देने से शेष स्थान की काकिणी होती है। पुरुष की काकिणी से स्थान की काकिणी अधिक हो तो शुभ होता है।

विविध मुहूर्तों का विचार

गर्भाधान मुहूर्त

यह षोडश संस्कारों में प्रथम संस्कार हैं, क्योंकि जीवन का प्रारम्भ इसी से होता है।

निषिक्तो यत्प्रयोगेण गर्भ संधार्यते स्त्रिया।

तद्गर्भालम्भनं नामकर्म प्रोक्तं मनीषिभिः॥

रजोदर्शन प्रारम्भ से 4 रात्रि उपरान्त सम रात्रियों में रोहिणी, हस्त, मृगशिरा, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा तीनों उत्तरा इन नक्षत्रों में मेष, कर्क, सिंह, धनु, मकर इन लग्नों में तथा लग्न से 3-6-11वें स्थान पर पाप ग्रह हो रवि, मंगल, और गुरु की लग्न पर दृष्टि, नवांश विषम राशि का हो (स्त्री का विशेष रूप से चन्द्र श्रेष्ठ हो) ऐसे समय का विचार कर गर्भाधान संस्कार करें। पुनर्वसु, अश्विनी, पुष्य, चित्रा नक्षत्रों में गर्भाधान मध्यम है।

श्रेष्ठ नक्षत्र - रोहणी, हस्त, मृगशिरा, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा तीनों उत्तरा

मध्यम नक्षत्र - पुनर्वसु, अश्विनी, पुष्य, चित्रा

लग्न - मेष, कर्क, सिंह, धनु, मकर व लग्न से 3,6,11 वें पापग्रह

नवांश - 1, 3, 5, 7, 9, 11

रात्रियां रजोदर्शन से - 6, 8, 10, 12, 14, 16 वीं

पुंसवन तथा सीमन्तोन्नयन मुहूर्त

गर्भधारण का निश्चय हो जाने के पश्चात् शिशु को पुंसवन नामक संस्कार के द्वारा अभिषिक्त किया जाता है। इसका अभिप्राय पुमान् (पुरुष) का सवन (जन्म) हो।

पुमान् प्रसूयते येन कर्मणा तत् पुंसवनमीरितम्।

गर्भ के तृतीय मास में रवि, मंगल, गुरुवार को दम्पति के श्रेष्ठ चन्द्र मे, तारा शुद्धि मे रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, पुनर्वसु, हस्त, मूल. श्रवण, 3 उत्तरा नक्षत्रों में जन्म नक्षत्र को त्याग कर, शुक्लपक्ष की 1, 2, 3, 4, 5, 7, 10, 11, 13 तथा कृष्ण पक्ष में दशमी पर्यन्त तिथियों में दिन के पूर्व भाग में पुरुष संज्ञक नवांश लग्न में होने पर तथा लग्न से 1, 4, 5, 7, 9, 10 स्थानों पर शुभ ग्रह तथा 3, 6, 11 वें स्थानों पर पापग्रहों की स्थिति में एवं चन्द्र की 1,6,8,12वें स्थिति न होने पर पुंसवन व सीमन्त संस्कार शुभ हैं इस संस्कार में गुरु शुक्रास्त अविचारणीय है। गर्भ से 6, 8 मासों मे मासाधिपति बली होने पर शुभ हैं।

मास - गर्भ से 6, 8 मासों मे मासाधिपति बली होने पर शुभ है।

तिथि - शुक्लपक्ष की 1,2,3,4,5,7,10,11,13 तथा कृष्ण पक्ष में दशमी पर्यन्त

नक्षत्र - रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य, पुनर्वसु, हस्त, मूल. श्रवण, 3 उत्तरा नक्षत्रों में जन्म नक्षत्र को त्याग कर

लग्न - 1,3,5,7,11

वार - रवि, मंगल, बुध, गुरु, मतान्तर से सोम, बुध, शुक्र

स्तनपान मुहूर्त

जन्म से पांचवें दिन अथवा भद्रा, व्यतिपात, 4,9,14 तिथि को छोड़कर शुभ तिथि को सोम, बुध, गुरु, शुक्र वारों में पुनर्वसु. पुष्य, मृगशिरा, मघा, श्रवण, रेवती नक्षत्रों में बालक को प्रथम बार स्तनपान कराना शुभ हैं।

तिथि - 2,3,5,8,10,11,13,15

वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र

नक्षत्र - पुनर्वसु, पुष्य, मृगशिरा, मघा, श्रवण, रेवती

त्याज्य - भद्रा, व्यतिपात, वैधृति 4, 9, 14 तिथि

जलपूजन मुहूर्त

जन्म के अनन्तर प्रथम मास की समाप्ति पर बुध, गुरु, चन्द्र, वारों में 4,9,14,30 तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में मृगशिरा, पुनर्वसु. पुष्य, हस्त, अनुराधा मूल, श्रवण नक्षत्रों में प्रसूता स्त्री द्वारा जलपूजन करना (कुंआ-पूजना) श्रेष्ठ है।

चैत्र, पौष, अधिमास, गुरु-शुक्रास्त का विचार एक मास के बाद ही करें।

तिथि - 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,13,15

वार - बुध-गुरु-चन्द्र

नक्षत्र - मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा मूल, श्रवण, धनिष्ठा

त्याज्य - प्रथममासोपरान्त चैत्र, पौष, अधिमास, गुरु-शुक्रास्त, रिक्ता व अमावस्या तिथि

जातकर्म और नामकरण संस्कार मुहूर्त

जीवन में व्यवहार का सम्पूर्ण आधार नाम पर ही निर्भर होता है।

नामाखिलस्य जगतः व्यवहारहेतुः शुभावहं कर्मसु भाग्यहेतुः।
नाम्नैव कीर्तिं लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म।।

जातकर्म अर्थात् शिशु के जन्म होने के बाद का कार्य नाल छेदन से पूर्व करना उचित है। नामकरण सूतक निवृत्ति के उपरान्त ब्राह्मण 11वें दिन, क्षत्रिय 13वें दिन, शूद्र 21वें दिन, कुल की परम्परा के अनुसार करें। दस दिन से पूर्व कदापि शुद्धि के अभाव के करण नामकरण संस्कार न करें। सूतक समाप्ति पर 11वें या 12वें दिन नामकरण संस्कार विना विचारें कर लें। 12 दिन के बाद भद्रा, व्यतिपात, वैधृति, संक्रान्ति रहित दिनों में रिक्ता 1,2,3,5,6,7,10,11,12,13 इन

तिथियों में शुभवार, अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, तीनों उत्तरा, अभिजित, स्वाति, मूल श्रवणा, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती नक्षत्रों में लग्न नवांश के बल का विचार कर नामकरण करें।

तिथि - 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,13

वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र

नक्षत्र - अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, तीनों उत्तरा, अभिजित, स्वाति, मूल श्रवणा, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती

त्याज्य - जन्म से 10 दिन, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति, संक्रान्ति रहित दिन

निष्क्रमण मुहूर्त

बालक को प्रथम बार घर से बाहर निकलनें को ही निष्क्रमण कहते हैं। जन्म से बारहवें दिन बिना मुहूर्त विचार के बालक का निष्क्रमण कर, सूर्य नक्षत्र का पूजन कर सूर्य नक्षत्र व देवताओं का दर्शन करावें। यदि बारहवें दिन यह न हो पाये तब 3 मास में मंगल शनि वर्जित वारों व रिक्ता, विष्टि, अमावस्या आदि अशुभ योग से भिन्न शुभ दिन में, अश्विनी, रोहिणी, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, स्वाति, मूल श्रवण, धनिष्ठा नक्षत्रों में प्रथम निष्क्रमण शुभ है।

तिथि - शुक्ल पक्ष में 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,13,15

वार - सोम-बुध-गुरु-शुक्र

नक्षत्र - अश्विनी, रोहिणी, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, स्वाति, मूल श्रवण, धनिष्ठा

त्याज्य - मंगल शनि वर्जित वारों व रिक्ता तिथि, अमावस्या., विष्टि, अशुभ योग

भूमि पर प्रथमोपवेशन मुहूर्त्त

जन्म से पञ्चम मास में रिक्ता, अमावस्या रहित तिथि, शुभवार, अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुष्य हस्त अनुराधा ज्येष्ठा अभिजित तीनों उत्तरा नक्षत्रों में स्थिर लग्न का विचार कर बालक की कमर में काला सूत्र बांधकर पृथ्वी और वराह का पूजन कर ''पृथ्वी'' पर बैठावें। इस समय बालक के सामने विविध वस्तुएं रखें आजीविका की जिस वस्तु को वह उठावे उसी से आजीविका समझनी चाहिये।

तिथि - पंचम मास में 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,13,15

वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र

नक्षत्र - अश्विनी. रोहिणी., मृगशिरा. पुष्य, हस्त, अनुराधा. ज्येष्ठा, तीनों उत्तरा

लग्न - 2, 5, 8, 11

अन्नप्राशन मुहूर्त

बालक के नामकरण, निष्क्रमण, भूमि उपवेशन के बाद 6,8,10,12वें मास में पुत्र को और 5,7,9 वें मास में कन्या को अन्नप्राशन करावें।

विशेष-उक्त मासों में भद्रा व्यतिपात दोष रहित 1,3,5,7,10,13,15 तिथियों में शुभवार अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति. अनुराध ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, तीनों उत्तरा, रेवती नक्षत्रों में 1,3,4,5,7,9 स्थानों मे शुभ ग्रह हो जन्म लग्न या जन्मराशि से अष्टम लग्न या नवांश तथा 12,1,8 लग्न को त्यागकर पाप-शुद्ध दशम भाव इन सभी बातों का ध्यान कर अन्नप्राशन कराना श्रेष्ठ है।

मास - 6,8,10,12वें मास में पुत्र 5,7,9 वें मास में कन्या

तिथि - 1,3,5,7,10,13,15

वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र

नक्षत्र - अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा तीनों उत्तरा, रेवती

लग्न - 1,3,4,5,6,7,9,10,11

त्याज्य - जन्म लग्न या जन्मराशि से अष्टम लग्न या नवांश तथा 12,1,8 लग्न, पाप-शुद्ध दशम भाव

कर्णवेध मुहूर्त

कर्ण वेध के महत्व के सन्दर्भ मे सुश्रुत ने कहा है कि कर्णवेध करने से आन्त्रवृद्धि, अण्डकोष वृद्धि आदि का निरोध होता है।

शंङ्खोपरि च कर्णान्ते त्यक्त्वा यत्नेन सेवनीयम्।

व्यत्यासाद्वा शिरां विध्येद् अन्त्रवृद्धि निवृत्तये।।

समवर्ष, चैत्र, पौष, जन्ममास, देवशयन, जन्म नक्षत्र व तिथि, क्षयतिथि व रिक्ता को छोड़कर जन्म से 12वें या 16वें दिन अथवा 6, 7, 8वें मास में या विषम वर्षो में शुभवार, अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती नक्षत्रों में लग्न से अष्टम शुद्ध समय में वृष, तुला, धनु, मीन लग्न में तथा गुरु की लग्न में स्थिति होने पर कर्ण-वेध श्रेष्ठ होता है।

वर्षादि - विषम वर्ष, 6,7,8 वें मास, जन्म से 12वें या 16वें दिन

तिथि - 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,13,15

वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र

नक्षत्र - अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती

लग्न - 2,7,9,12

त्याज्य - समवर्ष, चैत्र, पौष, जन्ममास, देवशयन, जन्म नक्षत्र व जन्म तिथि, क्षयतिथि व रिक्ता।

चूडाकर्म (मुण्डन) मुहूर्त्त

अपने कुल की परम्परा के अनुसार इष्टदेव या तीर्थ स्थान पर मुण्डन संस्कार और कर्ण वेध किया जा सकता है। यह चौलकर्म विषमवर्ष या उत्तरायण में 2,3,5,10,11,13 तिथियों, शुभवारों में अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, ज्येष्ठा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती, नक्षत्रों मे करना श्रेष्ठ है। अष्टम भाव शुद्ध होना चाहिये। ज्येष्ठ, चैत्र मास मे न करें। बालक की माता को पांच मास की गर्भ स्थिति होने पर 5 वर्ष से न्यून अवस्था के शिशु का मुण्डन न करें।

सूनोर्मातरि गर्भिण्यां चूडाकर्म न कारयेत्।

पञ्चाब्दात्प्रागथेर्ध्वं तु गर्भिण्यामपि कारयेत्।।

वर्षादि - विषमवर्ष या उत्तरायण

तिथि - 2,3,5,7,10,11,13

वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र

नक्षत्र - अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाति, ज्येष्ठा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती।

त्याज्य - लग्न से अष्टम ग्रह, ज्येष्ठ, चैत्र मास, समवर्ष, दक्षिणायन।

कन्या के नाक बिंधवाने का मुहूर्त्त

शुक्लपक्ष की रिक्ता व अमावस्या रहित तिथि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र अशुभ योग रहित प्रथम प्रहर, अश्वि. मृग. पुन. पुष्य, हस्त, चि., अनु., श्रव, ध नि, रेव, तीनों उत्तरा, स्वाती, शत, इन नक्षत्रों में कन्या की नाक बींधना शुभ है।

पक्ष - शुक्लपक्ष

तिथि - 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,13,15

वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र

प्रहर - प्रथम

नक्षत्र - अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, चित्रा, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती, तीनों उत्तरा, स्वाती, शतभिषा

अक्षरारम्भ मुहूर्त

बालक को विद्यारम्भ से पूर्व अक्षरारम्भ का विचार होता है। सूर्य उत्तरायण हो जन्म से 5,7 वें वर्ष में 2, 3, 5, 6, 10, 11, 12 तिथि, शुभवार, अश्विनी, आर्द्रा, पुनवर्सु, पुष्य, हस्त, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, रेवती इन नक्षत्रों में, चर लग्नों को छोड़कर, अन्य लग्नों में गणेश, विष्णु, सरस्वती, लक्ष्मी, तथा अपने देवताओं का पूजन कर अक्षरारम्भ करें।

अयन - उत्तरायण

वर्ष - 5, 7

वार - सोम, बुध, गुरु, शुक्र

तिथि - 2, 3, 5, 6, 10, 11, 12

लग्न - 1,3,5,6,8,9,11,12

नक्षत्र - अश्विनी, आर्द्रा, पुनवर्सु, पुष्य, हस्त, स्वाति, अनुराधा, श्रवण, रेवती

विद्यारम्भ मुहूर्त

अक्षरारम्भ के उपरान्त विशेष ज्ञान को बढाने वाली किसी भी भाषास्थ विद्या(विशेषतः संस्कृत भाषस्थ विद्या) का प्रारम्भ फाल्गुन मास छोड़कर उत्तरायण 2,3,5,6,10,11,12 तिथियों में, रवि, बुध,गुरु शुक्र वारों में और अश्विनी, आश्लेषा, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, तीनों पूर्वा, रेवती इन नक्षत्रों में श्रेष्ठ हैं। अंग्रेजी, फारसी, उर्दू के विद्यारम्भ के लिये रवि, मंगल, शनिवार, रिक्ता तिथि, ज्येष्ठा, आश्लेषा, मघा, 3पूर्वा, भरणी, कृतिका., विशाखा, आर्द्रा, उत्तराषाढ़ा, शतभिषा, इन नक्षत्रों में शुभ है।

अयन - उत्तरायण

तिथि - 2,3,5,6,10,11,12 तिथियों में

विद्यारम्भ त्याज्य - फाल्गुन मास रिक्ता, अमावस्या तिथियां

वार - रवि, बुध, गुरु, शुक्र

नक्षत्र - अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, आश्लेषा, आर्द्रा, पुनर्वसु, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, तीनों पूर्वा, रेवती

उपनयन मुहूर्त

उपनयन संस्कार बालक के जन्म से या गर्भ से ब्राह्मण का 8 वें, क्षत्रिय का 11 वें, वैश्य का 12 वें वर्ष में करना श्रेयस्कर है। इस काल के व्यतीत हो जाने पर ब्राह्मण 16 वें वर्ष, क्षत्रिय 22 वें वर्ष वैश्य 24 वें वर्ष तक उपनयन संस्कार करा सकते हैं।

विप्राणां व्रतबन्धनं निगदितं गर्भाज्जनेर्वाष्टमे।

वर्षे वाप्यथ पञ्चमे क्षितिभुजां षष्ठे तथैकादशे।

वैश्यानां पुनरष्टमेऽप्यथ पुनः स्याद् द्वादशे वत्सरे।

कालेऽथ द्विगुणे गते निगदिते गौणं तदाहुर्बुधाः॥

बालक(बटुक) का गुरुबल तथा चन्द्रबल विचार करें। देवशयन से पूर्व तक उत्तरायण सूर्य में, रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवारों में शुक्लपक्ष की 2,3,5,10,11,12 तथा कृष्णपक्ष की 2,3,5 तिथियों में, अश्विनी, राहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, रेवती इन नक्षत्रों के क्रूर तथा वेधरहित होने पर, पूर्वाह्न में, अभिजित मुहूर्त में, यज्ञोपवीत संस्कार करावें।

चैत्र व मीन के सूर्य में, वृष या कर्क के पूर्ण चन्द्रमा के लग्न में रहने पर विशेष श्रेष्ठतम होता है। सामवेदियों को मंगलवार भी श्रेष्ठ होता है। तथा भौम

बल विचार भी आवश्यक होता है। उपनयन संस्कार में दक्षिणायन सूर्य, ज्ये. शुक्ल 2, तथा आषाढ़ शुक्ल 10, पौष शुक्ल 11, माघ शुक्ल 12, संक्रांति दिन, रोगबाण, रवि के 8, 12, 26 गतांश, लग्नेश और चन्द्र, शुक्र, गुरु की 6, 8,12 में स्थिति, 1,5,8 वें भावों में पापग्रह अशुभ हैं। अतः इन सब का परित्याग कर उपनयन संस्कार करें।

वर्ष - ब्राह्मण-(8या16), क्षत्रिय-(11या 22), वैश्य-(12या 24)

अयन - देवशयन से पूर्व तक उत्तरायण में।

वार - रवि, चन्द्र, बुध, गुरु एवं शुक्र

तिथि - शुक्लपक्ष की 2,3,5,10,11,12 तथा कृष्णपक्ष की 2,3,5

नक्षत्र - अश्विनी, राहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा

गुरु - 5,11,9,2,7 श्रेष्ठ, 10,6,3,1 पूज्य, 4,8,12 निन्दित

अन्य ग्राह्य पूर्वाह्न, अभिजित मुहूर्त(सामवेदियों का भौमबल व मंगलवार भी)

त्याज्य - गुरु शुक्र का बाल वृद्धास्त, दक्षिणायन, संक्रान्ति दिवस रोगबाण तथा लग्नेश ,चन्द्र, शुक्र, गुरु की 6, 8,12 में स्थिति, 1,5,8 वें भावों में पापग्रह अशुभ

विवाह संस्कार मुहूर्त्त

भारतीय मनीषियों नें मानव जीवन को चार आश्रमों में विभाजित किया है- ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास इन चारों आश्रमों में गृहस्थाश्रम की मुख्याधारा विवाह है। यह संस्कार ही वस्तुतः धर्मार्थकाममोक्षस्वरूपी चतुर्वर्ग फलप्राप्ति का आधार है। इस संस्कार के उपरान्त ही मनुष्य सन्तानोत्पत्ति के साथ देव-ऋषि एवं पितृ ऋणों से मुक्ति प्राप्त करता है। अतः विवाह संस्कार के समय का निर्णय हमारे ऋषिमुनियों ने बड़ी सूक्ष्मता से किया है। धर्मशास्त्रों में अष्टविध विवाह में विशेषरूप से आज कल गन्धर्व विवाह पद्धति (जिसको प्रेम विवाह कहा जाता है) को अपनाया जा रहा है। ''ब्राह्म विवाह'' विधि में मुख्य रूप से वर कन्या की गोत्रादि भिन्नता, मेलापक (नक्षत्र व मंगली आदि का मिलान), जाति का विचार किया जाता है।

स्त्री को मुख्य रूप से धर्म-अर्थ-काम की प्रदात्री मानकर तथा सन्तान सिद्धि का मुख्य साधन समझ कर विवाह के समय का विशेष विचार किया जाता है।

भार्या त्रिवर्गकरणं शुभशील युक्ता।

शीलं शुभं भवति लग्नवशेन तस्याः।

तस्माद्विवाहसमयः परिचिन्त्यते हि।

तन्निघ्नतामुपगताः सुतशीलधर्माः।।

इस विवाह संस्कार को ब्रह्मचर्य के पश्चात् पुरुष 25 वर्षोपरान्त विषम वर्षों में कन्या 16 वर्षों के अनन्तर समवर्षों में शुभ समय का विचार कर करें। विवाह से पूर्व उसके अंगभूत वरवरण व कन्यावरण का भी विचार कर लें। इन सब में नामराशि तथा जन्मराशि में से जन्मराशि का ही ग्रहण करें, क्योंकि-

विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रायां ग्रहगोचरे ।

जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत्।।1।।

कुर्यात् षोडशकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते।

सर्वाण्यन्यपि कर्माणि नामराशौ बलान्विते।।2।।

यदि जन्म की राशि अज्ञात हो तो नाम की राशि से मेलापकादि कार्य किये जा सकते है। परन्तु महत्व जन्मराशि का ही है।

जन्मलग्नमिदमङ्गमङ्गिनां मेनिरे मन इतीन्दुमन्दिरम्।

सौहृदं हि मनसोर्न देहयोः मेलकस्तदयमिन्दुगेहयोः।

विवाह वृन्दावनम्

किसी का मत है कि यदि प्रसिद्ध नामराशि से ही मेलापक करना हो तो एक बात का विशेष ध्यान रहे कि वर का प्रसिद्ध नाम, कन्या का जन्म नाम व कन्या का प्रसिद्ध नाम वर का जन्मनाम ऐसा विपरीत ग्रहण न करें। दोनों का जन्म नाम ही लें अथवा दोनों का प्रसिद्ध नाम ही लें। क्योंकि-

जन्मभं जन्मधिष्ण्येन नामधिष्ण्येन नामभम्।

व्यत्ययेन यदा योज्यं दम्पत्योर्निधनप्रदम्॥

वर-कन्या की जन्मपत्रिका में मेलापक विचार - वर-कन्या की कुन्डली में वर्ण, वश्य, तारा, योनि, ग्रहमैत्री, गणमैत्री, भकूट, तथा नाड़ी इन आठ बातों का विशेष रूप से विचार किया जाता है। वर्ण का 1, वश्य के 2, तारा के 3, योनि के 4, ग्रहमैत्री के 5, गणमैत्री के 6, भकूट के 7, तथा नाड़ी के 8 गुण उत्तरोत्तर ग्रहण किये जाते हैं। इस प्रकार इन सभी गुणों का योग 36 होता है। यथा-

वर्णो वश्यं तथा तारा योनिश्च ग्रह मैत्रकम्।

गणमैत्रं भकूटञ्च नाड़ी चेते गुणाधिका:॥

गुण संख्या ग्रहण करने का विचार - वर कन्या की कुण्डली का विचार करने पर 16 गुणों से कम गुण मिलने पर निन्द्य, 20 से कम मिलने पर मध्यम तथा 20 गुण से अधिक मिलने पर उत्तम कहा गया है।

गुणा: षोडशभि: न्यूना निन्द्या मध्यस्तु विंशति:।

श्रेष्ठास्त्रिंशद् गुणा: प्रोक्ता: परतस्तूत्तमोत्तमा:॥

दुष्ट भकूट, गणकूट का परिहार - यदि मिलान करने पर दुष्ट भकूट प्राप्त हो और वर कन्या के राशि के स्वामी एक हो अथवा राशि के स्वामियों में परस्पर मित्रता हो तथा नाड़ी नक्षत्र शुद्ध हों तो दुष्टभकूट का दोष नहीं होता तथा षडाष्टक से भिन्न राशियों में परस्पर राशियों के स्वामियों की शत्रुता में भी यदि राशि के नवांश के स्वामी बली और आपस मे मित्र हों और नाड़ी नक्षत्र शुद्ध हों तो दुष्टभकूट के दोषों का नाश करता है। तथा कन्या की तारा व नाड़ी नक्षत्र की परस्पर शुद्धि होने पर पुरुष राशि से स्त्री की राशि वश्य न होने पर भी दुष्ट-भकूट का परिहार हो जाता है।

प्रोक्ते दुष्टभकूटके परिणयस्त्वेकाधिपत्ये शुभो-

ऽथोराशीश्वरसौहृदेऽपि गदितो नाड्र्क्षशुद्धिर्यदि।

अन्यर्क्षेऽशपयोर्बलित्वसखिते नाड्र्क्षशुद्धौ तथा-

ताराशुद्धिवशेन राशिवशताभावे निरुक्तो बुधै:॥

इसी प्रकार वर-कन्या के राशि के स्वामियों तथा नवांश के स्वामियों की परस्पर मित्रता होने पर गणदोष का नाश करती है, तथा शुभ भकूट ग्रह शत्रुता के दोष को नष्ट कर देता है।

मैत्र्यां राशिस्वामिनोरंशनाथ-द्वन्द्वस्याऽपि स्याद् गणानां न दोष:।

खेटारित्वं नाशयेत् सद् भकूटं खेटप्रीतिश्चाऽपिदुष्टं भकूटम्।

नाड़ी दोष तथा गणदोष का परिहार - वर-कन्या की राशि एक हो तथा नक्षत्र भिन्न हो अथवा नक्षत्र एक हो और राशि भिन्न हो तो नाड़ी दोष तथा गण दोष का नाश होता है। एक नक्षत्र होने पर भी चरण के भेद से उक्त दोष नहीं होता।

राश्यैक्ये चेद् भिन्नमृक्षं द्वयो: स्यान् नक्षत्रैक्येराशियुग्मं तथैव।

नाड़ीदोषो नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभं स्यात्॥

एकराशौ पृथग् धिष्ण्ये पुंतारा प्रथमा भवेत्।

अतीवशोभना प्रोक्ता स्त्रीतारा चेत्वशोभना॥

वर-वरण मुहूर्त

विवाह संस्कार से पूर्व शुभलग्न, शुभवार, शुभतिथि, शुभ नवांश में कुयोग रहित दिन में कृ, रो, 3 पूर्वा, 3 उत्तरा इन नक्षत्रों में चन्द्र बल देखकर ब्राह्मण वा कन्या का सहोदर (भाई) वस्त्र, यज्ञोपवीत, द्रव्य, मिष्ठान्न, श्रीफल, ऋतुफल आदि सहित वर के गृह पर आकर वर को वरण करे अर्थात् तिलक लगावें।

कन्या-वरण मुहूर्त

वर की माता या स्वयं वर अथवा वर के कुलाचार के अनुसार अन्य कोई-अशुभ योग रहित शुभ दिन में कृत्तिका, 3पूर्वा, स्वाती, अनु., उ.षा., श्र, धनिष्ठा तथा विवाहोक्त नक्षत्रों, (रोहिणी, तीनों उत्तरा, रेवती, मूल, मृगशिरा, मघा, हस्त) में शुभ समय (लग्न) में वस्त्रभूषणादि सहित फलपुष्पादि से कन्या को वरण करें।

त्रिबल शुद्धि विचार

सूर्य, गुरु एवं चन्द्र शोधन का विचार त्रिबल शुद्धि कहलाता है। त्रिबल शुद्धि के अन्तर्गत वर की राशि से सूर्य व चन्द्र का विचार तथा कन्या की राशि से गुरु व चन्द्र का विचार करना चाहिये। मुहूर्तचिन्तामणि के अनुसार कन्या के जन्म से 6 वर्ष की आयु के बाद रजोदर्शन से पूर्व गुरु की शुद्धि तथा वर की राशि से सूर्य की शुद्धि से विषम वर्षों में एवं दोनों की राशि से चन्द्र शुद्धि अनिवार्य है।

स्त्रीणां गुरुबलं श्रेष्ठं पुरुषाणां रवेर्बलम्।

तयोश्चन्द्रबलं श्रेष्ठमिति गर्गेण निश्चितम्॥

फल	सूर्य (वर)	गुरु (कन्या)	चन्द्र (वर-कन्या)
श्रेष्ठ	3, 6, 10, 11	2, 5, 7, 9, 11	1, 2, 3, 5, 6 7, 9 10, 11
पूज्य	1, 2, 5, 7, 9	1, 3, 6, 10	0
नेष्ट	4, 8, 12	4, 8, 12	4, 8, 12

गोचरे वा विलग्ने वा ये ग्रहारिष्टसूचकाः।

पूजयेत्तान प्रयत्नेन पूजिता स्युः शुभप्रदाः॥

ज्येष्ठ विचार

ज्येष्ठ विचार के अन्तर्गत त्रि ज्येष्ठ (ज्येष्ठ वर, ज्येष्ठ कन्या व ज्येष्ठ मास) नेष्ट और द्वि ज्येष्ठ (वर, कन्या व मास में से कोइ भी दो) मध्यम होता है। मुहूर्तचिन्तामणि के अनुसार-

ज्येष्ठद्वन्द्वं मध्यमं सम्प्रदिष्टं त्रिज्येष्ठं चेन्नैव युक्तं कदापि।

केचित्सूर्यं वह्निगं प्रोज्झ्य चाऽऽहुर्नैवान्योऽन्यं ज्येष्ठयोः स्याद्विवाहः॥

वर-कन्या तेलबान-दिन संख्या

जन्म राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
तैल संख्या	7	10	5	10	5	7	7	5	5	5	5	7

विवाह लग्न शोधन

व्यये शनिः खेऽवनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चन्द्रखला न शस्ताः।

लग्नेट् कविग्लौश्च रिपौ मृतौ ग्लौर्लग्नेट् शुभाराश्च मदे च सर्वे॥

विवाह लग्न से 12वें शनि, 10वें भौम, 3रे शुक्र, लग्न में चन्द्र व पापग्रह (सू. भौ. श. रा. के.) शुभ नहीं होते हैं। 6वें स्थान पर लग्नेश, शुक्र और चन्द्र, 8वें स्थान में चन्द्र, भौम, लग्नेश व सभी शुभग्रह तथा सातवें स्थान पर सभी ग्रह त्याज्य हैं।

गोधूलि विचार - गोधूलि समय में यदि 6वें, 8वें व लग्न में चन्द्र हो तो कन्या के लिये अशुभ कारक तथा लग्न, 7वें एवं 8वें भाव में भौम हो तो वर के लिये अनिष्ट कारक होगा। गोधूलि वेला में यदि चन्द्र 2रे, 3रे और 11वें भाव में हो तो उपरोक्त दोनों दोषों का शमन कर शुभफल प्रदान करता है।

अस्तं याते गुरुदिवसे सौरे सार्के लग्नान्मृत्यौ रिपुभवने लग्ने चेन्दौ।

कन्यानाशस्तनुमदमृत्युस्थे भौमे वोढुर्लाभे धनसहजे चन्द्रे सौख्यम्॥

भाव	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
त्याज्य	पाप चन्द्र	0	शु.	रा.	0	चं. शु. लग्नेश	सभी	चं.,भौ. शुभग्रह लग्नेश	0	भौ.	0	श.
गोधू. त्याज्य	भौम चन्द्र	-	-	-	-	चन्द्र	भौम	चन्द्र भौम	-	-	-	-

वधू-प्रवेश मुहूर्त

विवाह संस्कार हो जाने के बाद प्रथम बार वधू का पतिगृह में प्रवेश वधू-प्रवेश कहलाता है। विवाह से 16 दिन के अन्दर बिना तिथ्यादि का विचार किये भी स्थिर लग्न में वधू प्रवेश शुभ है। एक मास तक विषम दिनों में, एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरान्त स्थिर लग्न में तीसरे पाचवें वर्ष में भी शुभ हैं। इसके उपरान्त शुभ मुहूर्त (तिथ्यादि का) विचार कभी भी हो सकता है। वधू प्रवेश में रेवती, अश्विनी, राहिणी, मृगशिरा, श्रवण, धनिष्ठा, हस्त, चित्रा, स्वाति, भरणी, मघा, तीनों उत्तरा, पुष्य, अनुराधा इन नक्षत्रों में शुभ वारों में 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,13,15 तिथियों में स्थिर लग्नों में चतुर्थाष्टम भाव शुद्ध होने पर शुभ होता है। व्यतिपात, क्षयतिथि, ग्रहण, वैधृति, अमावस्या, संक्रान्ति, रिक्ता तिथियों में वधू प्रवेश वर्जित है।

दिन - विवाह से 16 दिन के अन्दर अथवा 7,5,9 वें दिनों में।

मास एवं वर्ष - विषम मास, विषम वर्ष।

तिथि - 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,13,15

नक्षत्र - रेवती, अश्विनी, रोहिणी, मृगशिरा, श्रवण, धनिष्ठा, हस्त, चित्रा, स्वाति, भरणी, मघा, तीनों उत्तरा, पुष्य, अनुराधा।

वार - चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र।

लग्न - स्थिर लग्नों में चतुर्थ एवं अष्टम भाव शुद्ध हो।

त्याज्य - व्यतिपात, क्षयतिथि, ग्रहण, वैधृति, अमावस्या, संक्रान्ति व रिक्ता तिथि।

वधूप्रवेशो न दिवा प्रशस्तः राजप्रवेशो न निशि प्रशस्तः।

दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः सत्कीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः॥

द्विरागमन-मुहूर्त

वधुप्रवेशोपरान्त द्वितीय बार पिता के घर से पतिगृह में प्रवेश द्विरागमन कहलाता है। यह 1,2,5 इन विषम वर्षों में 1,8,11 राशि के सूर्य में सूर्य गुरु की शुद्धि देखकर शुभ वार 1,2,3,6,7,12 लग्नों में हस्त, अश्विनी, रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृगशिरा, स्वाती, पुनर्वसु, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, मूल, चित्रा, अनुराधा नक्षत्रों में शुभ माना गया है।

वर्ष - विषम (5 वर्ष तक)

मास - 1 8 11 राशि के सूर्य में सूर्य गुरु की शुद्धि

तिथि - 1,2,3,5,6,7,8,10,11,12,15

वार - सोम, बुध, गुरु एवं शुक्र

लग्न - 1,2,3,6,7,12

नक्षत्र - हस्त, अश्विनी, रेवती, तीनों उत्तरा रोहिणी, मृगशिरा, स्वाती, पुनर्वसु, पुष्य, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, मूल, चित्रा, अनुराधा

त्याज्य - सम्मुख तथा दक्षिण शुक्र। (रेवती से मृगशिरा तक चन्द्र के रहने पर शुक्र शुभ हो जाता है। (सामान्य अवस्था में त्याज्य)

यात्रा मुहूर्त्त

शुभतिथि	शुक्लपक्ष 2, 3, 5, 7, 10, 11, 13, 15
	कृष्णपक्ष 1, 2, 3, 5, 7, 10, 11, 13
शुभवार	सोम, बुध, गुरु, शुक्र श्रेष्ठ
शुभनक्षत्र	अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, अनु., श्रव., धनि., रेव.

यात्रा काल में सूर्य विचार

सूर्य स्थिति	**यात्रा फल**
मेष, सिंह, धनु	प्रशस्त
वृष, मिथुन, तुला, मकर कुम्भ मीन	मध्यम
कर्क, वृश्चिक, मीन	अधम

यात्रा काल में चन्द्रविचार

दिशा	**चन्द्र की राशि में स्थिति**
पूर्व	मेष, सिंह, धनु
दक्षिण	वृष, कन्या, मकर
पश्चिम	मिथुन, तुला, कुम्भ
उत्तर	कर्क, वृश्चिक, मीन

चन्द्र स्थिति वश फल

चन्द्र स्थिति	**यात्रा फल**
सन्मुख	अर्थलाभ
दक्षिण भाग	सुख-सम्पत्ति
पृष्ठ भाग	प्राण हानि
वाम भाग	धन नाश

यात्रा मे दिशाशूल विचार

दिशा	**त्याज्य वार**
पूर्व	शनि, चन्द्र
दक्षिण	गुरु
पश्चिम	शुक्र, रवि
उत्तर	बुध, मंगल

दिशाशूल परिहार वाक्य

न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवकराणाम्।

दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः॥

सूर्यवारे घृतं प्राश्य चन्द्रवारे पयस्तथा

गुड़मंगारकेवारे बुधवारे तिलान्यपि।

गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि

माषान्भुक्त्वा शनेर्वारे गच्छञ्छूले न दोषभाक्।।

गृह-निर्माण मुहूर्त

भूमि परीक्षण - इष्ट भूमि पर जहां मकान का निर्माण होना है एक हाथ गहरा एक हाथ लम्बा एक हाथ चौडा गढ्ढा बनावें। उसको पानी से पूर्ण कर दें। प्रात: वेला में उसे देखें। यदि जल युक्त पूर्ण हो तो शुभ निर्जल मध्यम तथा निर्जल छिन्न भिन्न हो तो अशुभ भूमि।

शुभ मास - वैशाख, श्रावण, मार्गशीर्ष, माघ ,फाल्गुन, एवं मेष, वृष कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, मकर, कुम्भ सूर्य रहते गृहाराम्भ शुभ तथा भाद्रपद-कार्तिक मास भी समान्यतया मान्य है।

शुभतिथि -2, 3, 5, 6, 7, 10, 11, 12, 13, 15 तथा कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा।

शुभवार - चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, शनि।

शुभनक्षत्र - रोहि., मृग., चित्रा, हस्त, स्वा., अनु., उत्तरा 3, धनि, शत, रेवती तथा पुष्य।

शुभ लग्न - मेष मिथुन सिंह कन्या वृश्चिक कुम्भ मीन तथा लग्न बल हेतु केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभ ग्रह तथा 3 6 11 में पाप ग्रह एवं अष्टम स्थान शुद्ध होने पर नवीन भवन निर्माण शुभद रहता है।

भूशयन गणना क्रम -सूर्य जिस नक्षत्र में रहें उससे 5, 7, 9, 12, 19, 26 इन दिन नक्षत्रों में पृथ्वी शयन शील रहती है। इन नक्षत्रों में भी क्रमश: 4, 8, 5, 3, 6, 7 घटी कालांश मात्र में भूशयन शेष घटियों में सुप्त नही इनमें कूप, तडाग, बीज वपन, हल चलाना, खनननेष्ट है।

भूशयने मतान्तरम् - इष्ट सूर्य संक्रान्ति से 5, 7, 11, 9, 15, 20, 22 ,23, 28 इन दिनों में धरती शयन दोष कतिपय विद्वान 5, 7, 9, 15, 21, 24 दिन मात्र में ही भूशयन मानते है।

गृहारम्भे वृषभ वत्स गणना - सूर्य नक्षत्र से इष्ट दिन नक्षत्र गणना 7 तक अशुभ, तदग्रे 11 तक शुभ तदग्रे 10 गणना तक अशुभ, अभिजित सहित गणना करना चाहिए।

भूमि क्रय विक्रय मुहूर्त्त - दोनो पक्ष की 5, 6, 10, 11, 15 तथा कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा। गुरु तथा शुक्रवार एवं मृग., पुन., आश्ले., मघा, विशा., अनु., 3पूर्वा, मूल, रेव. आदि नक्षत्रो में भूमि खरीदना व बेचना शुभ फल देता है।

अग्निवास विशेषता - नित्य नैमित्तिक कार्य, जन्म समय, दूर्गा पूजा, यात्रा, विवाह, ग्रहणरोग, पीड़ा तथा दुर्भिक्ष शान्ति यज्ञ विवाह याज्ञोपवीत आदि में अग्निवास का विचार नहीं करें।

विवाहयात्राव्रतगोचरेषु चूड़ोपनीतिग्रहणे यंक्तगादौ:।

दुर्गाविधाने च सुतप्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिंतनीयम्।।

नवीन गृह प्रवेश मुहूर्त्त

मास - वैशाख, ज्येष्ठ, माघ, फाल्गुन आदि चान्द्र मास विशेष शुभ तथा कार्तिक मार्गशीर्ष मास सामान्यतया मान्य हैं

तिथि - चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी रहित सभी तिथि मान्य

शुभ लग्न -वृष, सिंह, वृश्चिक, कुम्भ लग्नों में सामान्यत: 3 6 9 12 लग्नों में भी मान्यता। लग्न से 1, 2, 3, 4, 5, 7, 9, 10 इन स्थानों शुभ ग्रह तथा 3, 6, 11 भावों में पाप ग्रह रहे तथा चन्द्रमा 1, 4, 6, 8, 12 स्थानों में नहीं होवें तथा चतुर्थ अष्टम भाव शुद्ध हो। जन्म राशि से अष्टम राशि का लग्न न हो तथा

कलश चक्र की शुद्धि देखकर सन्मुख में गाय, कन्या , जलपूर्ण कलश, पुष्पमाला, श्रीफल सहित वेदध्वनि, मार्गलिक गायन वाद्य के साथ नवगृह प्रवेश शुभ है।

शुभ वार - चन्द्र बुध, गुरु, शुक्र, शनि

शुभ नक्षत्र -रोहि., मृग., चि., अनु., उत्तरा 3 तथा रेवती विशेष शुभ एवं जीर्ण गृह में पुष्य स्वाति धनिष्ठा शतभिषा भी मान्य है।

कलशचक्र गणना - अभिजित नक्षत्र रहित करे सूर्य नक्षत्र से इष्ट दिन नक्षत्र गणना 5 तक अशुभ, अग्रिम 8 तक शुभ, तदग्रे 8 तक अशुभ एवं आगे 6 तक शुभ शुद्धि गणना समझे।

खात विचार

देवालय निर्माण में सूर्य राशि के अनुसार राहु मुख विचार				
सूर्य राशि	मेष, वृष,मिथुन	कर्क,सिंह,कन्या	तुला,वृश्चिक,धनु	मकर,कुम्भ,मीन
राहु मुख	ईशान कोण	वायव्य कोण	नैऋत्य कोण	आग्नेय कोण
खात दिशा	आग्नेय कोण	ईशान कोण	वायव्य कोण	नैऋत्य कोण

गृह निर्माण में सूर्य राशि के अनुसार राहु मुख विचार				
सूर्य राशि	सिंह,कन्या,तुला	वृश्चिक,धनु,मकर	कुम्भ,मीन,मेष	वृष,मिथुन,कर्क
राहु मुख	ईशान कोण	वायव्य कोण	नैऋत्य कोण	आग्नेय कोण
खात दिशा	आग्नेय कोण	ईशान कोण	वायव्य कोण	नैऋत्य कोण

जलाशय निर्माण में सूर्य राशि के अनुसार राहु मुख विचार				
सूर्य राशि	मकर,कुम्भ,मीन	मेष, वृष,मिथुन	कर्क,सिंह,कन्या	तुला,वृश्चि.,धनु
राहु मुख	ईशान कोण	वायव्य कोण	नैऋत्य कोण	आग्नेय कोण
खात दिशा	आग्नेय कोण	ईशान कोण	वायव्य कोण	नैऋत्य कोण

काकिणी विचार

स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत् अष्टभि: हरेद् भागं योऽधिक: स ऋणी भवेत्।।

गांव के नाम वर्ग संख्या एवं गृहस्वामी के नाम वर्ग संख्या को अलग-अलग दुगुना करके परस्पर एक दूसरे की वर्ग संख्या में जोड़कर आठ से भाग देने पर शेष में जो भी अधिक हो उसे हानि होगी। तात्पर्य यह है कि गृहस्वामी की संख्या यदि स्थान के नाम की संख्या से अधिक है तो वहां निवास करने से उस व्यक्ति विशेष को हानि होगी। निम्नलिखित आधार पर वर्गों की संख्या एवं वर्णों को तथा सारणी द्वारा निवास के लिए शुभाशुभ फल को जानना चाहिए -

अवर्ग = 1 - सभी स्वर
कवर्ग = 2 - क,ख,ग,घ,ङ
चवर्ग = 3 - च,छ,ज,झ,ञ
टवर्ग = 4 - ट,ठ,ड,ढ,ण
तवर्ग = 5 - त,थ,द,ध,न
पवर्ग = 6 - प,फ,ब,भ,म
यवर्ग = 7 - य,र,ल,व
शवर्ग = 8 - श,ष,स,ह

स्थान	अवर्ग	अवर्ग	अवर्ग	अवर्ग	अवर्ग	अवर्ग	अवर्ग	अवर्ग
गृहस्वामी	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
फल	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

स्थान	कवर्ग	कवर्ग	कवर्ग	कवर्ग	कवर्ग	कवर्ग	कवर्ग	कवर्ग
गृहस्वामी	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
फल	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ

स्थान	चवर्ग	चवर्ग	चवर्ग	चवर्ग	चवर्ग	चवर्ग	चवर्ग	चवर्ग
गृहस्वामी	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
फल	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ

स्थान	टवर्ग	टवर्ग	टवर्ग	टवर्ग	टवर्ग	टवर्ग	टवर्ग	टवर्ग
गृहस्वामी	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
फल	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ

स्थान	तवर्ग	तवर्ग	तवर्ग	तवर्ग	तवर्ग	तवर्ग	तवर्ग	तवर्ग
गृहस्वामी	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

स्थान	पवर्ग	पवर्ग	पवर्ग	पवर्ग	पवर्ग	पवर्ग	पवर्ग	पवर्ग
गृहस्वामी	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ

स्थान	यवर्ग	यवर्ग	यवर्ग	यवर्ग	यवर्ग	यवर्ग	यवर्ग	यवर्ग
गृहस्वामी	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
फल	शुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ

स्थान	शवर्ग	शवर्ग	शवर्ग	शवर्ग	शवर्ग	शवर्ग	शवर्ग	शवर्ग
गृहस्वामी	अवर्ग	कवर्ग	चवर्ग	टवर्ग	तवर्ग	पवर्ग	यवर्ग	शवर्ग
फल	अशुभ	अशुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	शुभ	शुभ

तिथि एवं वार के योग से बनने वाले विभिन्न शुभाशुभ योग

योग / वार	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
सिद्धि योग	–	–	3, 8, 13	2, 7, 12	5, 10, 15	1, 6, 11	4, 9, 14
मृत्यु योग	1, 6, 11	2, 7, 12	1, 6, 11	3, 8, 13	4, 9, 14	2, 7, 12	5, 10, 15
विष योग	4	6	7	2	8	9	7
हुताशन योग	12	6	7	8	9	10	11
क्रकच योग	12	11	10	9	8	7	6

नक्षत्र एवं वार के योग से बनने वाले विभिन्न शुभाशुभ योग

योग / वार	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	गुरुवार	शुक्रवार	शनिवार
दग्ध योग	भरणी	चित्रा	उत्तराषाढ़ा	धनिष्ठा	उत्तराफाल्गुनी	ज्येष्ठा	रेवती
यमघंट योग	मघा	विशाखा	आर्द्रा	मूल	कृत्तिका	रोहिणी	हस्त
सर्वार्थसिद्धि योग	अश्वि. पुष्य हस्त मूल उत्तरा-3	श्रवण रोहिणी मृग. पुष्य अनुराधा	अश्वि. उ.भा. कृत्ति. आश्ले.	रोहिणी अनु. हस्त कृत्ति. मृग.	रेवती अनु. अश्वि. पुन. पुष्य	रेवती अनु. अश्वि. पुन. श्रवण	श्रवण रोहिणी स्वाती

नन्दा च भद्रा च जया च रिक्ता ....सितज्ञभौमार्किगुरौ च सिद्धाः । मु. चि., 1.4
नन्दा भद्रा नन्दिकाख्या .... रवेर्दग्धभं स्यात् । मु. चि., 1.5
षष्ठ्यादितिथियो ....रदधावने । मु. चि., 1.6
सूर्येश.................त्वश्यम् । मु. चि., 1.8,9
सूर्येऽर्कमूलोत्तरपुष्यदास्रं .... सर्वाथसिद्ध्यै कथितानि पूर्वैः । मु. चि., 1.28,29

गण्डमूल नक्षत्र-घटी बोधक चक्र

अश्विनी, मघा, मूल की आरम्भिक 3, 4, 9 घटी एवं रेवती, आश्लेषा, ज्येष्ठा की अंतिम 12, 11, 6 घटी गण्डमूल संज्ञक होती हैं।

नक्षत्र	अश्विनी	मघा	मूल	रेवती	आश्लेषा	ज्येष्ठा
घटी	3	4	9	12	11	6
स्थिति	आरम्भिक	आरम्भिक	आरम्भिक	अंतिम	अंतिम	अंतिम

षोडश कक्ष व्यवस्था

ईशान — पूर्व — आग्नेय

मन्दिर	भण्डार कक्ष	स्नानगृह	दधिमन्थनकक्ष	रसोईघर
औषधि कक्ष				घी/तेल कक्ष
कोषागार				शयन कक्ष
रतिकक्ष				शौचालय
धान्य/पशुशाला	रोदन कक्ष	भोजनगृह	अध्ययनकक्ष	शस्त्र/भण्डार

उत्तर (बायाँ) — दक्षिण (दायाँ)

वायव्य — पश्चिम — नैऋत्य

विंशोत्तरी महादशा एवं अन्तर्दशा बोधक चक्र

सूर्य 6 वर्ष कृ.,उ.फा.,उ.षा.				चन्द्र 10 वर्ष रोहि.,हस्त,श्रव.				मंगल 7 वर्ष मृग.,चित्रा,धनि.				राहु 18 वर्ष आ.,स्वा.,शत.				गुरु 16 वर्ष पुन.,विशा.,पू.भा.				शनि 19 वर्ष पुष्य,अनु.,उ.भा.				बुध 17 वर्ष आश्ले.,ज्ये.,रेव.				केतु 7 वर्ष मघा,मूल,अश्वि.				शुक्र 20 वर्ष पू.फा.,पू.षा.,भर.			
ग्र.	व.	मा.	दि.	ग्र.	व.	मा.	दि.	ग्र.	व.	मा.	दि.	ग्र.	व.	मा.	दि.	ग्र.	व.	मा.	दि.	ग्र.	व.	मा.	दि.	ग्र.	व.	मा.	दि.	ग्र.	व.	मा.	दि.	ग्र.	व.	मा.	दि.
सू.	00	03	18	चं.	00	10	00	मं.	00	04	27	रा.	02	08	12	बृ.	02	01	18	श.	03	00	03	बु.	02	04	27	के.	00	04	27	शु.	03	04	00
चं.	00	06	00	मं.	00	07	00	रा.	01	00	18	बृ.	02	04	24	श.	02	06	12	बु.	02	08	09	के.	00	11	27	शु.	01	02	00	सू.	01	00	00
मं.	00	04	06	रा.	01	06	00	बृ.	00	11	06	श.	02	10	06	बु.	02	03	06	के.	01	01	09	शु.	02	10	00	सू.	00	04	06	चं.	01	08	00
रा.	00	10	24	बृ.	01	04	00	श.	01	01	09	बु.	02	06	18	के.	00	11	06	शु.	03	02	00	सू.	00	10	06	चं.	00	07	00	मं.	01	02	00
बृ.	00	09	18	श.	01	07	00	बु.	00	11	27	के.	01	00	18	शु.	02	08	00	सू.	00	11	12	चं.	01	05	00	मं.	00	04	27	रा.	03	00	00
श.	00	11	12	बु.	01	05	00	के.	00	04	27	शु.	03	00	00	सू.	00	09	18	चं.	01	07	00	मं.	00	11	27	रा.	01	00	18	बृ.	02	08	00
बु.	00	10	06	के.	00	07	00	शु.	01	02	00	सू.	00	10	24	चं.	01	04	00	मं.	01	01	09	रा.	02	06	18	बृ.	00	11	06	श.	03	02	00
के.	00	04	06	शु.	01	08	00	सू.	00	04	06	चं.	01	06	00	मं.	00	11	06	रा.	02	10	06	बृ.	02	03	06	श.	01	01	09	बु.	02	10	00
शु.	01	00	00	सू.	00	06	00	चं.	00	07	00	मं.	01	00	18	रा.	02	04	24	बृ.	02	06	12	श.	02	08	09	बु.	00	11	27	के.	01	02	00

योगिनी दशा एवं अन्तर्दशा बोधक चक्र

मंगला 1 वर्ष श्रव.,आर्द्रा चित्रा			पिंगला 2 वर्ष धनि.,पुन. स्वाती			धान्या 3 वर्ष शत.,पुष्य विशा.			भ्रामरी 4 वर्ष अश्वि.,आश्ले. अनु.,पू.भा.			भद्रिका 5 वर्ष भर.,मघा ज्ये.,उ.भा.			उल्का 6 वर्ष कृत्ति.,पू.फा. मूल,रेवती			सिद्धा 7 वर्ष रो.,उ.फा. पू.षा.			संकटा 8 वर्ष मृग.,हस्त उ.षा.		
यो.	मा.	दि.	यो.	मा.	दि.	यो.	मा.	दि.	यो.	मा.	दि.	यो.	मा.	दि.	यो.	मा.	दि.	यो.	मा.	दि.	यो.	मा.	दि.
मं.	00	10	पिं.	01	10	धा.	03	00	भ्रा.	05	10	भ.	08	10	उ.	12	00	सि.	16	10	सं.	21	10
पिं.	00	20	धा.	02	00	भ्रा.	04	00	भ.	06	20	उ.	10	00	सि.	14	00	सं.	18	20	मं.	02	20
धा.	01	00	भ्रा.	02	20	भ.	05	00	उ.	08	00	सि.	11	20	सं.	16	00	मं.	02	10	पिं.	05	10
भ्रा.	01	10	भ.	03	10	उ.	06	00	सि.	09	10	सं.	13	10	मं.	02	00	पिं.	04	20	धा.	08	00
भ.	01	20	उ.	04	00	सि.	07	00	सं.	10	20	मं.	01	20	पिं.	04	00	धा.	07	00	भ्रा.	10	20
उ.	02	00	सि.	04	20	सं.	08	00	मं.	01	10	पिं.	03	10	धा.	06	00	भ्रा.	09	10	भ.	13	10
सि.	02	10	सं.	05	10	मं.	01	00	पिं.	02	20	धा.	05	00	भ्रा.	08	00	भ.	11	20	उ.	16	00
सं.	02	20	मं.	00	20	पिं.	02	00	धा.	04	00	भ्रा.	06	20	भ.	10	00	उ.	14	00	सि.	18	20

नैसर्गिकमैत्री एवं उच्च नीच चक्र

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्र	चं.,मं. गु.	सू.,बु.	सू.,चं. गु.	सू.,शु.	सू.,चं. मं.	बु.,श.	बु.,शु.
सम	बु.	मं.,गु. शु.,श.	शु.,श.	मं.,गु. श.	श.	मं.,गु.	गु.
शत्रु	शु.,श.		बु.	चं.	बु.,शु.	सू.,चं.	सू.,चं. मं.
उच्च	मे.10	वृष.03	म.28	कं.15	क.05	मी.27	तु.20
नीच	तु.10	वृ.03	क.28	मी.15	म.05	कं.27	मे.20

पुरुष कुण्डली में द्वादश भावों में स्थित ग्रह फल

भाव / ग्रह	प्रथम	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	पंचम	षष्ठ	सप्तम	अष्टम	नवम	दशम	एकादश	द्वादश
सूर्य	अंगपीड़ा	धनहानि	आरोग्य	दु:ख	सन्तानहानि	शत्रुक्षय	दुष्टपत्नी	अल्पायु	दुष्टबुद्धि	पराक्रमी	धनवान	दुष्टस्वभाव
चन्द्र	कान्तियुक्त	सम्पत्तियुक्त	कीर्तिवान्	सुखी	धन,पुत्रयुक्त	अल्पायु	सुशीलापत्नी	योगी	धर्मात्मा	तेजवान	धनवान	कामी
मंगल	रक्तविकार	ऋणी	पराक्रमी	दु:ख	पुत्रहीन	शत्रुक्षय	स्त्रीक्षय	शरीरकष्ट	पापबुद्धि	तेजवान	धनवान	दुष्टपत्नी
बुध	सुखी	धन,गुणयुक्त	शत्रुक्षय	सुखी	अल्पपुत्र	रोगयुक्त	धर्मज्ञ	गुणवान	सुखी	कीर्तिमान	धनवान	दरिद्र
बृहस्पति	विद्वान	धनागम	पापरत	सुखी	प्रतापवान	कामी	सुशीलापत्नी	नीचस्वभाव	धर्मरत	सम्पत्तियुक्त	लाभ	दुष्ट
शुक्र	सुखी	धनयुक्त	पापरत	सुखी	बुद्धिमान	रोगयुक्त	कामी	नीचस्वभाव	तपस्वी	सम्पत्तियुक्त	सुमति	रोगी
शनि	दु:खी	धनहानी	पराक्रमी	दु:खी	पुत्रहीन	शत्रुक्षय	दुष्टपत्नी	नेत्रविकार	दुष्टबुद्धि	पराक्रमी	धनवान	दु:खी
राहु	रोगी	निर्धन	पराक्रमी	मातृकष्ट	दुर्बुद्धि	बलयुक्त	पत्नीकष्ट	रोगी	दीन	मानसम्मान	सुविख्यात	पतित
केतु	कामी	दुष्ट	पराक्रमी	दु:खी	मन्दबुद्धि	बलवान	पत्नीहानी	क्लेश	पापी	पिताकीहानी	धनवान	दुर्जन

स्त्री कुण्डली में द्वादश भावों में स्थित ग्रह फल

भाव / ग्रह	प्रथम	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	पंचम	षष्ठ	सप्तम	अष्टम	नवम	दशम	एकादश	द्वादश
सूर्य	क्रोधी	दरिद्रा	सुपुत्रयुक्ता	पीड़ा	विपुत्रा	सुखिनी	दु:खकष्ट	वैधव्य	धर्मज्ञा	सुकर्मयुक्ता	लाभयुक्ता	रोगिणी
चन्द्र	अल्पायु	बहुधनयुक्ता	सुखिनी	सुभगा	सुपुत्रयुक्ता	रोगिणी	पतिप्रिया	रोगिणी	सुखिनी	धर्मज्ञा	गुणवती	हीनांगी
